फोकस
अंतरिक्ष में आफत -पेज 9

दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

वर्ष/VOL : 42 अंक : 94 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ मार्गशीर्ष 3 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | सोमवार, 18 नवंबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com

शमी टेस्ट करियर की टॉप रैंकिंग पर -पेज 11

बीरेंद्र सिंह का राज्यसभा से इस्तीफा

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू): पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने तीन दिन पहले राज्यसभा सचिवालय को अपना इस्तीफा भेज दिया था। राज्यसभा ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। बीरेंद्र सिंह मोदी सरकार के पार्टी एक में कैबिनेट मंत्री थे। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपने आईएएस बेटे बृजेन्द्र सिंह की टिकट के लिए लॉबिंग की। उनकी पत्नी प्रेमलता पहले से ही उचाना कलां से एमएलए थीं। ऐसे में पार्टी ने बीरेंद्र सिंह के सामने शर्त रखी कि बेटे को टिकट तभी मिलेगी जब वो खुद मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ेंगे। बीरेंद्र का कार्यकाल 2022 तक था।

अखनूर में आईईडी ब्लास्ट में जवान शहीद

जम्मू (हप्र) : अखनूर के प्लांवाला सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा के करीब हुए आईईडी धमाके में सेना का एक जवान शहीद हो गया और दो अन्य घायल हो गए। शहीद जवान की पहचान आगरा के संतोष कुमार के रूप में हुई है। इस बीच पुंछ जिले के शाहपुर, जम्मू सीमा के हीरानगर सेक्टर में मोर्टार से हमले किए, जिसका भारतीय सेना ने भी जवाब दिया।

हाईवे फास्टैग टोल के लिये अधिकारी तैनात होंगे

नयी दिल्ली (एजेंसी): केंद्र सरकार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से पथकर संग्रह योजना के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाते हुये सभी राज्यों में एक दिसंबर से अधिकारियों की तैनाती कर रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की पहल नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन के तहत एक दिसंबर के बाद टोल भुगतान केवल फास्टैग के जरिये इलेक्ट्रॉनिक तरीके से होगा।

दिल्ली फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 32 गिरफ्तार

नयी दिल्ली (एजेंसी): दिल्ली पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर कनाडाई पुलिस अधिकारी बताकर विदेशी नागरिकों को ठगने में कथित तौर पर शामिल 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली के मोतीनगर से ठगी के इस रैकेट को चलाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से 55 कंप्यूटर, 35 मोबाइल फोन और अन्य उपकरण के साथ अवैध सॉफ्टवेयर प्रोग्राम बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि एक कनाडाई नागरिक एलविस हेनरी ने इन धोखेबाजों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

वैले पार्किंग से वाहन चोरी होने पर होटल जिम्मेदार

नयी दिल्ली (एजेंसी) सुप्रीमकोर्ट ने एक फैसला देते हुए कहा कि 'पार्किंग अपने जोखिम पर' लिखा होने के बावजूद होटल अपने कर्मचारी या 'वैले' के जरिये पार्किंग में लगाए वाहन के चोरी होने पर मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा, 'एक बार जब वाहन होटल कर्मी या वैले के हाथ में आता है, तो उस पर दायित्व है कि वह उसे सुरक्षित हालत में लौटाए। होटल का मालिक लापरवाही के लिए जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।'

ताऊ बोल्या संदीप जोशी



झटपट छींटे मार कै नींद खोल ले, नहीं तो गब्बर आ जावैगा।

संसद का शीत सत्र आज से

नागरिकता विधेयक फिर लाने की तैयारी में सरकार

आर्थिक सुस्ती, कश्मीर की स्थिति जैसे मुद्दों पर टकराव के आसार

हरीश लखेड़ा/ ट्रिन्यू
नयी दिल्ली, 17 नवंबर

संसद के सोमवार से शुरू होने जा रहे शीतकालीन सत्र में मोदी सरकार फिर से नागरिकता संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों और विपक्षी दलों के तेवरों को देखते हुए सरकार इस बिल को संशोधनों के साथ लाएगी। संसद सत्र को सुचारु तौर पर चलाने के लिए शनिवार के बाद रविवार को भी बैठकों का दौर जारी रहा।

सर्वदलीय बैठक के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ एनडीए के घटक दलों की भी बैठक हुई। इसमें आपसी तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई। एनडीए की पुरानी सहयोगी पार्टी शिवसेना बैठक में शामिल नहीं हुई। शिवसेना का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि हम परिवार हैं, विचारधारा एक नहीं होने के बावजूद हम समान सोचने वाले लोग हैं। छोटे-छोटे विवादों से हमें परेशान नहीं होना चाहिए।

केंद्र में मोदी की दोबारा ताजपोशी के बाद संसद का यह दूसरा सत्र है। इसमें सरकार नागरिकता संशोधन समेत कई अहम बिल लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्षी दल आर्थिक मंदी, बेरोजगारी, कश्मीर में नेताओं की नजरबंदी समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके चलते सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों के नतीजों और राम मंदिर को लेकर सुप्रीमकोर्ट के फैसले का असर भी संसद में दिखेगा।

नयी दिल्ली में रविवार को ऑल पार्टी मीटिंग में भाग लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री पह्लाद जोशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद व अन्य। -प्रेट्र

जनवरी में राज्यसभा में अटक गया था बिल

मोदी सरकार ने साफ संकेत दे दिया है कि वह नागरिकता संशोधन बिल लाने के लिए संकल्परत है। यह बिल जनवरी 2019 में लोकसभा में पारित हो गया था, लेकिन राज्यसभा में अटक गया। 16वीं लोकसभा भंग होने के साथ ही यह बिल भी समाप्त हो गया। तब पूर्वोत्तर के राज्यों में इसका भारी विरोध हुआ था। पूर्वोत्तर के लोगों का मानना है कि यदि यह बिल पारित हो जाता है, तो उनकी सांस्कृतिक, भाषाई और पारंपरिक विरासत को खतरा पैदा हो जाएगा। दरअसल, इस बिल के कानून बनने के बाद, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आये हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के लोगों को 12 साल के बजाय सिर्फ 6 साल ही भारत में रहने पर भारतीय नागरिकता मिल सकेगी। विरोध को देखते हुए सरकार ने इसमें संशोधन का वादा किया है।

शिवसेना को विपक्ष की तरफ सीटें

रविवार को संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें विपक्षी दलों ने कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला की हिरासत, आर्थिक मंदी और बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाने की बात कही। बैठक के बाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार नियमों के अनुसार सभी प्रकार की बहस को तैयार है। जोशी ने कहा कि शिवसेना के मंत्री ने एनडीए सरकार से इस्तीफा दे दिया है और उन्हें विपक्ष में बैठने की जगह दी जा रही है।

पुनर्विचार याचिका दायर करेगा मुस्लिम लॉ बोर्ड और जमीयत

अयोध्या मामला दोनों संगठनों ने कहा- वैकल्पिक जमीन लेने का सवाल ही नहीं

नयी दिल्ली/ लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसी)

जमीयत उलेमा-ए-हिंद और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने अयोध्या मामले पर सुप्रीमकोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं दायर करने का फैसला किया है। दोनों संगठनों ने बाबरी मस्जिद के बदले किसी और जगह जमीन न लेने का भी फैसला किया है।

इस मुद्दे पर रविवार को लखनऊ में इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की वर्किंग कमेटी की आपात बैठक हुई। बोर्ड के सचिव जफरयाब जिलानी ने बैठक के बाद कहा, सुप्रीमकोर्ट के फैसले में कई बिंदुओं पर ना सिर्फ विरोधाभास है, बल्कि यह फैसला समझ से परे और पहली नजर में अनुचित महसूस होता है। उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश की जाएगी कि 30 दिन के अंदर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी जाए। जिलानी के अनुसार बोर्ड ने मस्जिद के बदले अयोध्या में 5 एकड़ जमीन लेने से भी साफ इनकार किया है।

उधर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने बताया कि संगठन के 5 सदस्यीय पैनल ने कानून के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया है। इसके बाद बनी राय के आधार पर फैसला लिया गया है कि पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। जमीन लेने का सवाल ही नहीं उठता।

लखनऊ में रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव जफरयाब जिलानी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए। -प्रेट्र

यह कदम माहौल बिगाड़ेगा : अंसारी

'पुनर्विचार की मांग करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि नतीजा यही रहेगा। यह कदम सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ेगा। मेरी राय बोर्ड के विचारों से अलग है। मैं इसी समय मंदिर-मस्जिद मुद्दे को समाप्त करना चाहता हूं।'

-**इकबाल अंसारी**, अयोध्या भूमि विवाद मामले के मुख्य वादी

सुप्रीमकोर्ट का फैसला माने बोर्ड : भाजपा

'मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को अयोध्या मामले पर सुप्रीमकोर्ट का फैसला मानना चाहिए। मुस्लिम समुदाय को लगता है कि यह फैसला सौहार्द बढ़ाएगा और देश को मजबूत करेगा। फैसला एकजुट करने वाला है, सभी समुदायों को इसका स्वागत करना चाहिए। क्या बोर्ड को सभी मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार मिल गया है? क्या बोर्ड ने पुनर्विचार याचिका दाखिल करने से पहले समुदाय के सदस्यों से सुझाव मांगा?

-**शाहनवाज हुसैन**, भाजपा प्रवक्ता

सुन्नी वक्फ बोर्ड नहीं दाखिल करेगा याचिका

अयोध्या मामले में प्रमुख मुस्लिम पक्षकार रहे सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने कहा कि वह ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्णय के विपरीत मसले पर न्यायालय के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका नहीं दाखिल करेगा। बोर्ड के अध्यक्ष जुफर फारूकी ने कहा कि एआईएमपीएलबी ने भले ही पुनर्विचार याचिका दायर करने का फैसला किया हो, मगर सुन्नी वक्फ बोर्ड ऐसा नहीं करने के अपने रुख पर अब भी कायम है।

श्रीलंका में गोटबाया राजपक्षे ने जीता राष्ट्रपति चुनाव, शपथ आज

कोलंबो, 17 नवंबर (एजेंसी)

श्रीलंका में गृहयुद्ध के दौरान विवादास्पद रक्षा सचिव रहे गोटबाया राजपक्षे (70) देश के नये राष्ट्रपति होंगे। देश की सत्ता में राजपक्षे परिवार की वापसी का मार्ग प्रशस्त करते उन्होंने चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार सजीत प्रेमदास को 13 लाख से अधिक मतों से हराया है। गोटबाया राजपक्षे सोमवार को देश के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेकर मैत्रीपाला सिरिसेना का स्थान लेंगे। उनके बड़े भाई महिंदा राजपक्षे 2005 से 2015 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। महिंदा ने कहा कि 2015 में अपनाये गये संविधान के 19वें संशोधन का अध्ययन करना, नयी सरकार के सबसे पहले कार्यों में से एक है।

कोलंबो में अपने निवास पर समर्थकों की ओर हाथ हिलाते राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे। -रायटर

मोदी ने दिया निमंत्रण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोटबाया राजपक्षे को फोन पर बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। राजपक्षे ने भारत के लोगों और मोदी को धन्यवाद दिया।

बड़े भाई को बनाएंगे पीएम !

गोटबाया राजपक्षे ने चुनाव जीतने पर श्रीलंका के सबसे बड़े ऋणदाता चीन के साथ 'संबंध बहाल' करने का वादा किया था। दूसरी तरफ प्रेमदास को भारत एवं अमेरिका की तरफ झुकाव रखने वाले के तौर पर देखा जाता है। अनुमान है कि इस नतीजे के बाद प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे इस्तीफा दे सकते हैं। मौजूदा संसद को कम के कम अगले साल फरवरी से पहले भंग नहीं किया जा सकता। इस तरह विक्रमसिंघे को तब तक पद से हटाया नहीं जा सकता, जब तक वह इस्तीफा नहीं दे देते। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति बनने के बाद गोटबाया राजपक्षे अपने बड़े भाई महिंदा को प्रधानमंत्री नियुक्त करेंगे।

उन्नाव में लाठीचार्ज से नाराज किसानों ने जलाया गोदाम

उन्नाव/लखनऊ, 17 नवंबर (एजेंसी)

उन्नाव जिले में ट्रांस गंगा सिटी के लिए ली गयी जमीन के मुआवजे को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों ने लाठीचार्ज से नाराज होकर रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के गोदाम और एक मिक्सर वाहन में आग लगा दी। इससे गोदाम में लाखों रुपये मूल्य के प्लास्टिक पाइप जलकर नष्ट हो गये। सपा और कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कहा कि वह किसानों का दमन करने पर तुली है। उन्नाव के अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि मुआवजे को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के बीच मौजूद कुछ अराजक तत्वों ने आग लगाई।

इससे पहले शनिवार को प्रशासन और यूपीसीडा की टीम पर किसानों ने हमला कर दिया था। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया तो ग्रामीणों ने पथराव कर दिया था।

बाल ठाकरे श्रद्धांजलि सभा

शिवसेना, भाजपा नेता एक-दूसरे से काटते रहे कन्नी

मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसी)

शिवसेना और भाजपा नेताओं ने दिवंगत शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे को रविवार को यहां शिवाजी पार्क में उनकी सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। हालांकि, दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के सामने आने से बचते दिखे। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे समेत उनके परिवार के सदस्यों ने अन्य पार्टी नेताओं के साथ शिवाजी पार्क में जाकर बाल ठाकरे के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। शिवसेना के नेता सुबह 10 से 12 बजे के बीच स्मारक पहुंचे, वहीं भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस, विनोद तावड़े तथा पंकजा मुंडे एक बजे वहां पहुंचे।

आज सोनिया गांधी से मिलेंगे पवार

पुणे (एजेंसी) : राकांपा के प्रवक्ता नवाब मलिक ने रविवार को पार्टी की कोर कमेटी की बैठक के बाद कहा कि महाराष्ट्र में सरकार गठन पर चर्चा के लिए पार्टी प्रमुख शरद पवार सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलेंगे। इस बीच, पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा में गये कई नेता, दोबारा उनके संपर्क में हैं, लेकिन सिर्फ 'योग्यता' के आधार पर ही वापसी होगी।

फडनवीस के खिलाफ नारेबाजी

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस रविवार को जब शिवाजी पार्क में बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि देने के बाद लौट रहे थे, तब शिवसेना के कुछ कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। शिवसेना के कुछ कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले के नजदीक आकर विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उनके नारे- 'मैं मुख्यमंत्री के रूप में वापस लौटूंगा, को मराठी में लगाने लगे।'

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पहली बैठक

कैबिनेट आज, हो सकते हैं कई फैसले

इससे पहले केवल सीएम और डिप्टी सीएम की हुई थी मीटिंग

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
चंडीगढ़, 17 नवंबर

हरियाणा मंत्रिमंडल की पहली बैठक सोमवार को चंडीगढ़ में होगी। सीएम मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं। प्रदेश में नयी सरकार बनने और कैबिनेट गठन के बाद यह पहली बैठक होगी। इससे पूर्व कैबिनेट की एक बैठक तो हो चुकी है लेकिन इसमें केवल सीएम मनोहर लाल खट्टर और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ही थे।

इस लिहाज से सोमवार को होने वाली कैबिनेट पहली भी होगी और फुल कैबिनेट भी होगी। हाल ही में सरकार ने कैबिनेट का विस्तार किया है। छह कैबिनेट सहित चार राज्य मंत्रियों को शपथ ग्रहण करवाई गई है। हालांकि अभी तक मंत्रियों ने अपने विभागों की बैठक भी नहीं ली है। माना जा रहा है कि पहली बैठक में बहुत अधिक फैसले नहीं होंगे। अलबत्ता सीएम खुद सभी मंत्रियों को कैबिनेट बैठकों के बारे में समझाएंगे और विभाग की बारीकियों से भी उन्हें रूबरू कराएंगे।

सूत्रों का कहना है कि प्राइवेट कंपनियों और उद्योगों में राज्य के युवाओं को नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर सरकार गंभीरता से काम कर रही है। अगर कोई तकनीकी परेशानी नहीं आई तो पहली कैबिनेट में ही इस पर मंत्रणा संभव है। यहां बता दें कि मौजूदा कैबिनेट में सीएम खट्टर, गृह मंत्री अनिल विज तथा सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल को छोड़कर बाकी सभी नये चेहरे हैं।

बिजली मंत्री चौ. रणजीत सिंह जरूर पहले मंत्री रह चुके हैं लेकिन अब करीब 33 वर्षों का गैप आ चुका है। शिक्षा मंत्री बने कंवरपाल गुर्जर, खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में स्पीकर तो रहे हैं लेकिन मंत्रालय चलाने का अनुभव उन्हें भी नहीं है। बहरहाल, नये मंत्रियों में इस बैठक को लेकर उत्साह है। उनकी पहली कोशिश तो यही रहेगी कि कुछ सीखने को मिले ताकि आगे किसी तरह की दिक्कत न आए।

इसी सप्ताह लेंगे मंत्रालयों से रिपोर्ट

सीएम व डिप्टी सीएम सहित कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने विभागवार बैठकें बुलाने का शैड्यूल तय कर लिया है। सोमवार को कैबिनेट की बैठक के बाद भी कुछ विभागों की बैठक होंगी। इसके बाद मंगलवार से शुक्रवार तक कई विभागों के मंत्रियों ने मंत्रालयों में चल रही योजनाओं के साथ-साथ विकास परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट लेकर आने को कहा है।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग खुला

बनिहाल/जम्मू, 17 नवंबर (एजेंसी)

भीषण भूस्खलन के कारण तीन दिन तक जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहने के बाद रविवार दोपहर को इसे फिर से वाहनों की आवाजाही के लिये खोल दिया गया, जिससे 4500 से अधिक वाहन आगे के लिए रवाना हुए। इनमें से अधिकतर वाहन सेब से लदे ट्रक हैं। 270 किलोमीटर लंबा राजमार्ग देश के बाकी हिस्सों को कश्मीर से जोड़ने का एकमात्र जरिया है। भूस्खलन के कारण राजमार्ग पर डिगडोल के पास जमा मलबा शनिवार दिन में करीब तीन बजे साफ करा दिया गया।

हालांकि बारिश के चलते राजमार्ग पर रुक-रुक गिरती चट्टानों के कारण डिगडोल, मरूग और पंथियाल में कई जगहों पर यातायात का मुक्त प्रवाह बाधित है। मौसम में सुधार के साथ दोनों ओर से हल्के मोटर वाहनों को जाने की अनुमति दे दी गयी।

अमेरिकी रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ, हिंद-प्रशांत पर बात

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क टी एस्पर के साथ रविवार को बैंकॉक में मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हालात समेत रणनीतिक महत्व के कई मामलों एवं द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर बातचीत की।

अधिकारियों ने यहां बताया कि यह बैठक 'आसियान डिफेंस मिनिस्टर्स मीटिंग-प्लस' (एडीएमएम-प्लस) से पहले हुई। एडीएमएम-प्लस में आसियान और भारत समेत इसके 8 अन्य वार्ता साझीदार शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने जापान के अपने समकक्ष तारो कानो के साथ भी एक अलग बैठक की और दोनों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर बातचीत की।

उन्होंने ट्वीट किया, 'अमेरिका के रक्षा मंत्री डॉ. मार्क टी एस्पर के साथ आज बैंकॉक में मुलाकात शानदार रही। हमने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर बातचीत की।'

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सिंह ने अपने अमेरिकी समकक्ष से कहा कि वह वाशिंगटन में अगले महीने दोनों देशों के बीच विदेश एवं रक्षा मंत्री स्तरीय 'टू प्लस टू' वार्ता के तहत विचार विमर्श के दौरान ठोस बातचीत करना चाहते हैं।

बैंकॉक में रविवार को ऑस्ट्रेलिया की रक्षामंत्री लिंडा रेनोल्ड्स के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। -प्रेट्र

भारत और अमेरिका के बीच पहली 'टू प्लस टू' वार्ता पिछले साल सितंबर में यहां हुई थी। सिंह ने भारत एवं अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों पर खुशी व्यक्त की और कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, आतंकवाद की रोकथाम और लोगों के बीच आपसी संबंध समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा है। सिंह और एस्पर ने क्षेत्रीय सुरक्षा और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से जुड़े कई अहम मामलों पर भी बात की।

epaper.dainiktribuneonline.com

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

हरियाणा में बनेगा 'विदेश सहयोग विभाग'

नयी दिल्ली में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हरियाणा मंडप का अवलोकन करते हुए।

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा में निवेश व निर्यात को नई दिशाएं देने के लिए 'विदेश सहयोग विभाग' स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को प्रगति मैदान में 39 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा के स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या के मौके पर इसकी घोषणा की।

■ कहा, हरियाणा उद्यमियों के लिए अवसरों की धरती बना

उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित विदेश सहयोग विभाग राज्य में विदेशी निवेशकों व विदेश में निवेश करने वाले हरियाणा के निवेशकों को प्रत्येक दृष्टि से सहयोग करेगा। विशेषकर कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित किए जाने की दिशा में विदेश सहयोग विभाग कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा और हरियाणा की कृषि अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। अप्रवासी भारतीयों को भी विदेश सहयोग विभाग सहयोग व सहायता करेगा। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा मंडप की थीम 'ईज ऑफ डूईंग बिजनेस' को लेकर कहा कि वर्तमान में प्रदेश उद्यमियों के लिए अवसरों की धरती बन चुकी है। उन्होंने हरियाणा के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किए जाने पर हरियाणा के कला एवं संस्कृति विभाग की प्रशंसा की और विभाग के लिए मौके पर ही 5 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। उन्होंने हरियाणा मंडप का दौरा कर अवलोकन किया। हरियाणा प्रदेश का मंडप आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस दौरान हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक व फरीदाबाद की मंडलायुक्त डॉ. जी अनुपमा, उपायुक्त व कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक व अतिरिक्त सचिव यशेंद्र सिंह व प्राधिकरण के महाप्रबंधक अनिल चौधरी मौजूद रहे।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक

इस हफ्ते चुनाव नतीजों की समीक्षा करेगी भाजपा

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा प्रदेश भाजपा इस सप्ताह विधानसभा चुनाव नतीजों की समीक्षा करेगी। इसके लिए विधानसभा स्तर से प्रांत स्तर तक 19 से 23 नवंबर तक बैठकों के दौर चलेंगे। प्रदेश में सरकार गठन के बाद प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी की यहां पहली बैठक में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव को पूरा करने का फैसला किया गया।

यहां हरियाणा भवन में प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष तथा प्रदेश प्रभारी महासचिव अनिल जैन शामिल हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला समेत कोर कमेटी के लगभग सभी सदस्य शामिल हुए। प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर को कोर कमेटी का नया सदस्य बनाया गया है। इस बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष बराला ने कहा कि किन्हीं कारणवश राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के देरी से आने के कारण चुनाव नतीजों की ज्यादा समीक्षा नहीं हो पाई। अब बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक विधानसभा स्तर पर शक्ति केंद्र स्तर से बड़े कार्यकर्ताओं की बैठकें कर समीक्षा की जाएगी। ये बैठकें 19 से 22 नवंबर तक होंगी। इसके बाद प्रदेश स्तर पर 22 व 23 नवंबर को बैठकें हो सकती हैं। इसके अलावा भाजपा संगठन के चुनाव के लिए सक्रिय सदस्य बनाने के रुके काम को आगे बढ़ाएगी।

हरियाणा में भाजपा की दोबारा सरकार बनाने और कैबिनेट गठन के बाद भाजपा कोर कमेटी की यह पहली बैठक थी। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, रतन लाल कटारिया, कैबिनेट मंत्री अनिल विज व कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, कैप्टन अभिमन्यु, ओपी धनखड़, सांसद संजय भाटिया व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भाजपा-जजपा सरकार पर बोले हुड्डा

भानुमति का कुनबा है गठबंधन सरकार, देखेंगे कैसा काम करेगा

सोनीपत, 17 नवंबर (हप्र)

हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा। हुड्डा ने कहा कि अभी तक कुनबा जुड़ा है, अब देखते हैं यह क्या काम करते हैं। गठबंधन की सरकार जनता से किए वादों को पूरा करेगी, तो उनकी प्रशंसा करेंगे और मुकरी तो सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई जाएगी।

■ कहा- सरकार वादे पूरा करेगी तो उसकी प्रशंसा की जाएगी

हुड्डा गुमड गांव में एक पारिवारिक समारोह में पहुंचे थे। डिप्टी सीएम के बयान पर उन्होंने कहा कि पहले सरकार कुछ करके तो दिखाए, इसके बाद ही विपक्ष की भूमिका शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार जनता से किए वादों को पूरा नहीं करती है, तो विपक्ष के नेता प्रदेश की जनता की आवाज उठाने का काम करेंगे।

पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने किसान की फसल की राशनिंग कर दी है। यह बेहूदा मजाक किसान के साथ किया गया है। उन्होंने कहा जो दुर्दशा किसान की भाजपा की सरकार में हुई है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। धान, कपास, बाजरा और गन्ना उत्पादक किसान आज मारा-मारा फिर रहा है। इस मौके पर पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, महेंद्र चोपड़ा, मनोज रिढाऊ, डॉ. नवीन, सुरेश भारद्वाज, जयपाल कादियान, हवा सिंह ठेकेदार व अन्य मौजूद रहे।

सोनीपत के गांव गुमड़ में रविवार को नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ग्रामीणों के साथ। -हप्र

विपक्ष का काम सही रास्ता दिखाना

हुड्डा ने कहा कि विपक्ष का काम जनता की आवाज उठाने का और सरकार को सही रास्ता दिखाने का होता है। इस काम को कांग्रेस बखूबी करेगी। इसके लिए सदन से लेकर सड़क तक जनता की आवाज को उठाया जाएगा। हुड्डा ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और कहा कि वे चिंता न करें, विपक्ष उनके साथ है और हर मुद्दे पर सरकार को चेताने का काम करेंगे।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा

जनता ने हुड्डा को विपक्ष में बैठाया है, ड्राइंग रूम की राजनीति न करें

सोनीपत/रोहतक, 17 नवंबर (हप्र/निस)

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जवाब देते हुए कहा कि आरोप लगाना बहुत आसान है, लेकिन समस्या का समाधान करना मुश्किल। आज जनता ने उन्हें विपक्ष में बिठाया है, इसलिए वे ड्राइंग रूम की राजनीति करने की बजाय मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएं। दुष्यंत चौटाला रविवार को सोनीपत के जाट जोशी गांव में एक सामाजिक समारोह में पहुंचे और पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोमवार को पूर्ण मंत्रिमंडल की पहली बैठक है और इसमें ग्रामीण विकास, शराबबंदी और अन्य विषयों पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर जजपा नेता डा. केसी बांगड़, पदम सिंह दहिया, राजकुमार रिढाऊ, अजीत आंतिल व अन्य मौजूद रहे। वहीं रोहतक में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने बारे में सोचना चाहिए।

■ बोले-हुड्डा सरकार की चिंता न करें अपितु अपने बारे में सोचें

उपमुख्यमंत्री ने यहां अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। जिला प्रशासन की ओर से सिंचाई विश्राम गृह में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज स्थित अध्यापक पात्रता परीक्षा केंद्र का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चौटाला ने कहा कि कैबिनेट बैठक में यह पहला फैसला हुआ था कि परीक्षा का केंद्र 50 किलोमीटर की परिधि में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएंगी।

सोनीपत के गांव जाट जोशी में रविवार को सामाजिक समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। -हप्र

एचटैट का सफल संचालन पहली कामयाबी

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के सभी जिलों में एचटैट की परीक्षा का सफल संचालन नई सरकार की पहली कामयाबी है। इस बार बच्चों को अपने जिलों के बाहर परीक्षा देने नहीं जाना पड़ा वहीं शादीशुदा महिला परीक्षार्थियों के गले से मंगलसूत्र व चूड़ा भी इस बार नहीं निकलवाया गया। उन्होंने बताया कि सरकार के न्यनूतम साझा कार्यक्रम के लिए कमेटी का गठन हो चुका है।

शिक्षा विभाग में मिनिस्टीरियल स्टाफ की पदोन्नति का मामला

साल भर से सूची का इंतजार, कल निदेशक से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

पंचकूला, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

सेकेंडरी शिक्षा निदेशालय ने फील्ड के मिनिस्टीरियल स्टाफ की पदोन्नति सूची एक साल से जारी नहीं की है। इसके विरोध में 19 नवंबर को हेमसा का प्रतिनिधिमंडल निदेशक से मिलने के बाद शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर हालात को जाहिर करेगा।

■ आरोप- महिला स्टाफ को चाइल्ड केयर लीव देने में हो रहा भेदभाव

हरियाणा एजुकेशन मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) की राज्य प्रधान शर्मिला हुड्डा व महासचिव सतीश सेठी ने बताया कि फील्ड में उप अधीक्षक के 40 से ज्यादा पद लंबे समय से खाली हैं। जनवरी 2019 से पात्र कर्मचारियों के पदोन्नति मामले लंबित हैं। इस दौरान केंद्र व प्रदेश में नई सरकार भी बन गई लेकिन शिक्षा सदन की अफसरशाही 40 कर्मचारियों की प्रमोशन नहीं कर सकी।

सालभर से फाइल शिक्षा सदन में एक से दूसरी शाखा का चक्कर काट रही है। उप अधीक्षक की सूची जारी न होने के कारण उसके बाद होने वाले सहायक पद पर भी प्रमोशन रुकी हुई है। सहायकों के 200 से ज्यादा पद खाली हैं, जिससे एक ओर जहां फील्ड के कार्यालयों का काम तो प्रभावित हो ही रहा है, दूसरी ओर अनेक पात्र कर्मचारी पदोन्नति के इंतजार में रिटायर होकर घर चले गए हैं। हेमसा नेताओं के अनुसार आंकड़ा सहायक के मामले फरवरी 2019 से सदन में धूल फांक रहे हैं। प्राइवेट कंपनी को एमआईएस पोर्टल के नाम पर करोड़ों रुपए का भुगतान तो कर दिया गया लेकिन उससे एक क्लर्क की सीनियोरिटी लिस्ट को अपडेट नहीं कराया जा सका। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला मिनिस्टीरियल स्टाफ को चाइल्ड केयर लीव देने में भेदभाव किया जा रहा है। यही नहीं बिना किसी जांच के बदले की भावना से लिपिकों को निलंबित कर दिया जाता है जिसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। हेमसा के उपप्रधान संदीप सांगवान व उपमहासचिव हितेंद्र सिहाग के अनुसार सरकार के मुख्य सचिव की साफ हिदायत है कि विभागीय संगठनों से हर तीन महीने में एक बार जरूर समस्याओं के समाधान के लिए बैठक की जाए। परंतु यहां बातचीत करने के लिए भी धरना-प्रदर्शन करना पड़ता है।

हेमसा की उप प्रधान मुकेश खर्ब व कैशियर कमलजीत बख्तुआ ने कहा कि शिक्षा सदन की मनमर्जी चलती है कि वह फील्ड मिनिस्टीरियल स्टाफ की एसोसिएशन से बात करे या न करे। इस कार्यप्रणाली से कर्मचारियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

सरकार कर्मियों की मांगों को पूरा करे : महासंघ

हिसार (हप्र): हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय महासचिव वीरेंद्र सिंह धनखड़ व प्रदेश उप महासचिव कुलदीप शर्मा ने सोमवार को खट्टर सरकार की मंत्रिमंडल बैठक में कर्मचारी वर्ग की लंबित प्रमुख मांगों को लागू करने की मांग की है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेश के विकास में कर्मचारी वर्ग का अहम योगदान है। निर्वाचित सरकार का दायित्व बनता है कि वह सरकारी कर्मचारियों की मांगें जिन्हें चुनाव घोषणा पत्र में दर्ज करने के बावजूद धरातल पर लागू नहीं किया गया है, को अमलीजामा पहनाए। उन्होंने आशा जताई कि नई सरकार निजीकरण जैसी जनविरोधी नीतियों पर रोकथाम लगाते हुए उपरोक्त मांगों को पहली बैठक में लागू करने बारे ठोस कदम उठाएगी, जिससे लाखों कर्मचारियों व सरकार में सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रह सके।

सरस्वती नदी में पानी के ई-फ्लो के लिए सरकार संकल्पित : कटारिया

केंद्रीय जलशक्ति एवं सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रतनलाल कटारिया

कुरुक्षेत्र, 17 नवंबर (हप्र)

सरस्वती नदी में पानी के ई-फ्लो के लिए सरकार संकल्पित है। ई-फ्लो के लिए जल्द ही आदिबद्री में एक डैम बनाए जाने की योजना है। इस योजना को केन्द्रीय सरकार के जल मंत्रालय द्वारा भी हरी झंडी दे दी गई है। यह जानकारी केंद्रीय जलशक्ति और सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रत्नलाल कटारिया ने यहां दी। उन्होंने बताया कि योजना को जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि जिस प्रकार से गंगा में पानी बहता है उसी प्रकार यमुना नदी में भी शुद्ध पानी बहे, इसके लिए भी उनका विभाग योजना तैयार कर रहा है। हथनीकुंड बैराज से लेकर ओखला बैराज तक एक योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हिमालय के ग्लेशियरों से गंगा में पानी आता है उसी प्रकार यमुना में भी पानी आता है लेकिन वर्षा काल के 3-4 मास को छोड़कर यमुना नदी सूखी रहती है। यह दिल्ली, आगरा तक प्रदूषण का घर बन जाती है।

उन्होंने कहा कि इस नदी पर भी काम करने के लिए विभाग को इनपुट दिया गया है। इस बार वर्षा काल में अधिक पानी आने के कारण हथनीकुंड बैराज के द्वार खोलने पड़े थे और पानी समुद्र में चला गया था। इसको देखते हुए अब उनका विभाग यमुना पर जल संरक्षण के कुछ प्वाइंट खड़े करने की योजना पर काम कर रहा है। यदि ये प्वाइंट खड़े होते हैं तो पूरा साल पानी धीरे-धीरे चलेगा और यह योजना यमुना में ई-फ्लो के सपने को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन सभी योजनाओं के लिए विभाग की बैठक हो चुकी है। वैज्ञानिक तरीके से ई-फ्लो पर काम करने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि नल से जल योजना पर भी काम हो रहा है। 2024 तक नल से जल योजना को इसी प्रकार सफल बनाया जाएगा जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान और ओडीएफ को सफल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अभी देश के साढे तीन करोड़ लोगों को नल से जल मिल रहा है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा का आरोप

विरोधी दलों का खात्मा करने की सोच रखती है भाजपा

गुरुग्राम, 17 नवंबर (हप्र)

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा अपने विरोधी राजनीतिक दलों का खात्मा करने की सोच रखती है। इस सोच पर कार्य करते हुए कांग्रेस के उन शीर्ष नेताओं की सुरक्षा हटा ली गई जिनके परिवारों ने देश के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानी दी हैं। लेकिन देश के लोग भाजपा की इस सोच को कामयाब नहीं होने देंगे।

वे यहां कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की एसपीजी सुरक्षा हटाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'केंद्र की भाजपा सरकार ने राजनीतिक द्वेष की भावना का परिचय देते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की एसपीजी की सुरक्षा हटाकर न केवल इन नेताओं का जीवन खतरे में डाल दिया है अपितु अपने इस कृत्य से यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा अपने विरोधियों को समाप्त करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। इस दौरान पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव ने भी केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि देश के विकास, प्रदूषण को कम करने और महंगाई समेत तमाम परेशानियों की ओर ध्यान देने की बजाय भाजपा का ध्यान सिर्फ राजनीति करने में लगा है। उन्होंने कहा देश के लोग किसी भी हाल में भाजपा को इस मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे।

इससे पहले पूर्व मंत्री व विरोध प्रदर्शन के कोऑर्डिनेटर सुखबीर कटारिया ने कहा कि दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी होंडा के हजारों कर्मचारी सड़कों पर बैठे हैं और उक्त कंपनी मंदी की मार से जूझ रही है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान देने की बजाय ऐसे कार्यों में लगी है जो कोरे दिखावे वाले हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक शहीदा खान, राव कमलबीर सिंह, डॉ. शमशुद्दीन, सुधीर चौधरी, आशा शर्मा, गजेंद्र चौहान, अमित यादव, मनीष खटाना, वेद प्रकाश विद्रोही, सुनीता सहरावत, वर्धन यादव, जिले सिंह नंबरदार व अन्य मौजूद रहे।

गुरुग्राम में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए। -हप्र

'भाजपा सरकार के कुशासन से सब दुखी'

कुमारी सैलजा ने कहा कि देश एवं प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के कुशासन से देश का प्रत्येक वर्ग हताश, दुखी एवं परेशान है। मंदी और तालाबंदी वर्तमान भाजपा सरकार की पहचान बन चुके हैं। देश की अर्थव्यवस्था वेंटिलेटर पर है और रोजगार सृजन कोमा में है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान प्रत्येक कदम पर भाजपा देशहित के साथ खिलवाड़ करती नजर आ रही है।

कैथल में ट्रांसपोर्ट नगर की फाइल पर सीएम ने लगाई मुहर: लीला राम

कैथल, 17 नवंबर (हप्र)

कैथल में पिछले 15 वर्षों से लंबित ट्रांसपोर्ट नगर को पूरा करने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। सीएम ने प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। विधायक लीला राम गुर्जर ने रविवार को इसकी जानकारी दी। लीला राम ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के संबंध में हमने मुख्यमंत्री से बात की थी, इस पर सीएम ने अधिकारियों को आदेश दिए थे। ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण पूरा होने के बाद शहर में जाम नहीं लगेगा। शहर में ऑटो मार्केट के दुकानदार ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट हो जाएंगे। लीला राम ने कहा कि वर्ष 2000 में उनके कैथल से विधायक रहते तत्कालीन सीएम ओपी चौटाला ने ही ट्रांसपोर्ट नगर को मंजूरी दी थी।

चालती चाक्की

सत्यवीर नाहड़िया

लड़ी लड़ाई खास रै, सन बासठ की बात।
जघां सुणो रेजांगला, ढ़ल ग्यी थी वा रात।
ढ़ल ग्यी थी वा रात, घात म्हं बैरी पाया।
कपटी लिकड़ा चीन, पीठ म्हं छुरा घुपाया।
लड़े वीर वे हीर, चीन की बीन बजाई।
दुनिया करती याद, इसी थी लड़ी लड़ाई।।

निरंकारी संत समागम

सेवादल की वर्दी वस्त्र ही नहीं अपितु जिम्मेदारी का भाव : सुदीक्षा

ज्ञान चंद तनेजा/निस

समालखा, 17 नवंबर

72वें संत निरंकारी समागम के दूसरे दिन रविवार को सेवादल रैली मुख्य आकर्षण रहा। इसमें देश-विदेश से आये सेवादल के सदस्यों ने वर्दी पहनकर रैली में भाग लिया। कुछ शारीरिक व्यायाम के बाद उन्होंने मिशन के संदेश पर आधारित शारीरिक करतब प्रस्तुत किए। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी भी सेवादल की वर्दी में मंच पर विराजमान रहीं तथा उन्होंने प्रार्थना गीत में भी भाग लिया।

सेवादल रैली को संबोधित करते हुए सद्गुरु माता सुदीक्षा जी ने कहा कि सेवा का जज्बा सभी में है जिन्होंने सेवादल रैली में भाग लिया और जो इस रैली का हिस्सा नहीं बन सके वे भी किसी न किसी रूप में सेवा कार्य में लगे हुए हैं। सेवादल की वर्दी एक वस्त्र मात्र ही नहीं है अपितु वर्दी तन पर डलते ही एक जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। उन्होंने सेवादारों से आह्वान किया कि उन्हें जो भी निर्देश मिल रहे हैं उसे सही ढंग से पालन करे। केवल ड्यूटी पर खड़े होना सेवा नहीं है बल्कि चैतन्य रूप से सेवा करें। मिशन के नब्बे वर्षों के सफर के साथ ही सेवादल का सफर भी लगातार बढ़ता जा रहा है। सेवादार में अहंकार ना हो और केवल प्रेम व सौम्य तरीके से अपनी जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्हें अपनी बोली व प्रतिक्रिया पर नियंत्रण करना चाहिए। जिससे सेवा का जज्बा बढ़ता जाए। मंडल के उपप्रधान वीडी नागपाल ने कहा कि सेवादल इस शुभ घड़ी की प्रतीक्षा में रहता है।

समालखा में रविवार को संत निरंकारी समागम के दौरान सेवादल की रैली में पहुंचीं सद् गुरु माता सुदीक्षा जी। -निस

काईरोप्रेक्टिक से हो रहा रोजाना 3 हजार का उपचार

निरंकारी समागम में हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार सेवाभावना में जुटा है। इसमें विदेश से आए 60 काइरोप्रैक्टिक डॉक्टरों की टीम भी शामिल है जो श्रद्धालुओं की रीढ़ की हड्डी, घुटने, सरवाइकल आदि की जांच करने में लगी है। इस दौरान प्रतिदिन 3 हजार पीड़ित लोगों का उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि काइरोप्रेक्टिक एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है जो पेशीकंकाल तंत्र (रीढ़ की हड्डी) के यांत्रिक विकारों के निवारण, निदान तथा उपचार पर बल देती है। इस पद्धति के अनुसार शरीर में किसी तरह का विकार होने पर तंत्रिका तंत्र के माध्यम से स्वास्थ्य की अन्य समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। समागम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को इन परेशानियों से राहत दिलाने के लिए मिशन द्वारा काइरोप्रैक्टिक शिविर लगाया गया है। शिविर इंचार्ज धर्म वर्मा ने बताया कि एसएनसीएफ द्वारा यह शिविर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रीढ़ की हड्डी में किसी तरह की परेशानी हो तो उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है, क्योंकि रीढ़ से काफी नसें निकलती हैं।

epaper.dainiktribuneonline.com

एनजीटी ने वन विभाग, सीआईएसएफ को पक्ष रखने के दिये आदेश

सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर निर्माण पर रोक

बनाया जा रहा है अरावली हिल्स की प्रतिबंधित जमीन पर

गुरुग्राम, 17 नवंबर (हप्र)

मंडावर गांव में सीआईएसएफ ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने रोक लगा दी है। इस आश्य में एनजीटी ने सीआईएसएफ व वन विभाग को नोटिस जारी अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। दोनों को अपना जवाब 29 जनवरी 2020 तक दाखिल करना है।

अरावली हिल्स की गोद में स्थित गांव मंडावर की पंचायत ने करीब एक साल पहले प्रस्ताव पास करके 260 एकड़ जमीन सीआईएसएफ को ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण के लिए दी थी। इसके बाद से यहां सीआईएसएफ ने अपनी गतिविधियां शुरू कर दी। जिस जमीन पर ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाना प्रस्तावित है वह पहाड़ी क्षेत्र की जमीन है और इस जमीन पर सीआईएसएफ ने अपना कब्जा भी ले लिया है। पिछले दिनों वन विभाग ने इस ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण को रोकने के सीआईएसएफ के डीजी को पत्र लिखा था। इस पत्र में कहा गया था कि जिस जमीन पर यह केंद्र बनाया जा रहा है वह पंजाब भूमि संरक्षण कानून 1900 के तहत प्रतिबंधित धाराओं में चिन्हित है। इसलिए इस जमीन पर किसी भी प्रकार के गैर वनिक कार्य नहीं किए जा सकते। अब इस मामले में मानेसर गांव के एक व्यक्ति ने एनजीटी को पत्र लिखकर पहाड़ की जमीन पर निर्माण करने की शिकायत की है।

सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर की जमीन, जहां निर्माण होना था। -हप्र

पत्र में शिकायत की गई है कि यदि इस क्षेत्र में निर्माण कार्यों होने दिया गया तो यहां रहने वाले असंख्य जंगली जीव जंतुओं का जीवन संकट में पड़ जाएगा और निर्माण कार्य करने के लिए यहां खड़े बड़े पेड़ों को काट जाएगा। इस पत्र को संज्ञान लेकर एनजीटी ने वन विभाग और सीआईएसएफ को पत्र लिखकर पूरे मामले की रिपोर्ट तलब कर ली। साथ ही ट्रेनिंग सेंटर में 29 जनवरी 2020 तक किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी है। डीएफओ सुभाष यादव ने एनजीटी के द्वारा ट्रेनिंग सेंटर के निर्माण पर रोक लगाए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि वन विभाग केंद्र के निर्माण पर पहले ही आपत्ति दर्ज करवा चुका है। इधर, सूत्र बताते हैं कि वन विभाग के एक अधिकारी की नाराजगी के चलते ट्रेनिंग सेंटर निर्माण की राह बाधित की जा रही है, जो जमीन वन विभाग ने सीआईएसएफ को दी है, उसमें से कुछ एकड़ जमीन ही प्रतिबंधित दायरे में है, लेकिन उक्त अधिकारी पूरे ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण रुकवाने पर तुला है।

गैंगस्टर राठी के हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

गुरुग्राम, 17 नवंबर (हप्र)

गैंगस्टर अशोक राठी के शव का रविवार को गांव अलीपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी और शवयात्रा में चंद लोगों के साथ उसकी चिता को छोटे भाई ने मुखाग्नि दी। अब पुलिस ने अशोक राठी के हत्यारों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। शनिवार को मौत के बाद गैंगस्टर अशोक राठी का शव पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। रविवार की दोपहर करीब एक बजे शव पोस्टमार्टम के बाद गांव अलीपुर लाया गया। यहां पहले से ही भारी संख्या में पुलिस मौजूद थी। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में निगरानी के लिए लगाया हुआ था। कुछ ही देर में चंद लोगों की मौजूदगी में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई तथा गांव के ही श्मशान घाट में पहुंचकर मृतक गैंगस्टर के छोटे भाई महेश उर्फ निशु ने उसकी चिता को आग के हवाले किया। गैंगस्टर की हत्या के मामले में नामजद किए गए तीन लोग गांव के ही हैं, जबकि चैथा हरियाहेड़ा का बताया जाता है। गौरतलब है कि गैंगस्टर अशोक राठी की उसके तीन दोस्तों ने उसके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वालों के साथ गैंगस्टर का पैसों को लेकर कुछ विवाद था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अशोक राठी की गैंग में आपसी फूट के कारण गैंगवार की आशंका बढ़ गई है।

गुरुग्राम में 'हेल्थ एमरजेंसी' को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

गुरुग्राम में शासन-प्रशासन द्वारा प्रदूषण से निपटने के कारगर उपाय नहीं करने के विरोध में शहर के लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि उन्हें स्वच्छ हवा के अधिकार से वंचित न किया जाए। सिटीजन फॉर क्लीन एयर (सीएफसीए) के तत्वावधान में बड़ी संख्या में लोग लेजर वैली पार्क के ग्राउंड में जुटे और प्रदर्शन किया। -हप्र

21 डीआरओ, तहसीलदार बने एचसीएस

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा लोकसेवा आयोग (एचपीएससी) ने जिला राजस्व अधिकारी एवं तहसीलदारों के कोटे से बनने वाले एचसीएस अधिकारियों के नतीज घोषित कर दिये हैं। कुल 21 पदों के परिणाम जारी किये गये हैं। आयोग के सचिव सचिव निशांत यादव ने बताया कि आयोग की ओर से 4 सितंबर को इंटरव्यू कराया गया था। इसमें सामान्य वर्ग के 23 पद थे, जिनमें से 21 का चयन हुआ है। उत्तीर्ण होने वालों में डीआरओ अमरेंद्र मनैस, अनिल कुमार दून, ब्रह्म प्रकाश, नरेश, धीरज चहल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संजय बिश्नोई, दिलबाग सिंह, दिनेश, कुलबीर ढाका और मानव मलिक शामिल हैं।

इन्हें मिली प्रमोशन

तहसीलदार दर्शन कुमार, हितेंद्र कुमार, जगदीश चंद्र, मीतू धनखड़, नवदीप सिंह, प्रवीन कुमार, राजेश पूनिया, संजीव कुमार और सुभाष चंद्र का प्रमोशन हुआ है। सचिव ने कहा कि आयोग ने परिणाम तैयार करते समय पूरी सावधानी बरती है। इसके बावजूद भी किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारने का अधिकार आयोग के पास है।

कांग्रेस प्रवक्ता खजान सिंह का निधन

गुरुग्राम, 17 नवंबर (हप्र)

ब्रेन हैमरेज के कारण कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व वरिष्ठ वकील खजान सिंह की मौत हो गई। 66 वर्षीय खजान सिंह का मेदांता में इलाज चल रहा था। रविवार को पैतृक गांव झाड़सा में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा, अजय यादव व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता पहुंचे।

चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

फरीदाबाद, 17 नवंबर (हप्र)

गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर रविवार शाम एक कार में शार्ट-सर्किट से चलती कार में आग लग गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी।

पर्वतीय कालोनी निवासी लोकपाल का बेटा प्रताप सिंह अपनी कार से गुरुग्राम जा रहा था। जैसे ही कार हनुमान मंदिर से थोड़ी दूर निकाली उसमें धुआं उठने लगा और आग लग गई। चालक ने बाहर निकलकर जान बचाई।

अन्य वाहन चालकों ने उसकी सूचना सैनिक कालोनी चौकी पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंच फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार स्वाह हो चुकी थी।

पानीपत में 10 एकड़ पंचायती भूमि का मामला

युद्ध स्मारक के विरोध में उतरे ग्रामीण

राजाखेड़ी के लोगों ने की पंचायत, कहा- दबाव में मंजूर की थी जमीन

पानीपत, 17 नवंबर (एस)

पानीपत में तीसरी लड़ाई के गवाह काला आम्ब के पास प्रशासन द्वारा गांव राजाखेड़ी की 10 एकड़ पंचायती जमीन पर युद्ध स्मारक बनाया जाना है और इसके लिए गांव राजाखेड़ी की पंचायत ने प्रशासन को 10 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव पारित कर दिया था, लेकिन अब ग्रामीण इसके विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत ने इस प्रस्ताव को प्रशासन के दबाव में मंजूर कराया था। युद्ध स्मारक वाले स्थान का शनिवार को उपायुक्त सुमेधा कटारिया व पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने निरीक्षण किया था। गामीणों ने इस स्मारक का विरोध किया और कहा कि गांव के गंदे पानी की निकासी कहां पर होगी। युद्ध स्मारक के विरोध में रविवार को राजाखेड़ी के सैकड़ों ग्रामीणों ने गांव में पंचायत करके इसका विरोध जताया और कहा कि आधे से भी ज्यादा गांव का गंदा पानी इसी तालाब में जाता है। इसके बनने के बाद गांव का गंदा पानी निकलना बंद हो जाएगा।

पानीपत के राजाखेड़ी में रविवार को युद्ध समारक का विरोध करते ग्रामीण। -एस

ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रशासन वहीं पर युद्ध स्मारक बनाना चाहता है तो वहां पर किसानों की जमीन खरीद करके स्मारक बनाए। जिला पार्षद देव मलिक ने बताया कि इस तालाब के न रहने से गांव राजाखेड़ी, मोहाली, निंबरी व उग्राखेड़ी की सैकड़ों एकड़ फसल हर साल बरसात के मौसम में पानी भरने से खराब होगी, क्योंकि अब चारों गांवों का बरसाती पानी गहराई होने के कारण इस तालाब में आता है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर सरकार और प्रशासन नहीं माना तो वे हाईकोर्ट जाएंगे।

इस अवसर पर सरपंच पति जोगिंद्र, दयानंद, संतलाल, धर्मबीर, जितेंद्र, रणधीर सिंह, महासिंह, जयसिंह, कृष्ण लाल, बलबीर मलिक, बलवान मलिक, पंच सुखबीर, शुक्रमपाल, मुकेश, महावीर, प्रदीप, बलराज मलिक सहित सैंकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

सीआरपीएफ सिपाही भर्ती मामला

दूसरे की जगह परीक्षा दिलाने का आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत, 17 नवंबर (हप्र)

सीआरपीएफ में सिपाही की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा दूसरे से दिलवाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी गांव गंगाना का रहने वाला प्रदीप है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने मामले में भर्ती बोर्ड के पीठासीन अधिकारी के बयान पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था।

आरोपी ने बताया है कि उसने भर्ती के लिए चार लाख रुपये दिए थे। अब पुलिस पता लगाएगी कि पैसे किसने लिए थे। गौरतलब है कि 27 अगस्त को भर्ती बोर्ड के चेयरमैन व सीआरपीएफ चंडीगढ़ के द्वितीय कमांडेंट संजय कुमार ने राई थाना पुलिस को बताया था कि ग्रुप केंद्र खेवड़ा में सीआरपीएफ सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के बाद फिजिकल लिए जा रहे थे। फिजिकल लेने के अंतिम दिन डीआईजी (भर्ती), नई दिल्ली की तरफ से पत्र मिला था कि जिन अभ्यार्थियों की बायोमेट्रिक हाजिरी मिलान नहीं कर रही है, उन्हें परीक्षा से हटा दिया जाए और उनके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया जाए। इस पर अंतिम दिन फिजिकल के लिए पहुंचे चार अभ्यार्थी ऐसे मिले थे, जिनकी बायोमेट्रिक हाजिरी का मिलान नहीं हुआ था। इनके फोटो व बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठे के निशान नहीं मिले थे, तो उनके खिलाफ राई थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए लिखा गया था। राई थाना से एएसआई रवींद्र दहिया की टीम ने मौके पर पहुंच कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनकी पहचान चरखी दादरी के गांव पंडवान के रहने वाले अनिल कुमार व गांव रानीला के रहने वाले योगेश कुमार, पानीपत के गांव जलमाना के रहने वाले सच्चेंद्र तथा भिवानी के गांव खरक खुर्द निवासी सुरेश के रूप में हुई थी।

पैसे देने की बात कबूली

पुलिस ने भर्ती बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार के बयान पर आरोपियों के खिलाफ भादसं की धारा 419, 420 व 120बी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में मामले की जांच की गई तो ऐसे अभ्यार्थी 400 से अधिक थे। इनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया था। अब मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई रवींद्र दहिया की टीम ने आरोपी गांव गंगाना के प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने भर्ती के लिए चार लाख रुपये दिए थे। अब पुलिस पता लगाएगी कि उससे रुपये किसने लिए थे।

3 कमरों की खेती से सालाना 25 से 30 लाख रुपये की आय

हिसार में उगायी हिमालय क्षेत्र की जंगली मशरूम

हिसार, 17 नवंबर (हप्र)

परंपरागत किसानी छोड़ आधुनिक खेती करने वाला सिवानी बोलान निवासी किसान यशपाल सिहाग अपनी सूझबूझ से 10x10 के 3 कमरों में खेती करके 25 से 30 लाख रुपये सालान कमाई कर रहा है। यशपाल सिहाग ने समुद्रतल से 11500 फुट से अधिक ऊंचाई पर हिमालयी क्षेत्र में मिलने वाली कीड़ा जड़ी (यारसागुंबा या जंगली मशरूम) को हिसार में अपनी लैब में पैदा करके दिखा दिया है।

यशपाल सिहाग ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से हिसार-तोशाम रोड पर 10x10 के तीन कमरों में उन्होंने लैब बना कर कीड़ा जड़ी का व्यावसायिक उत्पादन आरंभ किया। उसके बाद से अब तक वे इसकी प्रति वर्ष तीन फसलें पैदा करते हैं। वे इससे प्रति वर्ष 25 से 30 लाख रुपये कमा रहे हैं। वे बताते है कि उनका लक्ष्य लैब से सालाना 10 करोड़ रुपये की कीड़ाजड़ी का उत्पादन करना है।

हिसार में अपने लैबनुमा खेत में मशरूम की खेती की देखभाल करता किसान। - हप्र

कीड़ा जड़ी को अलग-अलग रूप व स्वरूपों में उपयोग किया जाता है। मुख्य तौर पर रक्त शर्करा को नियंत्रित करने, श्वसन प्रणाली को बेहत्तर बनाने, किडनी व लीवर संबंधित रोगों से बचाने में, शरीर में आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, पुरुष और महिलाओं में प्रजनन क्षमता व शुक्राणुओं की संख्या बढ़ाने में उपयोगी है। इसके अलावा प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने, यकृत, फेफड़े और गुर्दे को मजबूत करने व इससे रक्त और अस्थि मज्जा के निर्माण में सहायता मिलती है। इसके अलावा यह व्यक्ति की कार्य क्षमता व सेक्स वर्धक व जीवन रक्षक दवाओं में भी उपयोग किया जाता है।

किसान यशपाल सिहाग के अनुसार कीड़ा जड़ी की विश्व में 680 प्रजातियां हैं। इनमें से कॉर्डिसेप्स मिलिट्रिस का थाईलैंड, वियतमान, चीन, कोरिया आदि देशों में ज्यादा उत्पादन होता है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। इससे पाउडर और कैप्सूल के साथ चाय भी तैयार की जाती है। बाजार में इसके दाम 3 से 4 लाख रुपये प्रति किलो है। सामान्य तौर पर समझें तो ये एक तरह का जंगली मशरूम है जो एक खास कीड़े की इल्लियों यानी कैटरपिलर्स को मारकर उस पर पनपता है। इस जड़ी का वैज्ञानिक नाम है कॉर्डिसेप्स साइनेसिस। स्थानीय लोग इसे कीड़ा-जड़ी कहते हैं क्योंकि ये आधा कीड़ा है और आधा जड़ी है और चीन-तिब्बत में इसे यारशागुंबा के नाम से जाना जाता है।

सबसे महंगी, 7 से 10 लाख रुपये आता है खर्च

विश्व की सबसे महंगी मशरूम की किस्मों में से एक कीड़ा जड़ी भी एक मशरूम की ही किस्म है। कोई भी किसान चाहे तो सिर्फ एक छोटे से कमरे में इसकी खेती शुरू कर सकता है। यशपाल सिहाग के मुताबिक, अगर कोई किसान इस लैब को कम से कम 10x10 के कमरे से शुरू करना चाहता है तो इसमें तकरीबन 7 से 10 लाख रुपये का खर्च आएगा। उनके मुताबिक विशेष प्रकार की लैब बनाने के बाद किसान 3 महीने में एक बार यानी कि एक वर्ष में तीन से चार बार कीड़ा जड़ी की फसल आसानी से ले सकते हैं।

जिले में परीक्षा के लिए 4 कॉलेजों में बनाये 9 सेंटर

शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई लेवल वन, टू की परीक्षा

यमुनानगर, 17 नवंबर (हप्र)

जिले में रविवार को हुई एचटेट लेवल वन, लेवल टू की परीक्षा दो चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई, जिससे जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

परीक्षा के लिए जिले में चार कॉलेजों में नौ सेंटर बनाये गए थे। सुबह के सत्र में टीजीटी लेवल टू की परीक्षा तथा सायं के सत्र में पीआरटी लेवल वन की परीक्षा आयोजित हुई।

सभी परीक्षार्थियों को गहन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्र में जाने दिया गया। परीक्षा देने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण रही। नकल या किसी तरह की गड़बड़ी का कोई केस सामने नहीं आया।

एचटेट लेवल वन व टू की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक तथा शाम को 3 से साढ़े 5 बजे तक हुई। सुबह आठ बजे ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगने लगा। कई ऐसे भी थे जो परीक्षा देने देरी से पहुंचे। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी को गहन तलाशी से गुजरना था। किसी भी परीक्षार्थी को हाथ में कड़ा, घड़ी, कानों का झुमका, मोबाइल फोन समेत अन्य किसी तरह का सामान ले जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा के लिए एमएलएन कॉलेज, जीएनजी कॉलेज, डीएवी गर्ल्स कॉलेज व गुरु नानक खालसा कॉलेज में नौ सेंटर बनाए गए थे।

यमुनानगर में आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। -हप्र

खुली रहीं फोटोस्टेट की दुकानें

परीक्षा केंद्रों के आसपास प्रशासन ने धारा 144 लगा रखी थी, जिसके तहत किसी भी केंद्र के 200 मीटर के दायरे में कोई फोटोस्टेट की दुकान खुली नहीं रहेगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। सभी दुकानें न केवल खुली रही बल्कि वहां पर फोटो स्टेट का काम भी होता रहा, जिससे प्रशासन के दावों की पोल खुल गई।

शांतिपूर्ण रहीं परीक्षा : डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी जोगिंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि एचटेट लेवल थ्री की तरह लेवल वन व टू की परीक्षा भी शांतिपूर्ण रही। नकल का कोई कोई केस सामने नहीं आया। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

दूसरे दिन 7269 उम्मीदवार

कैथल (हप्र) : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आज दूसरे दिन हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की प्रातः कालीन व सायं कालीन लिखित परीक्षा नकल रहित व शांति पूर्वक संपन्न हुई। प्रातःकालीन परीक्षा में 4525 उम्म्मीदवारों में से 4294 उम्म्मीदवारों ने परीक्षा दी, जिसमें 231 उम्म्मीदवार अनुपस्थित रहे तथा सायं कालीन परीक्षा में 3126 उम्म्मीदवारों में से 2975 उम्म्मीदवारों ने परीक्षा दी, जिसमें 151 उम्म्मीदवार अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जीरी की खरीद बंद, किसानों और व्यापारियों में रोष

खरीद एजेंसियों के पास अटके 50 करोड़ रुपये

शाहाबाद मारकंडा, 17 नवंबर (निस)

खरीद एजेंसियों के पास जीरी के 50 करोड़ रुपए अटके हैं, जिससे किसानों व व्यापारियों में रोष है। आढ़तियों ने मांग की है कि यह भुगतान उन्हें जल्द से जल्द किया जाये। महर्षि मारकंडेश्वर कच्चा आढ़ती एसोसिएशन, न्यू ग्रेन मार्कीट शाहाबाद के प्रधान धनपतराय अग्रवाल ने रविवार को कहा कि मंडी में जीरी की खरीद बंद हो चुकी है। बासमती धान सुचारु रूप से बिक रहा है। सरकार किसानों को आढ़तियों के माध्यम से भुगतान कर रही है, जिससे किसान और व्यापारी सभी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यही प्रक्रिया जारी रहे।

कटाई खत्म, लौटने लगे प्रवासी मजदूर

जगाधरी (निस) : धान का सीजन खत्म होने के साथ ही यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों से आ रहे प्रवासी मजदूर वापस लौटने लगे हैं। इसके चलते रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर प्रवासी मजदूरों की भीड़ देखी जा सकती है। गेहूं व धान की फसल कटाई के सीजन में यहां पर यूपी, बिहार आदि राज्यों से बड़ी संख्या में मजदूर आते हैं। ये यहां पर ठेकेदार के माध्यम से काम करते हैं। खेतों के अलावा ये मजदूर मंडियों में काम करते हैं। काम खत्म होने के बाद इन प्रवासी मजदूरों ने अपने गांवों को लौटना शुरू कर दिया है। यूपी के जिला गोंडा, आजमगढ़ आदि इलाके से आए जुगल कुमार, रमाकांत, मनोज कुमार, लक्ष्मी नारायण आदि ने बताया कि वे यहां पर सितंबर के पहले हफ्ते में आ गए थे। जिले में हजार से ज्यादा उनके साथी आए थे। उनका कहना है कि अब सभी ने अपने घरों को लौट रहे हैं। अप्रैल माह में गेहूं की फसल कटाई के समय फिर आएंगे। उस समय गेहूं की फसल कटाई व पैडी रोपाई तक यहीं रहते हैं।

जगाधरी में रविवार को रेलवे स्टेशन जाने के लिए अनाज मंडी के गेट पर खड़े उत्तर प्रदेश और बिहार के युवक। -निस

कलाकार से छेड़छाड़ में ऑर्केस्ट्रा मालिक पर केस दर्ज

शाहाबाद मारकंडा, 17 नवंबर (निस)

बराड़ा के मैरिज पैलेस में शादी समारोह में परफॉर्म करने गई एक कलाकार से ऑर्केस्ट्रा मालिक ने छेड़छाड़ और मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, माजरी मोहल्ला निवासी एक महिला ऑर्केस्ट्रा में काम करती है। उसने बताया कि 10 नवम्बर को उगाला निवासी ऑर्केस्ट्रा मालिक उसे एक शादी समारोह में परफॉर्म करने के लिए ले गया था। वापिस में जब वह उसके साथ गाड़ी में बैठे तो उसने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और उसे शाहाबाद में अपनी डांस एकेडमी में रुकने के लिए कहा।

उसके मना करने के बावजूद उसने उसके साथ जबरदस्ती की और उसके मुंह पर सिर और गर्दन पर मुक्के मारे, जिससे उसके कपड़े भी फट गए। उसने बताया कि वह बहुत मुश्किल से उसके चंगुल से छूट कर अपने घर गई और अपने पति को आपबीती बताई। अगले दिन उसे इलाज के लिए सी.एच.सी. शाहाबाद में भर्ती कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बोले विधायक सुधा, गीता महोत्सव को बनाया जाएगा यादगार

ब्रह्मसरोवर पर बिजली बचाने के लिए लगेगा सोलर प्रोजेक्ट

कुरुक्षेत्र, 17 नवंबर (हप्र)

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2019 को नगर पार्षदों व शहर की एमजीओ के सहयोग से यादगार बनाया जाएगा। इतना ही नहीं नगर पार्षदों को विशेषतौर पर निमंत्रण दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के सभी 31 वार्डों में नगर पार्षदों के माध्यम से करीब 31 हजार महोत्सव के निमंत्रण कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। वे रविवार देर सायं केडीबी कार्यालय में अधिकारियों को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि ब्रह्मसरोवर पर बिजली की बचत के लिए सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा, उसके लिए केडीबी शीघ्र कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए लगभग सभी प्रकार के टेंडर केडीबी की तरफ से किए जा चुके हैं। इस महोत्सव में लोकल लोगों को ज्यादा तवज्जों देने का प्रयास किया जाएगा। इस महोत्सव के लिए नगर पार्षदों और शहर की सभी एमजीओ के साथ केडीबी के अधिकारियों के साथ बैठक होगी और सभी से सुझाव लिए जाएंगें ताकि महोत्सव को और बेहतर बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में इस बार खाने पीने के स्टालों के लिए 6 टेंडर लगाएं जाएंगे ताकि लोगों के किफायती दरों पर अच्छी गुणवत्ता का खाना दिया जा सके। इसके लिए बकायदा एक कमेटी का भी गठन किया गया है। केडीबी के सीईओ एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सयुंकत सचिव गगनदीप सिंह ने कहा कि केडीबी की तरफ से सभी प्रकार की तैयारियां जोर-शोर के साथ की जा रही हैं। इस मौके पर केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबडा, केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, रविंद्र सांगवान, पार्षद प्रदीप सैनी, विशाल शर्मा, मोहन लाल अरोड़ा, लेखा अधिकारी लक्ष्मीनाथ, सुभाष चंद राविश सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जयराम विद्यापीठ में पूरा वर्ष होंगे जनहित के कार्य

कुरुक्षेत्र (एस) : भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से उत्पन्न हुई पावन श्री गीता के जन्मोत्सव को भव्य, आकर्षक एवं विशाल स्वरूप प्रदान करने के लिए श्री जयराम गीता जयंती आयोजन समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक भारत साधु समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जयराम संस्थाओं के ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गीता जयंती आयोजन समिति के सदस्यों के विचार सुनने के बाद ब्रह्मचारी ने कहा कि 1991 से जयराम विद्यापीठ द्वारा नियमित रूप से हर वर्ष श्री गीता जयंती महोत्सव पर भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा है। उन्होंने गीता जयंती महोत्सव 2019 को और भी अधिक भव्य, आकर्षक एवं विशाल स्वरूप प्रदान करने के लिए योजना को अंतिम रूप देने के लिए कहा।

कागजों में सिमटी नगर निगम की योजना

8 माह बाद भी पार्षदों को अलाट नहीं हुए कार्यालय

हाउस की बैठक को भी लगा ग्रहण

यमुनानगर,17 नवंबर (हप्र)

नगर निगम की कार्यप्रणाली कागजों में ही सिमट कर रह गई। मेयर के हुए सीधे चुनाव में लोगों को आस जगी थी कि इस बार नगर निगम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से होंगे। मगर मेयर के चुनाव हुए करीब एक साल का समय बीतने वाला है। इसके बावजूद भी मेयर द्वारा की गई घोषणाओं को अभी तक अम्लीजामा नहीं पहनाया गया है। यह घोषणाएं केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं। खास बात यह है कि हाउस में भाजपा को बहुमत होने के बाद भी अभी तक न तो सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चयन हुआ है और न ही हाउस की बैठक निरंतर हो रही है। करीब एक साल में हाउस की दो ही बैठकें हुई है, जबकि हर माह बैठक का प्रावधान है।

हाउस की पहली बैठक में निर्णय लिया गया था कि वार्ड वासियों को पार्षद से मिलने के लिए इधर उधर भटकना न पड़े इसके लिए वार्ड में ही पार्षद को निगम द्वारा कार्यालय मुहैया करवाए जाने थे। अब तक एक भी पार्षद को यह कार्यालय मुहैया नहीं करवाया गया। लोगों को अपने काम करवाने के लिए निगम कार्यालय में ही भटकना पड़ रहा है।

विकास कार्यों के लिए हर वार्ड को मिलनी थी 50 लाख ग्रांट

प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास करने के नारे को निगम में भी लागू किए जाने की योजना थी। इस योजना के तहत प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों के लिए 50-50 लाख रुपये की ग्रांट अलाट की जानी थी। इस संबंध में हाउस की बैठक में भी सर्वसम्मति से निर्णय ले लिया गया था, लेकिन आज तक यह राशि किसी भी वार्ड में मुहैया नहीं करवाई गई।

ओवरलोडिड वाहनों पर रोक नहीं

मेयर चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि निगम क्षेत्र की किसी भी सड़क से ओवरलोडिड वाहन नहीं गुजरने दिये जाएंगे। मेयर बनने के बाद मदन चौहान ने कई कार्यां में इसका जिक्र भी किया। मगर अब भी पहले की तरह निगम क्षेत्र की सड़कों से ओवरलोडिड वाहन गुजर रहे हैं।

राज्य, जिला कमेटियों की संयुक्त मीटिंग में फैसला

निजीकरण के विरोध में पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स करेंगे संघर्ष

करनाल, 17 नवंबर (हप्र)

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों का निजीकरण करने के विरोध में संघर्ष करने का फैसला लिया। यूनियन की राज्य कमेटी तथा जिला कमेटियों की संयुक्त मीटिंग आज राज्य प्रधान सत्यपाल वर्मा की अध्यक्षता में नहर कालोनी में हुई।

इस दौरान राज्य प्रधान सत्यपाल वर्मा, राज्य महासचिव धर्मवीर शर्मा एवं प्रवक्ता जसमेर लाल शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लागू करवाने तथा सड़कों के पैचवर्क का ठेका रद्द करवाने के लिये 27 नवंबर से प्रदेश में पीडब्ल्यूडी भवन व मार्ग विभाग के परिमंडलों के कार्यालय समक्ष धरना, प्रदर्शन करते हुए प्रमुख अभियन्ता व मंत्री के नाम ज्ञापन भिजवा कर पैचवर्क का ठेका रद्द करने की अपील की जायेगी।

दूसरे चरण में सभी जिला हैडक्वार्टरों पर यूनियन के कार्यकर्ता सम्मेलन किये जायेंगे। यूनियन के कार्यकर्ता सम्मेलनों की जानकारी देते हुये प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह व तेजपाल गुर्जर व दिलबाग कुंडू ने बताया कि उसके बाद दिनांक 11 दिसम्बर को राज्य कमेटी की मीटिंग पंचकूला में होगी, जिसमें विभाग को बचाने के लिये आंदोलन करने की घोषणा की जायेगी। मीटिंग में रणबीर सिंह व सतीश शर्मा पंचकूला में तथा करनाल से साहब सिंह व रजिस्टर राणा ने, अम्बाला से माता प्रसाद, जग स्वर्णसिद्ध तथा कुरुक्षेत्र से अशोक यादव, कुलवन्त शर्मा व यमुनानगर से सुरेन्द्र सैनी, ओमप्रकाश, जयकुमार काम्बोज तथा पानीपत से कुशलपाल चौहान, रामपाल तंवर, सोनीपत से विष्णुदत्त व मुकेश बिड्डा, अश्वनी कुमार, रोहतक से इन्द्र सिंह, राजेन्द्र बत्तरा, राजबीर, धर्मराज घनघस तथा चरखीदादरी विक्रम साहू, रमेश शर्मा, दिलबाग भिवानी से रगीराम, सतीश कुमार तथा हिसार से राजकिशोर, बलवान रंगा और अन्य मौजूद रहे।

करनाल में रविवार को बैठक करते पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी। -हप्र

किसानों में मायूसी

चावल की मांग घटने से धान के भाव गिरे

पूसा 1121 के ईरान को निर्यात पर प्रतिबंध

सफीदों, 17 नवंबर (निस)

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में चावल की मांग घटने की सूचना के साथ सफीदों की अनाज मंडी में निर्यातक खरीददारों ने धान के रेट काफी गिरा दिए हैं।

रविवार को मंडी में मायूस किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष पूसा 1121 किस्म की धान का भाव 3400 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास था जबकि इस सीजन मे इसे मुश्किल से 2900 रुपए के भाव खरीदा जा रहा है और किसानों के पास इस भाव में धान को बेचने के सिवाय कोई उपाय नहीं है।

उनका कहना था कि इस तरह से पहले से ही घाटे में चल रहे किसान को धान की इस फसल से करीब 12 हजार रुपए प्रति एकड़ का अतिरिक्त घाटा हो रहा है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष जैन ने बताया कि बासमती किस्म की दूसरी धान भी 1121 के भाव से प्रभावित हैं। जैन ने बतया कि यूरोपीय देशों ने भारतीय धान में कीटनाशकों की अधिकतम मात्र .3 से घटाकर .1 कर दिए जाने से भी ऐसे धान की मांग पर असर पड़ा है।

सफीदों की अनाज मंडी में रविवार को बिकने को पड़ी धान। -निस

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष जैन ने बताया कि पूसा 1121 किस्म की धान ईरान को निर्यात होती थी और भारत वहां से पैट्रोलियम पदार्थ आयात करता था, जिस पर पर अमरीका के दबाव में प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस किस्म की भारत की कुल पैदावार का करीब 40 प्रतिशत ईरान खरीदता था, लेकिन अब मांग कम हो गई है जिससे इसका भाव प्रभावित हुआ।

बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा

सिरसा को नशामुक्त करने में लगाएंगे ताकत

सिरसा में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह। -निस

सिरसा 17 नवंबर (निस)

हरियाणा के बिजली, जेल एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री चौ. रणजीत सिंह ने कहा कि सिरसा को नशे से मुक्त करने में मैं अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नशे की बिक्री पर पूर्णतः अंकुश के लिए पुलिस विभाग सजगता से कार्य करे और नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में ढिलाई न बरते। किसी भी क्षेत्र में नशा बिक्री की शिकायत मिलने पर संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रणजीत सिंह रविवार को स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के सामने दशहरा ग्राउंड में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को बिजली संबंधित कोई भी परेशानी न हो, यह उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर सांसद सुनीता दुग्गल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब सिरसा जिला दोगुनी तेजी से विकास करेगा।

कार्यकर्ता बैठक में बोले बीरेंद्र सिंह

राज्यसभा से इस्तीफा देकर आया हूं अपनों के बीच

भावुक हो गयीं पूर्व विधायक प्रेमलता

जींद के उचाना में रविवार सायं कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह। -हप्र

जींद, 17 नवंबर (हप्र)

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति को राज्यसभा से अपना इस्तीफा देकर सीधे अपनों के बीच आए हैं। राज्यसभा सांसद के रूप में उनका अभी भी पौने तीन वर्ष का समय बाकी है, लेकिन नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दिया है, ताकि भाजपा पर परिवारवाद के आरोप न लगें। वह अब उचाना के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति करेंगे। चौधरी बीरेंद्र सिंह रविवार सायं उचाना कस्बे के राजीव गांधी महाविद्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वह हर चुनाव में हिसाब-किताब लगा लेते थे, लेकिन ऐसा पहली बार ऐसा हुआ, जब खुद का हिसाब-किताब गड़बड़ाया है। चुनाव में हार-जीत होती रहती है। प्रदेश में अब भी हमारी सरकार है। कार्यकर्ता बैठक में पूर्व विधायक प्रेमलता भावुक हो गईं और अपनी सीट पर आकर बैठ गईं। बैठक में ओमप्रकाश थुआ, सज्जन सिंह, हरेंद्र डूमरखां, डॉ. रामचंद्र जागड़ा आदि मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं ने बताये हार के कारण

बैठक में कार्यकर्ताओं से हार के कारणों के बारे में जाना गया। कार्यकर्ताओं ने सीएम का जन आशीर्वाद यात्रा में गर्दन काट दूंगा बयॉन, जन आशीर्वाद यात्रा से हुई गुटबाजी, मैरिट पर नौकरी लगने सहित कई कारण बताए।

30 एकड़ भूमि में 1400 करोड़ से लगेगा प्रोजेक्ट, सर्वे आज से

कॉमन बॉयलर करेगा प्रदूषण का खात्मा

चीन में इस तरह के कई प्रोजेक्ट लगे हैं, फैक्टरियों को स्टीम और बिजली की होगी सप्लाई

बिजेंद्र सिंह/एस
पानीपत, 17 नवंबर

प्रदूषण के चलते उद्यमियों को फैक्टरियों के बार-बार बंद होने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। चीन, कोरिया की तर्ज पर यहां भी कॉमन बॉयलर के प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। गुजरात की गिरीश लूथरा की कंपनी गैपिल के कर्मचारी 18 नवंबर से 15 दिनों तक यहां बॉयलर वाली फैक्टरियों का सर्वे करेंगे। कॉमन बॉयलर सेक्टर-29 स्थित डाई हाउस और आसपास की बॉयलर वाली इंडस्ट्री के लिए लगाया जाएगा।

सेक्टर 29 स्थित अपनी फैक्टरी में इस प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए डायर्स एसोसिएशन के प्रधान भीम राणा ने बताया कि यहां के प्रमुख उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल डेढ़ साल पहले चीन गया था और वहां की फैक्टरियों में लगे कॉमन बॉयलर के प्रोजेक्ट का अध्ययन किया था। पानीपत डायर्स एसोसिएशन पानीपत में प्रदूषण के खात्मे को लेकर पिछले करीब 2 साल से इस प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही थी, लेकिन प्रदूषण के चलते ईपीसीए ने शहर की फैक्टरियां बंद की तो इस प्रोजेक्ट की बहुत ज्यादा जरूरत महसूस की गई।

भीम राणा ने बताया कि उतर भारत में कॉमन बॉयलर का प्रोजेक्ट कही नहीं है, लेकिन सूरत में गैपिल कंपनी द्वारा इस तरह का प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है। कॉमन बॉयलर प्रोजेक्ट का सर्वे करने के लिए केंद्रीय टैक्सटाइल मंत्री स्मृति ईरानी, गैपिल के सीएमडी गिरीश लूथरा व पानीपत से वे स्वयं या शहर के प्रमुख उद्योगपति प्रीतम सिंह जल्द ही चीन जाएंगे और सारे प्रोजेक्ट की स्टडी करेंगे।

क्या है प्रोजेक्ट

भीम राणा ने बताया कि पानीपत में 30 एकड़ जमीन पर 1400 करोड़ की लागत से कॉमन बॉयलर प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। कंपनी बड़ा बॉयलर एक स्थान पर लगाएगी और उसमें बनी स्टीम को सेक्टर-29 की सभी 350 डाइंग इंडस्ट्री के अलावा 3 से 5 किमी के दायरे में पाइप लाइन से यह स्टीम दूसरी फैक्टरियों को भी सप्लाई किया जा सकेगा। कंपनी स्टीम से ही बिजली भी बनाएगी और उसे उन्हीं फैक्टरियों को सप्लाई किया जाएगा। एक स्थान पर कॉमन बॉयलर लगने से पानीपत की 350 डाइंग यूनिटों में लगे बॉयलर बंद हो जाएंगे। फैक्टरी के गेट तक स्टीम व बिजली सप्लाई करने की जिम्मेदारी गैपिल कंपनी की होगी। जो भी इंडस्ट्री जितनी स्टीम या बिजली यूज करेगी तो उसी हिसाब से उसका बिल आएगा। राणा ने कहा कि चीन में इस तरह के बहुत प्रोजेक्ट लगे हैं,लेकिन उत्तरी भारत में यह पहला इस तरह का प्रोजेक्ट होगा।

पानीपत में रविवार को भीम राणा कॉमन बायलर की जानकारी देते हुये। - एस

कॉमन परियोजना के फायदे

कॉमन बॉयलर प्रोजेक्ट से प्रदूषण की मात्रा घटकर 2 फीसदी तक रह जाएगी। जिससे बार-बार फैक्टरियों के बंद के संकट से छुटकारा मिल जाएगा। सभी फैक्टरियों में बॉयलर 25 प्रतिशत जगह में लगा होता है, इसमें उद्यमी अपना और भी कोई काम कर सकेंगे और पेड़-पौधे भी लगा सकते हैं। इसके अलावा छोटे उद्यमी महंगा बॉयलर नहीं लगा सकते तो वे भी अपनी फैक्टरी को चला सकेंगे।

चंडीगढ़ सेक्टर-15 स्थित लाजपत राय भवन में द्वारका दास लाइब्रेरी में रविवार को लाला लाजपत राय के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करती एक युवती। -दैनिक ट्रिब्यून

लाला लाजपत राय के रास्ते पर चलने का आह्वान

पंचकूला, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

आज यहां सेक्टर 11 के चमनलाल डीएवी स्कूल में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय का बलिदान स्मृति समारोह आयोजित किया गया। इसमें सबसे पहले देवयज्ञ किया गया। इसके बाद आर्य अमित ने ऋषि जीवन से प्रेरणा लेने के लिए एक भजन प्रस्तुत किया। अमरावती से पधारे आर्य संदीप चहल ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से सीखने का आह्वान किया।

आर्य समाज सेक्टर-27 पंचकूला के प्रधान आर्य पुनीत देशवाल ने बताया के लाला लाजपत राय को सत्य, न्याय, निष्पक्षता अर्थात धर्म पर चलने के करण अत्याचारी अंग्रेजों ने कायरतापूर्ण तरीके से मार डाला। 30 अक्तूबर, 1928 को पुलिस ने उन्हें पीट-पीटकर बेहोश कर दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। आर्य अशोक सेक्टर-20 ने बताया कि लाजपत राय की तरह उत्साह रखना होगा। इसके बाद माता संतोष आर्या ने गीत गाया। इस अवसर पर सुमेधा आर्या, डॉक्टर चांदकौर आर्या मूर्ति आर्या, अर्जुन सिंह राजेंद्र सिंह, अमित आर्य आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

साइबर अपराधियों के हत्थे चढ़ 50 हजार गंवाए

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

शहर नवनीत नगर निवासी अंकुश शर्मा साइबर अपराध का शिकार हो गया है। पेटीएम के माध्यम से किसी ठग ने उसे 50 हजार रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस को जानकारी देकर संबंधित ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में उसने बताया कि उसने कस्टमर केयर नंबर पर काल की जो स्नैप डील नामक कंपनी का नंबर शो होता है। यह नंबर गूगल से लिया। काल करने पर दूसरी ओर से व्यक्ति ने अंकुश को अपना पेटीएम लॉग आउट करने के बाद लॉग इन करने को कहा। जब अंकुश ने ऐसा किया तो उसके खाते से रुपये कटने शुरू हो गये। थोड़ी देर में अंकुश के खाते से 50 हजार कट गये। काफी कोशिश के बाद भी पैसे ट्रांसफर होने से नहीं रुके। उसने पुलिस को आरोपी का ट्रांजेक्शन आईडी भी बतायी है, जिसमें पैसे जमा हुए हैं। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

ट्रस्ट ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 500 की जांच

पंचकूला में रविवार को आयोजित शिविर में मरीजों की जांच करते डाक्टर। -ट्रिन्यू

पंचकूला, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

अग्रवाल जन आरोग्य ट्रस्ट की ओर से किडनी और गाल ब्लेडर की पथरी, मुंह के कैंसर की डिटेक्शन, रसोली की समस्या की जांच के लिये यहां सेक्टर 16 के अग्रवाल भवन में शिविर लगाया गया। ट्रस्ट संरक्षक राकेश अग्रवाल, विनोद कुमार बंसल, अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि पांच डाक्टरों की टीमों ने 500 लोगों की जांच की। शिविर में कई गांवों और कालोनियों से लोग जांच के लिये पहुंचे। विभिन्न दानी सज्जनों ने इस कैंप में मरीजों के इलाज करवाने का आश्वासन दिया।

राकेश अग्रवाल और विजय अग्रवाल के मुताबिक गरीब लोगों को फ्री इलाज मुहैया करवाने के लिये उनकी संस्था प्रयासरत है। डा. पुष्पा मोहकर, डा. सुभाष शर्मा सहित अन्य ने मरीजों का चैकअप किया। इस दौरान दो लोगों के मुंह के कैंसर डिटेक्ट की गई।

जो बोले सो निर्भय के जयकारों से गूंजा गांव

अंबाला, 17 नवंबर (निस)

संत गुरु रविदास जी के अनुयायी संत बैसाखी दास की 38वीं पुण्यतिथि पर रविवार को उन्हें गांव तंदवाली में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चित्रा सरवारा ने कहा कि सतगुरु रविदास भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक हैं जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार में एकता और भाईचारे पर जोर दिया। उन्होंने अपनी दया दृष्टि से करोड़ों लोगों का उद्धार किया जिनमें मीरा बाई,सिकंदर लोधी, राजा पीपा और राजा नागरमल प्रमुख हैं। रविदास का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा को संवत 1433 में हुआ था। रैदास ने साधु-सन्तों की संगति से ज्ञान प्राप्त किया था। वे जूते बनाने का काम करते थे। इस मौके पर गांव में जो बोले सो निर्भय के जयकारों की ध्वनि गूंजती रही। चित्रा सरवारा ने कहा कि आज संत निरंजन दास बल्लांवाले जालंधर, संत मंदीपदास डेरा रविदास आश्रम सिरसगढ़ अंबाला, संत निर्मल दास डेरा रविदास आश्रम कपाल मोचन और समस्त संत समाज का आशीर्वाद पाने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ।

कैंप में किया हड्डियों का चेकअप

पिंजौर, 17 नवंबर (निस)

स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हिमशिखा कॉलोनी में आरडब्ल्यूए कम्युनिटी सेंटर में रविवार को घुटने-कूल्हे, हड्डियों की समस्याओं संबंधी मुफ्त आर्थोपेडिक चेकअप कैंप आयोजित किया गया जिसमें लोगों ने अपनी हड्डियों, जोड़ों की जांच करवाई। डॉ.मनोज वधवा की टीम ने मरीजों की जांच की। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रघुवीर सोढ़ी ने बताया कि इस अवसर पर मरीजों को फ्री दवाइयां भी दी गई।

सड़क पार कर रही महिला को कार ने कुचला, मौत

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

सड़क पार कर रही एक महिला को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उसे सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 36 वर्षीय संतारा निवासी गांव सढेबारह आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह एक फुटवेयर कंपनी के ठेकेदार के माध्यम से वहां काम करती थी। फिलहाल वह गांधी पार्क बलदेव नगर के पास रह रही थी। हादसे के समय वह फैक्टरी से काम समाप्त करके घर वापस जा रही थी। पुलिस ने इस संबंध में ठेकेदार राकेश निवासी टैगोर गार्डन नारायणगढ़ रोड अंबाला शहर की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

संतोष सारवान ने फिर ठोंकी मुलाना की सियासत में ताल

'भाजपा के लिये अंतिम सांस तक काम करूंगी'

अंबाला, 17 नवंबर (निस)

विधानसभा चुनाव में मुलाना भाजपा से टिकट कटने के बाद अचानक हलके से गायब हुई पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने आज फिर हलके में सक्रिय राजनीति का आगाज कर दिया है। उन्होंने बराड़ा में अपने हजारों समर्थकों को बुलाकर फिर सक्रिय तौर पर हलके की सेवा करने का ऐलान किया है। उनके चेहरे पर टिकट कटने का मलाल साफ नजर आ रहा था, लेकिन उनका कहना था कि वे इसके बाद भी भाजपा में रहीं, जबकि उस वक्त कई अन्य दलों ने उनको टिकट देने का ऑफर किया था।

संतोष चौहान सारवान ने कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उनको भरोसा दिलाया कि मुलाना हलके में भाजपा को मजबूत करने के लिये वे अब दिन रात एक कर देंगी। सारवान ने कहा कि उनके पांच साल के शासनकाल में बहुत से विकास कार्य हुये हैं और जो बचे हैं उनको पूरा करने उनके जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि टिकट कट जाने के बाद भाजपा ने राजबीर बराड़ा को टिकट देकर चुनावी दंगल में उतारा, लेकिन वे जीत नहीं सके। इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे यह तो वे नहीं बता सकती। इस दौरान पूर्व विधायक हलके के एक कार्यकर्ता से मिली और उनका हाल जाना।

खबर है...

पात्रता परीक्षा में अपीयर हुए 2734 परीक्षार्थी

पंचकूला (ट्रिन्यू) : उपायुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित पीजीटी, टीजीटी और जेबीटी की हरियाणा अध्यापक पात्रता (एचटेट) परीक्षा में जिला से 2734 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया था, इसके अलावा विशेष उड़नदस्तों का भी गठन किया गया था। आज दूसरे दिन भी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे व जैमर लगाये गए थे। सीटीएम नवीन कुमार आहूजा, एसडीएम सुशील कुमार व डीईओ हरमिंदर सैनी ने हंसराज पब्लिक स्कूल सेक्टर-6, डीसी मोडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर-7, मोतीराम आर्य पब्लिक स्कूल सेक्टर-7, में बने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गौरीशंकर सेवा दल ने किया खिलाड़ी का सम्मान

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : सेक्टर-45 की गौशाला में रविवार को एरिया के थाना प्रभारी बलदेव कुमार ने गऊओं को सतनाजा दाना डालकर गौमाता का आशीर्वाद लिया। गौरीशंकर सेवा दल की ओर से बलदेव कुमार का एशियन बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर मेडल एवं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर मेडल जीतने पर विशेष रूप से सम्मान किया गया। गौरीशंकर सेवादल के सभी सदस्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

आफिस में घुसकर कंप्यूटर, लैपटॉप चोरी

अंबाला शहर (हप्र) : शहर के बाजार राधा कृष्ण के एक ऑफिस से चोर 2 कंप्यूटर व 1 लैपटॉप चुरा ले गये। दुकान मालिक ने कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। दुकान मालिक सुबह कार्यालय पहुंचा तो वहां से सामान गायब मिला। रजत जैन निवासी सेक्टर-9 ने पुलिस शिकायत में बताया कि 15 नवंबर की रात चोर ऑफिस के अंदर घुसकर 2 कंप्यूटर व एक लैपटॉप चोरी कर ले गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जैन परिवारों की मीटिंग में पहुंचे 130 सदस्य

अंबाला में रविवार को जैन मिलन की मासिक मीटिंग में शिरकत करते परिवार। -नस

अंबाला ,19 नवंबर (नस)

जैन परिवार मिलन द्वारा रविवार को नवंबर माह की पारिवारिक मीटिंग चौपाल के रूप में फूड कोर्ट रिसोर्ट में पूरे उत्साह से मनाई गयी। मीटिंग का मुख्य आकर्षण प्राचीन समय में खेले जाने वाली गेम्स का आयोजन था। मीटिंग को हरियाणा दिवस एवं बाल दिवस को समर्पित किया गया। मंच संचालन मनोज-सोनिया जैन, गौरव- जीतू जैन एवं मौलिक-मितुल जैन ने हरियाणवी वेशभूषा एवं हरियाणवी बोली में किया। मीटिंग में 40 से अधिक परिवारों के लगभग 130 सदस्यों ने भाग लिया। बच्चों ने एक रंगारंग प्रस्तुति यादों की बारात पर दी। पति-पत्नी की नोक झोंक पर हरियाणवी नाटिका प्रस्तुत की गई। मीटिंग में वर्ष 2020 के लिए नवनिर्वाचित प्रधान साहिल जैन के नाम की घोषणा की गई। इस मोके पर जैन परिवार मिलन के सदस्य सुभाष जैन , अमन जैन, अमित जैन समीर जैन और शुभम जैन आदि उपस्थित रहे।

जसबीर मलौर की अध्यक्षता में बैठक

सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

अग्रसेन चौक अंबाला शहर में कांग्रेस द्वारा 19 नवंबर को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पूरे अंबाला जिले के हलके नारायणगढ़, अंबाला शहर, अंबाला कैंट और मुलाना हलके के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद कुमारी सैलजा करेंगी।

धरना प्रदर्शन को लेकर हलका अंबाला शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग कांग्रेस भवन अंबाला शहर में हुई।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक जसबीर मलौर ने की। इस मौके पर मलौर ने सभी कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि बैसाखियों के सहारे चल रही भाजपा सरकार ज्यादा देर चलने वाली नहीं है और प्रदेश में मध्यवर्ती चुनाव निश्चित है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता अब समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में भी जनता ने भाजपा को सिरे से नकारा है, लेकिन भाजपा जुगाड़ के सहारे सरकार बनाने मे कामयाब हो गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करना है और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस मौके पर पूर्व पार्षद पवन अग्रवाल, राजेश मेहता, रोहित जैन कोषाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी, राजकुमार गामा, धर्मपाल चड्डा, राज रानी, सुरेश बत्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अंबाला शहर स्थित कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक जसबीर मलौर। -हप्र

विधायक असीम ने किया धन्यवादी दौरा

कई गांवों में लाखों के विकास करवाने की घोषणा

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

शहर के विधायक असीम गोयल ने आज गांव रोशनपुर, कंगवाल, महलाए सौंटा, जनसूई, अहमा, कुर्बानपुर, सैनीमाजरा व ईस्माइलपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने दोबारा विधायक बनाये जाने पर लोगों का धन्यवाद किया व मुख्यमंत्री की ओर से सभी गांवों में विकास के लिए लाखों रुपये की धनराशि देने की भी घोषणा की।

विधायक ने ग्रामीणों को कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र को वह अपना परिवार मानते हैं। पिछले 5 साल में उन्होंने सच्चे मन से शहरों की भांति गांवों में विकास कार्यों को करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक टीम भावना से कार्य करते हुए सभी के सहयोग से बिना किसी भेदभाव के शहरी विधानसभा क्षेत्र को सुंदर एवं विकसित करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले भी गांववासियों द्वारा जो भी गांव में विकास कार्यों को करवाने की बात रखी थी, उन्होंने सभी के सहयोग से उसे पूरा करने का काम किया है। इस कार्यकाल में भी वह विकास कार्यों को पहली की भांति और तेजी से करवाने का काम करेंगे।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनदीप राणा, गुरचरण सिंह, सोमनाथ जनसूई, एडवोकेट संदीप सचदेवा, गुरजीत सिंह सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इन पंचायतों को दी विकास राशि

विधायक ने इस अवसर पर गांव रोशनपुरा में 7 लाख रुपये, गांव कंगवाल में 5 लाख, महला में 5 लाख, सौंटा में 5 लाख, जनसूई में 10 लाख, अहमा, कुर्बानपुर, सैनीमाजरा व ईस्माईलपुर में 5-5 लाख रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए देने की घोषणा की।

नवोदय में प्रवेश के लिये आवेदन 10 तक

पंचकूला, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

जवाहर नवोदय विद्यालय मौली में नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिये 10 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2020 को आयोजित की जायेगी। प्रिंसिपल रेनू शर्मा ने बताया कि ऑन लाईन आवेदन की प्रक्रिया 25 अक्तूबर से आरंभ हो चुकी है और 10 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा के लिये आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर निशुल्क किया जा सकता है।

दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने पर नामजद

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

एक जानकार महिला को घर में अकेले पाकर उसे दुष्कर्म करने व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में महिला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात संबंध में जिला संभल के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीय पीड़ित महिला ने महिला थाना पुलिस को शिकायत देकर यह मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित महिला वर्तमान में छावनी के पड़ाव थाना क्षेत्र के एक गांव में रहती है। शिकायत में उसने बताया कि उसकी शादी मालपुर जिला मुरादाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से हुई थी। शादी के बाद वह पति के साथ मात्र 5 दिन ही रही और उसके बाद अपने पिता के पास रहती है। उनके जानकार सुसपाल निवासी जिला संभल यूपी जो वर्तमान में लुधियाना पंजाब में रहता है, का उनके घर पर आना-जाना था। वह 4 नवंबर को घर पर जब अकेली थी तो आरोपी उनके घर पर आया व जबरदस्ती उसके साथ गलत कार्य किया, साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू की है।

लाखों की धोखाधड़ी के 2 आरोपी भेजे जेल

अंबाला शहर, 17 नवंबर (हप्र)

थाना नग्गल में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद, संदीप व लज्जा राम वासी गांव जैतपुरा को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया और उसके आदेशानुसार आरोपी लज्जा राम व सन्दीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी विनोद का 2 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर हुआ।

इस संबंध में महिला ब्रांच मैनेजर कारपोरेशन बैंक हुमायूंपुर की महिला बैंक प्रबंधक ने गत 17 सितंबर को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों विनोद, संदीप व लज्जा राम वासीयान गांव जैतपुरा ने मिलकर 4 अप्रैल 2014 से 16 मई 2016 के दौरान बैंक से लोन लेने के लिए जाली एनओसी बनाने की धोखाधड़ी की है। आरोप है कि इन लोगों ने जमीन बैंक के पास गिरवीं रखकर कई लाख रुपये कृषि ऋण लिया लेकिन उसे निर्धारित अनुबंध के तहत जमा नहीं करवाया। यही नहीं, बैंक के पास गिरवीं रखी गई जमीन को लेकर जाली दस्तावेज बनाने का भी आरोप है। पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजे गए 2 आरोपियों को जेल प्रशासन के सुपुर्द कर दिया, जबकि विनोद से पूछताछ कर रही है।

साल में दूसरा झटका

चंडीगढ़ में शराब 20 से 30 फीसदी तक महंगी

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

उत्पादकों द्वारा हाल ही में दाम बढ़ाये जाने से शहर में शराब 15 से 20 फीसदी तक महंगी हो गई है। सूत्रों के अनुसार शराब की बड़ी कंपनियों ने हाल ही में 30 रुपये से लेकर 50 रुपये तक प्रति बोतल रेट बढ़ा दिये थे। इससे शराब के शोकीन लोगों को दूसरा झटका लगा है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में शराब के रेट बढ़े थे। इंपीरियल ब्लू की बोतल जो पहले 320 रुपये की थी, अब उसकी कीमत 370 रुपये हो गई है। इसके अलावा जिन अन्य ब्रांड की शराब के रेट 50 रुपये बढ़े हैं उनमें बलेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग, सिग्नेचर और रॉयल चैलेंज शामिल हैं। शराब के एक ठेकेदार दर्शन सिंह ने कहा कि कंपनियों द्वारा रेट बढ़ाये जाने के कारण उनके पास कीमत बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं है। प्रशासन द्वारा एक्साइज पॉलिसी की घोषणा के बाद इसी साल अप्रैल में भी शराब के रेट बढ़े थे। इसका कारण ठेकों की नीलामी ऊंचे दामों पर होना और एक्साइज पॉलिसी में ड्यूटी की घोषणा करना था। आबकारी एवं कराधान विभाग ने इस साल 81 ठेकों की नीलामी से रिकार्ड 343 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया था।

ब्रांड	पुराना रेट	नया रेट
रॉयल स्टैग	430	450
बलैंडर्स प्राइड	600	650
सिग्नेचर	600	650
रॉयल चैलेंज	400	450
इंपीरियल ब्लू	320	370

पुलिस कर्मचारियों को तनावमुक्ति के सिखाये गुर

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

पुलिस कर्मचारियों को रोजमर्रा के बढ़ते तनाव से राहत दिलाने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने मल्टीमीडिया सेंटर, सेक्टर-26 में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति और स्वस्थ जीवन जीने के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ के डीजीपी संजय बेनिवाल सहित 1700 पुलिस कर्मचारियों को तनाव से मुक्त रहने के बारे में टिप्स दिये गये। पुलिस कर्मचारियों को मानसिक शांति, सांस लेने की तकनीकों, ध्यान तथा योग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी बहुत ही सख्त होती है तथा वे अपने परिवार को भी समय नहीं दे पाते। इसलिये उनको मानसिक तथा शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को कार्यशाला में सीखे गुरों को रोजाना जीवन में लाने की अपील की।कार्यशाला के दौरान आर्ट आफ लिविंग की ट्रेनर डा. नेहा मिगलानी, उमेश घई, योगेश गौड़ ने पुलिस कर्मचारियों को ध्यान तथा योग तथा ध्यान का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डीआईजी ओमवीर सिंह, एसएसपी नीलाम्बरी जगदले, एसपी मनोज कुमार मीणा, डीएसपी (पुलिस लाइन) दलीप रत्न तथा डीएसपी ट्रेनिंग सीता देवी भी उपस्थित थे।

शिविर में 115 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

राजपुरा (निस) : स्थानीय लायंस क्लब व दमदमी टकसाल जत्थे की ओर से स्व. हरीश मेहता की याद में ब्रेस्ट कैंसर व दिल के रोगों के फ्री चेकअप कैम्प का आयोजन लायंस भवन में किया गया जिसमें मेदान्ता अस्पताल गुड़गांव की टीम ने 115 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और मुफ्त दवाइयां दी गयी। कैंप का उद्घाटन राज रानी महेता ने किया। इस मौके पर संस्था के प्रधान दिनेश मेहता, प्रदीप नंदा, बाबा बरजिंदर सिंह परवाना, जगदीश जग्गा,यशपाल सिंधी आदि के अलावा कई मेम्बर मौजूद थे।

सुरों का जादू

चंडीगढ़ में रविवार को कलाग्राम में 11वें नेशनल क्राफ्ट फेस्टिवल में प्रस्तुति देते गायक कैलाश खेर। - विक्की

परविंदर कटोरा एबीवीपी के संयोजक बने

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र संगठन एबीवीपी के पूर्व सचिव परविंदर सिंह कटोरा को एबीवीपी चंडीगढ़ का संयोजक नियुक्त किया गया। एबीवीपी चंडीगढ़ के कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में आज इस संबंध में घोषणा की गयी। परविंदर 2017 से एबीवीपी के कार्यकर्ता हैं और जून 2018 से उन्होंने सक्रियता से काम करना शुरू कर दिया था। नवंबर, 2018 में उन्हें पीयू यूनिट सचिव का जिम्मा दिया गया था। परविंदर सिंह के पीयू सैक्रेटरी रहते हुए अधिकांश कार्यक्रम, विरोध-प्रदर्शन, समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन और आंदोलन चलाये गये। उनके साथ शिराज गहलोत को महानगर के सह-संयोजक की जिम्मेवारी दी गयी, जो पिछले 2 वर्षों से महानगर सह मंत्री रहे थे। भूगोल विभाग के शोधार्थी अभिषेक गोयत को एबीवीपी चंडीगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अभिषेक भी पिछले वर्ष से एबीवीपी के संपर्क में आये थे, जिन्होंने संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों को करवाने में सहयोग किया था। एसडी कॉलेज से रिया स्वामी व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-46 के शुभम रोहिल्ला को सह-मंत्री की जिम्मेवारी दी गयी है।

सीमा गुप्ता की पुस्तक 'नील पाखी' का विमोचन

साहित्य का जरूरी अंग है जीवनबोध

चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी के जियोलॉजी विभाग में रविवार को 'नील पाखी' के विमोचन अवसर पर उपस्थित साहित्यकार।

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश सेठ ने कहा है कि जीवनबोध साहित्य का अपरिहार्य अंग है। सृजन व्यक्ति के जीवन में आशावाद का संचार करता है। मानवीय मूल्यों को समृद्ध करता है। समाज में एक बेहतर व्यवस्था की स्थापना के साथ ही जीवन में जीवंतता की बयार लाता है। पंजाब यूनिवर्सिटी के जियोलॉजी विभाग में रशियन विभाग के सहयोग से सीमा गुप्ता की पुस्तक 'नील पाखी' के विमोचन समारोह की अध्यक्षता करते हुए जालंधर से आये वरिष्ठ साहित्यकार सेठ ने कहा है कि मृत्यु जीवन का सत्य है, इसलिए बात जीवन की होनी चाहिए।

वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.वीरेंद्र मेहंदीरत्ता ने कहा कि 'नील पाखी' की भाषा से समय का बोध होता है। जीवन में प्रेम के चटख रंग हैं। उन्होंने कहा जब लेखक के पास कहने को बहुत कुछ हो तो उसे विभिन्न विधाओं में लिखना चाहिए।

अंबाला से आए वरिष्ठ साहित्यकार विकेश निझावन ने 'नील पाखी'की रचियता सीमा गुप्ता को संवेदनशील रचनाकार बताते हुए उनकी कविताओं के विभिन्न पक्षों का जिक्र किया। वहीं, प्रो. जे.एस निदरा ने कवयित्री के रचनाकर्म की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इस मौके पर साहित्यकार विजय कपूर ने जहां पुस्तक के आमुख में लिखे विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला, वहीं मंच संचालन की भूमिका भी निभायी।

इन साहित्यकारों ने पढ़े पेपर

इससे पहले कई साहित्यकारों ने 'नील पाखी'पर अपने पेपर पढ़े। डॉ.कैलाश अहलूवालिया, विनोद खन्ना, प्रेम विज, डा. आईडी सिंह, विजय कपूर, सत्याभामा, दर्शना पाहवा आदि ने अपने विचार रखे।

हादसे में बाइक चालक की मौत

बीबीएन,17 नवंबर (निस)

मोटर साइकिल व साइकिल की टक्कर में मोटर साइकिल चालक कुलविन्द्र सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, कुलविन्द्र सिंह वासी धर्मपुर, बद्दी को दुर्घटना में सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। वह भूड बैरियर की तरफ से गांव ठाणा की ओर जा रहा था। उसने मोटर साइकिल से साइकिल को टक्कर मारी और वहीं रोड पर ही अपनी दाहिनी साइड को दोनों गिर गये। उसी समय गांव ठाणा की तरफ से आती हुई एक पिकअप के पिछली साइड भी टच हुआ था।

जमीन बेचने में धोखाधड़ी, केस दर्ज

राजपुरा, 17 नवंबर (निस)

सिटी पुलिस राजपुरा ने जमीन का सौदा करने के बाद 8 लाख रूपये की ठगी करने के आरोप में गुरजार सिंह की शिकायत पर सवरन सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है। ननहेडा निवासी गुलजार सिंह ने बताया कि आरोपी से उसने 4 बीघा जमीन का सौदा किया था। बाद में समय पर रजिस्ट्री नहीं करवाई। आरोपी ने उक्त जमीन पर पहले ही लोन लिया हुआ है जो अब तक नहीं भरा।

फॉसवेक कार्यकारिणी की बैठक

नगर निगम की फिजूल खर्ची को लेकर आक्रोश

मुकेश कुमार
चंडीगढ़, 17 नवंबर

चंडीगढ़ के सेक्टर-43 में रविवार को कार्यकारिणी को संबोधित करते फेडरेशन आफ सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन बलजिंदर सिंह बिट्टू। -दैनिक ट्रिब्यून

फेडरेशन ऑफ सेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन चंडीगढ़ (फॉसवेक) ने चंडीगढ़ नगर निगम पर फिजूल खर्च करने तथा शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने में गैर-जिम्मेदाराना रवैया अख्तियार करने का आरोप लगाया है। फॉसवेक ने नगर निगम एवं चंडीगढ़ प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण शहर में अनवरत हो रहे अवैध कब्जों तथा गैर-कानूनी तौर पर चल रहे ऑटोरिक्शा, टैक्सियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किये जाने पर रोष जाहिर किया है।

संस्था के चेयरमैन बलजिंदर सिंह बिट्टू की अध्यक्षता में फॉसवेक कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 43 में हुई। इस अवसर पर चंडीगढ़ की विभिन्न रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशनों के नुमाइंदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पनप रही समस्याओं बारे चर्चा की। श्री बिट्टू ने शहर में अथाह खर्च करके सेक्टर 17 में बनायी अंडरग्राउंड पार्किंग तथा सेक्टर 17-16 अंडरग्राउंड रास्तों की आलोचना की।

बीते दिन शहर के विकास के लिए प्रशासन द्वारा मुहैया करवायी 50 करोड़ की ग्रांट में से एक-एक करोड़ रुपये पार्षदों के वार्डों में खर्च करने के फैसले की भी चेयरमैन ने निंदा की। उन्होंने कहा कि पार्षद अपने मौजूदा फंड वार्ड में खर्च करने में नाकाम रहे हैं, फिर भी उन्हें यह राशि दी जा रही है।

बैठक के दौरान सेक्टर 37 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जेपी यादव ने नगर निगम द्वारा शहरवासियों को लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च करके बांटे प्लास्टिक के कूड़ेदानों पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि इनकी क्वालिटी बहुत ही घटिया स्तर की थी। गीला और सूखा कचरा इकट्ठा करने के लिए दो छोटे-छोटे डिब्बे दिये गये थे। उन्होंने कहा कि इन कूड़ेदानों की खरीद की जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से करवायी जानी चाहिए। इसी तरह पीजीआई सेक्टर-12 की आरडब्ल्यूए के महासचिव बालकृष्ण ने कहा कि पीजीआई के रिहायशी क्षेत्रों की सड़कें खस्ताहाल हैं। यहां के पार्क पीजीआई के रोगियों और तिमारदारों द्वारा भरे पड़े रहते हैं। परिणामस्वरूप उनके बच्चे किसी इनफेक्शन के डर के मारे खेल के मैदानों में जाते ही नहीं। सेक्टर-44 की आरडब्ल्यूए के निर्मल ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के बाशिंदों की समस्याओं बारे शीघ्र समाधान निकालने की मांग की।

बढ़ते ऑटो और वेंडरों पर अंकुश की मांग

फॉसवेक के चेयरमैन बलजिंदर सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ में निरंतर बढ़ रही टैक्सियों एवं थ्री व्हीलरों की संख्या पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप बढ़ते वायु प्रदूषण में नागरिकों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उन्होंने वेंडरों को पुनः बसाने की नीति को भी दिशाहीन बताया। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारियों की मिलीभगत के कारण आये दिन वेंडरों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने सेक्टर 15 की ग्रीन बेल्ट में बनाये गये वेंडिंग जोन की भी निंदा की।

क्लासीफाइड

रिक्त स्थान

सत्यानंद पब्लिक स्कूल, गोहाना हेतु चाहिए : पीआरटी अंग्रेजी/टीजीटी अंग्रेजी, पीजीटी फिजिक्स, पीजीटी मैथ्स एवं लैब असिस्टेंट कैम. लैब. हेतु। दिनांक 21 नवंबर से 23 नवं. 2019 तक प्रातः 11 बजे से अप. 2 बजे साक्षात्कार हेतु पधारें। आकर्षक वेतन। बाहरी उम्मीदवारों हेतु आवास उपलब्ध है। अपना कवर लैटर + स्व-विवरण 20 नवं. 2019 तक भेजें : info@satyanandpublicschool.com, संपर्क करें : 83071-14458, 94162-95348. (CL19116069)

सार्वजनिक सूचना

मैं, रणबीर सिंह पुत्र रण सिंह, 257 बी/20, सैनीपुरा, रोहतक, ने अपने बेटे रविन्द्र उर्फ सोनू तथा उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोनी को कहने से बाहर होने से चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब इन दोनों के किसी भी काम या लेन -देन के लिए मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। (CL19115610)

मैं, Ngawang Jigme पुत्र Sh. Tenzin निवासी गांव व डाकघर रिवालसर, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र., ने अपना उपनाम Ngawang Jigme से बदलकर Ngawang Jigmey रख लिया है। (CL19116073)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

अमरूद का पेड़ काटने पर चली गोलियां

ताऊ-चाचा के बेटों में खूनी झड़प

चचेरे भाई के दोस्त ने घोंपी किरच

मोहाली,17 नवंबर (निस)

चंडीगढ़ में रविवार को सेक्टर-16 के अस्पताल में उपचाराधीन बुजुर्ग अजीत सिंह। -निस

मुल्लांपुर थाने के अधीन पड़ते गांव मस्तगढ़ में अमरूद का पेड़ काटने पर 2 भाइयों में झगड़ा हो गया। दोनों आपस में चाचा-ताऊ के बेटे बताए जा रहे हैं। झगड़ा बढ़ने पर चाचा के लड़के गुरप्रीत सिंह पम्मा ने अपने ताये के बेटे जसविंदर पर लाइसेंसी दोनाली से फायर कर दिए परंतु गुरप्रीत के फायरों से जसविंदर बच गया। उसके बाद गुरप्रीत के दोस्त ने जसविंदर सिंह पर किरच से हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं गुरप्रीत द्वारा जसविंदर सिंह पर किए गए फायर से निकले छर्रों से गांव के 2 बुजुर्ग अजीत सिंह व शीतल सिंह घायल हो गए। गांव वालों के इकट्ठा होने पर वारदात के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल जसविंदर सिंह व शीतल सिंह को सिविल अस्पताल खरड़ में भर्ती करवाया गया जबकि अजीत सिंह चंडीगढ़ में सेक्टर-16 के अस्पताल में उपचाराधीन है। इस मामले में एसएचओ मुल्लांपुर एचएस चीमा ने बताया कि घायलों के ब्यानों पर गुरप्रीत सिंह, उसके दोस्त गगन व अशोकी के अलावा कुछ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावर अभी फरार हैं।

यह है मामला

गांव के लोगों ने बताया कि गुरप्रीत सिंह उर्फ पम्मा का घर के पास प्लॉट है जहां उसने अमरूद का पेड़ लगाया हुआ था। रविवार शाम पम्मा के घर उसके 2 दोस्त गगन व अशोकी निवासी जयंती माजरी आए हुए थे। जसविंदर ने गुरप्रीत के प्लॉट में लगा अमरूद का पेड़ उखाड़ दिया जिसके बाद गुरप्रीत ने अपनी लाइसेंसी दोनाली से जसविंदर पर फायर कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर चार-पांच गोलियां चलीं परंतु जसविंदर बच गया। परंतु छर्रों से अजीत सिंह व शीतल सिंह घायल हो गए। बाद में अशोकी ने जसविंदर पर किरच से वार कर दिया।

दीपा दुबे चंडीगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

कांग्रेस नेता दीपा असधीर दुबे को चंडीगढ़ महिला कांग्रेस का प्रधान नियुक्त किया गया है। दीपा ने कहा कि वह महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवाज उठायेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हैं, लेकिन महंगाई ने हर घर की रसोई का खर्च बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महंगाई का विरोध कर रही है। दीपा को चंडीगढ़ महिला कांग्रेस का प्रधान बनाये जाने पर पार्टी के चंडीगढ़ अध्यक्ष प्रदीप छाबड़ा ने बधाई दी। इस मौके पर चंडीगढ़ कांग्रेस के कई नेता उपस्थित रहे। दीपा हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में वकालत कर रही हैं। इसके अलावा साल 2016 में कांग्रेस की तरफ से वार्ड नंबर 2 से नगर निगम का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। साथ ही वह कांग्रेस के शक्ति प्रोजेक्ट और पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए भी कार्य कर चुकी हैं।

यमुनानगर के समीप बिलासपुर में हादसा

कालका से हरिद्वार जा रही टूरिस्ट बस पलटी

गंगा स्नान के लिए जा रहे कालका-पिंजौर के कई यात्री घायल

पिंजौर, 17 नवंबर (निस)

कालका-पिंजौर से श्रद्धालुओं को लेकर हरिद्वार जा रही बस बिलासपुर के पास पलटी हुई। -निस

पिंजौर, कालका के 53 श्रद्धालु रविवार को प्राइवेट टूरिस्ट बस से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए रवाना हुए थे, लेकिन यमुनानगर के समीप बिलासपुर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में लगभग 17-18 यात्रियों को चोटें आईं, जिनमें से 2 महिलाओं सहित 4 लोगों को पंचकूला सेक्टर-6 सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शेष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। रविवार देर शाम सभी यात्री पिंजौर, कालका अपने घरों में सही सलामत पहुंचे। यात्रियों में रोटरी क्लब पिंजौर कालका हिल्स पूर्व प्रधान हिमांशु खोसला, नोबल हाई स्कूल प्रिंसिपल सुनील कौशल उनकी पत्नी, डीएवी स्कूल सूरजपुर के अधिकारी प्रवीण गर्ग, कालका निवासी विनोद, सुनील, अनिमा आदि 53 लोग बस में सवार थे।

हिमांशु हौसला ने बताया कालका निवासी विनोद, सुनील, अनिमा सहित 4 लोगों के कंधे और बाजू की हड्डी में मामूली-सा हेयर फ्रैक्चर था जिन्हें उपचार के लिए पंचकूला अस्पताल भर्ती करवाया गया। जबकि शेष को मामूली चोटें आई थी उन्हें छुट्टी दे दी गई।

शिमला से चंडीगढ़ आ रही स्विफ्ट पलटी

पिंजौर-कालका बाईपास पर स्थानीय बिटना गांव के सीनियर सेंकेंडरी स्कूल के समीप शिमला से चंडीगढ़ की ओर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार संतुलन खोकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। कार में केवल एक शख्स मौजूद था वह बाल-बाल बच गया. उसको हल्की खरोंचें आईं। दुर्घटना के समय समीप ही पुलिस का नाका लगा हुआ था। कार चालक को तुरंत पलटी हुई गाड़ी से निकाला।

पिंजौर-कालका बाईपास पर गांव बिटना सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप पलटी हुई स्विफ्ट। -निस

epaper.dailytribuneonline.com

ऑर्डर पर आये कपड़े जले

बुटीक में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

मोहाली, 17 नवंबर (निस)

सेक्टर- 70 गांव मटौर में संगीता बुटीक में रविवार सुबह आग लग गई। जब वहां से गुजर रहे राहगीरों ने धुंआ निकालता देखा तो पुलिस और फायरब्रिगेड को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। परंतु जब तक आग पर काबू पाया गया बुटीक का सारा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना रविवार सुबह करीब पौने 7 बजे की है। बहराल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट की तरफ से बताया गया कि आग का कारण अभी तक साफ नहीं हो पाया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी हो सकती है।

बुटिक मालिक के अनुसार शादियों का सीजन होने के चलते दुकान में कस्टमर के शादी के सूट सिलने के लिए आए हुए थे। वहीं रुटीन महिला कस्टमरों ने भी पार्टी ड्रेस बनने के लिए दी हुई थी। उन्होंने काफी लोगों के ऑर्डर पकड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने से कपड़ों के अलावा उनकी सिलाई मशीनें तक जलकर राख हो चुकी हैं। बुटीक तिरजू रोहिला व उनका भाई चलाता हैं। हालांकि जले हुए सामान का एस्टीमेट पता नहीं चला है। दुकान मालिक का कहना है कि वह अभी कुछ नहीं बता पाएंगे परंतु नुकसान लाखों में हुआ है। इस मामले को लेकर एसएचओ सोहाना राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस के पास आग लगने की कोई सूचना नहीं आई है।

मोहाली के सेक्टर-70 में रविवार को बुटीक में आग लगने के बाद जला हुआ सामान। -निस

चंडीगढ़ के सेक्टर 52 स्थित कजहेड़ी में रविवार को एक गत्ता गोदाम में लगी आग के बाद मौके पर पहुंचा अमला। -विक्की

हवन यज्ञ, विशाल भंडारे का आयोजन

बीबीएन, 17 नवंबर (निस)

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर निर्माण के फैसले की खुशी में इशरी गौशाला नालागढ़ में चल रहे अखंड श्री रामचरितमानस पाठ रविवार को विश्व शांति यज्ञ के साथ सम्पूर्ण हुआ। हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने राम प्रसाद ग्रहण किया। सायंकाल में गौशाला परिसर में दीपोत्सव भी मनाया गया जिसमें राम भक्तों द्वारा हजारों दिए जलाये गए और दीपों से राम मंदिर की प्रतीकात्मक दीपमाला प्रज्जवलित की गई।

आरएसएस के जिला प्रचारक जोगिंदर कुमार ने बताया कि अयोध्या रामजन्मभूमि मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्री राम मन्दिर के पक्ष में निर्णय आने के बाद खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि अभिपूर निवासी मनदीप शर्मा ने दो साल पहले श्री राम मंदिर निर्माण की कार्रवाई शुरू होने तक बाल न कटवाने का संकल्प लिया था। आज उन्होंने अपना संकल्प पूरा होने पर सभी के समक्ष अपने बाल कटवाए।

श्रद्धांजलि भी, संदेश भी

चंडीगढ़ में रविवार को सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों की याद में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देती पुलिस। - विक्की घारू

राष्ट्रीय स्वास्थ्य पर सेमिनार में पुरस्कार वितरित

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

सेक्टर-16 स्थित गांधी स्मारक भवन में योग इंडिया फाउंडेशन भारत एवं विद्युता ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य को लेकर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्यातिथि चंडीगढ़ के मेयर राजेश कालिया थे। इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से सामाजिक सेवा के लिए डॉ. बलदीप कौर, डॉ. एमपी डोगरा, डॉ. विकास, डॉ. रमन, योगी गोपाल दास, योगी संजीव त्यागी, योगी मीनाक्षी ठाकुर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जयपुर से पहुंचे डॉ. राम हरि मीणा तथा योगी पूरण चंद ने हेल्थ और वेलनेस पर वक्तव्य दिया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने योगासनों का प्रदर्शन किया। डीएसपी राम गोपाल ने भी योग के बारे में विचार सांझे किये। योग इंडिया फाउंडेशन के प्रेसिडेंट योगी नरेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 150 लोगों ने भागीदारी की।

नाबालिग ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

मानसिक तौर पर रहती थी परेशान

जीरकपुर, 17 नवंबर (निस)

जीरकपुर थाना क्षेत्र के अधीन पड़ती अमोलक एन्कलेव में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने पंखे के साथ फंदा लगा कर खुदकुशी कर ली। मृतक लड़की की पहचान पायल के रूप में हुई। मृतका के मां-बाप मज़दूरी का काम करते हैं। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर शव को कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी। मौके से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतका के माता-पिता के अनुसार गरीबी के कारण पायल मानसिक तौर से परेशान थी। पुलिस ने मृतक पायल के पिता प्रमोद के बयानों पर कार्यवाही की है। देर शाम मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस की तरफ से मिली जानकारी अनुसार पायल के मां- बाप काम के लिए घर से बाहर गए हुए थे। रविवार प्रातः जब मृतका पायल की मां किसी काम के लिए घर वापिस आई तो दरवाज़ा अंदर से बंद था। बार-बार दरवाज़ा खटखटाने पर जब पायल ने दरवाज़ा नहीं खोला तो पड़ोसी की मदद से दरवाज़ा तोड़ा गया। अंदर जाकर देखा तो पायल की लाश पंखे के साथ झूल रही थी।

स्पोर्ट्स कार्नर

वालीबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

पिंजौर में रविवार को कालका के विधायक प्रदीप चौधरी वालीबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। -निस

पिंजौर (निस) : पिंजौर-कालका रोड ड्रीम वर्ल्ड कॉलोनी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में नेशनल वालीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल विजेता 2 खिलाड़ियों को विधायक प्रदीप चौधरी ने सम्मानित किया और पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कालोनीवासियों ने प्रदीप चौधरी को कॉलोनी की समस्याओं संबंधी एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदीप चौधरी ने कहा कि युवाओं के लिए खेल के साथ शिक्षा भी बेहद जरूरी है। इन युवकों ने अपने दमखम से देशभर में पिंजौर का नाम रोशन किया है। विधायक के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

अंबाला जोन कराटे की ओवरआल ट्रॉफी यमुनानगर को

अंबाला में रविवार को कराटे प्रतियोगिता में विजेता को ट्राफी भेंट करते प्रिंसिपल विकास कोहली। -हप्र

अंबाला शहर (हप्र) : आज स्थानीय पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा ओलंपिक से मान्यता प्राप्त हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन द्वारा अंबाला जोन कराटे प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें ओवरऑल ट्रॉफी यमुनानगर जिले ने हासिल की, जबकि द्वितीय स्थान पर अंबाला जिला रहा तृतीय स्थान पर कैथल और कुरुक्षेत्र रहा। इस प्रतियोगिता में अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, पंचकूला से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ी आगामी माह में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पुरस्कार वितरण प्रिंसिपल डॉक्टर विकास कोहली द्वारा किया गया।

गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के समर्थ शर्मा और अर्णव अग्रवाल ने सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस टूर्नामेंट में चडीगढ़ के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता। टूर्नामेंट का आयोजन बिजनौर (यूपी) में 9 से 14 नवंबर तक हुआ था। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में उन्होंने नॉर्थ बंगाल, सेमीफाइनल में दिल्ली और फाइनल में यूपी को हराया।

सरपंच और उसके भाई पर जानलेवा हमले का मामला

हत्या के प्रयास में 20 नामजद, कई अज्ञात पर भी केस

नकदी, चेन और मोबाइल भी छीन ले गये थे आरोपी

राजपुरा, 17 नवंबर (निस)

खेड़ी गंडिया पुलिस ने सरपंच व उसके भाई की हत्या का प्रयास करने के आरोप में करीब 20 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के पास दर्ज करवाई रिपोर्ट में गांव तख्तूमाजरा के सरपंच हरसंगत सिंह ने बताया कि गत 15 नवंबर को भाई गुरमीत सिंह सहित गाड़ी में घर की तरफ जा रहा था। बड़ौली गुज्जरां के पास आरोपी परविंद्र सिंह, हरचंद सिंह, गुरसेवक सिंह, सुरिंद्रपाल सिंह, नरिंद्र सिंह खड़े थे, जिन्होंने अपनी गाड़ी को आगे लगाकर घेर लिया और गुरमीत सिंह की पिटाई कर दी। सुरिंद्रपाल ने अपनी शिरि साहिब निकाल कर वार किया जिससे गुरमीत की उंगली पर चोट आई। गुरमीत को अस्पताल लेकर आए तो आरोपियों ने वहां भी उस पर और भाई गुरमीत सिंह पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। सरपंच हरसंगत की गंभीर हालत देखते हुए डाक्टरों ने उसे चंडीगढ़ सेक्टर 32 के अस्पताल में रैफर कर दिया। झगड़े के दौरान आरोपी 8 हजार रुपये, एक मोबाइल व सोने की चेन छीनकर ले गये। हमले की वजह पुरानी रंजिश बतायी गयी है जिस पर पुलिस ने परविंद्र सिंह, हरचंद सिंह, गुरसेवक सिंह, कुलदीप सिंह, सुरजीत सिंह व सुरिंद्रपाल सिंह आदि सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी।

राजपुरा के सिविल अस्पताल में सीसीटीवी में कैद सरपंच व उसके भाई को पीटते आरोपी। -निस

क्या कहते हैं विधायक हरदयाल सिंह

इस संबंध में बात करने पर विधायक हरदयाल सिंह कम्बोज ने कहा कि सिविल अस्पताल में शुक्रवार को हुई खूनी झड़प निंदनीय है। जिन्होंने अस्पताल के अंदर घुस कर गुंडागर्दी की है उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

रन फॉर नेचुरोपैथी आज

चंडीगढ़, 17 नवंबर (ट्रिन्यू)

गांधी स्मारक भवन, सेक्टर-16ए, चंडीगढ़ में सोमवार को प्राकृतिक चिकित्सा समिति, चंडीगढ़ के तत्वावधान में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाएगा। प्रातः 6:30 बजे 'रन फॉर नैचुरोपैथी' का आयोजन सुखना लेक पर किया जाएगा।

कैंपस

एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित

बीबीएन स्थित रामशहर की आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में रविवार को एनएसएस शिविर के समापन पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं स्वयंसेवी। -निस

बीबीएन (निस) : राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामशहर में चल रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन हो गया। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर शिवलिका ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस गान व अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान वालंटियर अरुण को श्रेष्ठ स्वयंसेवक,कोमल को श्रेष्ठ स्वयंसेविका,जसविंदर को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक और स्वयंसेवक शिवम के नेतृत्व वाले समूह को सर्वश्रेष्ठ समूह के पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविरों से विद्यार्थियों में सामूहिक नेतृत्व, समाजसेवा,अनुशासित दिनचर्या का पालन करना जैसे गुणों का विकास होता है।

सांस्कृतिक समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

राजपुरा में रविवार को मुक्त इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्जवलित करते विधायक हरदियाल कंबोज। -निस

राजपुरा (निस) : यहां मुक्त इंटरनेशनल स्कूल में विशाल सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। मुख्य मेहमान विधायक हरदियाल सिंह कंबोज, उनकी धर्मपत्नी गुरमीत कौर व विशेष मेहमान नरिंदर शास्त्री प्रधान नगर काउंसिल ने समारोह का आगाज किया। विद्यार्थियों ने प्रोग्राम सरस्वती वंदना, बाल लीला, हरियाणवी नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गिद्दा, भांगड़ा, देश भक्ति पर अधारित स्किट प्रस्तुत कीं। प्रिंसिपल जगजीत कौर जग्गी ने बताया कि विद्यार्थियों को बुद्धि व शारीरिक तौर पर विकसित करने के लिए सांस्कृतिक समारोह आयोजित करवाए जाते हैं। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए तैयार मॉडल दिखाये गये। इस अवसर पर मुक्त ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित नगर कौंसिल प्रधान नरेन्द्र शास्त्री, व्यापार मंडल प्रधान नरेन्द्र सोनी, पवन पिंका आदि मौजूद थे।

नालागढ़ नगर परिषद उपचुनाव में जीतीं प्रभात किरण

निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनुराधा को 60 मतों से हराया

बीबीएन, 17 नवंबर (निस)

नालागढ़ नगर परिषद के वार्ड-8 बस्सियांवाला के लिए रविवार को हुए उप चुनाव में प्रभात किरण पत्नी रजनीश मेहता को विजयी घोषित किया गया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी प्रशांत देष्टा ने दी है। देष्टा ने कहा कि प्रभात किरण ने अपनी निकटतम प्रतिद्वन्द्वी अनुराधा को 60 मतों से पराजित किया। उन्होंने कहा कि प्रभात किरण को डाले गए कुल 642 मतों में से 255 तथा अनुराधा को 195 मत प्राप्त हुए। 10 मत नोटा को डाले गए। कोई भी मत अस्वीकृत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मोनिका रतन को कुल 132 मत तथा पूजा को कुल 50 मत प्राप्त हुए।

नालागढ़ नगर परिषद के रविवार को हुए उप चुनाव में विजेता प्रभात किरण। -निस

छतबीड़ चिड़ियाघर में रौनक का माहौल

व्हाइट टाइगर ने दिया 4 शावकों को जन्म

जीरकपुर, 17 नवंबर (निस)

मोहिंद्रा चौधरी जिओलॉजिकल पार्क छतबीड़ चिड़ियाघर के लिए रविवार का दिन बहुत खुशी भरा रहा। आज 'दिया' नामक व्हाइट टाइगर ने 4 शावकों को जन्म दिया है। रविवार सुबह मुआयना करने पर पता चला कि शेरनी चार शावकों की मां बनी है। वहीं गुफा के अंदर होने से फिलहाल उनकी स्थिति के बारे में पता नहीं चल सका है। नर-मादा की पहचान भी उनके बाहर निकलने के बाद ही हो सकेगी। सभी शावक मां के साथ बाड़े में हैं।

"बच्चों को 10 दिनों के लिए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। अभी केवल सीसीटीवी द्वारा बाड़े में नजर रखी जा रही है। 10 दिन बाद ही शावकों के नाम रखे जाएंगे। अभी यह भी पता नहीं कि इनमें कितने नर हैं और कितने मादा।"

-एम सुधाकर, फील्ड डायरेक्टर छतबीड़ जू

आरटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

बीबीएन, 17 नवंबर (निस)

आरटीओ नालागढ़ ने औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में यातायात नियमों को तोड़ने वाले चालकों पर कड़ा शिकंजा कसा। टीम ने क्षेत्र में 65 वाहनों की जांच की। खामियां पाए जाने पर 25 वाहनों के चालान काटकर मौके पर ही 27 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गयी। वहीं टीम द्वारा जब्त किए गए वाहनों से 45 हजार रुपए बतौर टोकन टैक्स भी वसूल किया गया है। आरटीओ नालागढ़ रविंद्र शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके चालान भी काटे।

नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को यातायात नियमों को धता बताने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसते आरटीओ। +निस

epaper.dainiktribuneonline.com

दैनिक ट्रिब्यून
स्थापना 15 अगस्त 1978

जीनियस के जख्म

विशिष्ट प्रतिभाओं को सहेजे देश



मुकुल व्यास

उस दृश्य ने हर संवेदनशील व्यक्ति के मर्म को आहत किया, जिसमें प्रसिद्ध गणितज्ञ वशिष्ठ नारायण सिंह का शव एंबुलेंस के अभाव में काफी समय स्ट्रेचर पर पड़ा रहा। यह वह शख्स था, जिसकी गणितज्ञ के रूप में प्रतिष्ठा भारत से लेकर अमेरिका तक थी। असाधारण प्रतिभा के धनी वशिष्ठ नारायण ने नासा में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने आइंस्टीन के सापेक्षता के सिद्धांत को चुनौती दी थी। यह बात अलग है कि इस बाबत उनका शोध कार्य रहस्यमय ढंग से गायब हुआ बताया जाता है। उनका भारत प्रेम उन्हें स्वदेश वापस ले आया। लेकिन शोध संस्थानों की अंदरूनी राजनीति, पारिवारिक दशा तथा आर्थिक संकट ने इस असाधारण प्रतिभा को नाकाम बना दिया। वे स्मृति भ्रंश के रोग से दशकों जूझते रहे। आर्थिक संकट की बेड़ियां उपचार में बाधक बनीं। गुमनामी का जीवन जीते हुए विशिष्ट वशिष्ठ बदहाली के दंशों को भोगते हुए इस दुनिया से कूच कर गए। हम अपनी विशिष्ट प्रतिभाओं को संजो कर नहीं रख पाते, जिसके चलते या तो वे देश छोड़ जाते हैं या फिर जहान। प्रतिभा पलायन का कारण भी हमारी व्यवस्था में निहित है, जो हमारी प्रतिभाओं को न सहेज पाती है, बल्कि उन्हें कुंठित करती है। तो अमेरिकी विश्वविद्यालयों में शोध, अध्यापन और नासा में काम करने के बाद भारत लौटना क्या उनका कसूर था? क्या उन्हें भी भारतीय वैज्ञानिक हरगोविंद खुराना का अनुसरण करना चाहिए था कि भारत में पर्याप्त सम्मान व अनुकूल रोजगार न मिलने पर पुनः विदेश लौट गए? भारत से लौटकर खुराना को उर्वरा जमीन मिली और फिर शोध पर नोबल जैसा प्रतिष्ठित सम्मान भी। और वशिष्ठ नारायण सिंह को स्वदेश वापसी बाद उपेक्षा, अन्याय और मानसिक रोग के सिवाय क्या मिला?

कहीं न कहीं शोध और अनुसंधान व्यवस्था के शीर्ष पर ऐसे लोग कुंडली मारे बैठे हैं जो प्रतिभाओं को आगे आने का मौका नहीं देना चाहते हैं। तभी प्रतिभाएं देश के बजाय विदेशों में महकती हैं। एक पारदर्शी और उर्वरा जमीन पाकर। खोट हमारी राजनीति में भी है और उच्च शिक्षण शोध संस्थानों में भी। वहीं राजनीति की दखलदांजी भी शोध संस्थानों में स्वस्थ वातावरण निर्मित नहीं होने देती। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जॉन कैली की नजर इस गुदड़ी के लाल पर न पड़ी होती तो वे कभी अमेरिकी विश्वविद्यालयों और नासा नहीं पहुंच पाते। भारत आकर वशिष्ठ नारायण सिंह ने आईआईटी, कानुपर, फिर आईआईटी मुंबई और उसके बाद आईएसआई, कोलकाता में नौकरी की। लेकिन खोटे सिक्कों ने खरे सिक्के को टिकने नहीं दिया। उनके भाई अयोध्या सिंह तो यहां तक आरोप लगाते हैं कि कई प्रोफेसरों ने उनके शोध कार्य को अपने नाम से छपवा लिया। यह भी उनके मानसिक संत्रास का कारण बना। यह हमारे सत्ताधीशों और समाज पर सवालिया निशान है कि एक प्रतिभावान गणितज्ञ दर-दर की ठोकरें खाता रहा और हम उसकी प्रतिभा का सम्मान नहीं कर पाये। हालात ने उन्हें मानसिक रोगी बना दिया। हम न उन्हें उनकी प्रतिभा के अनुरूप प्रतिष्ठित पद दे पाये और न ही उपचार दे पाये। उनकी मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को बेनकाब कर गई।

आज का विचार

देवता तो भाव में रहते हैं, इसलिए भाव ही सबका कारण है। – चाणक्य

एकदा

बड़ी सोच

एक बार गौतम बुद्ध जंगल में आम के पेड़ के नीचे ध्यान मगन थे। तभी वहां खेल रहे कुछ बच्चों ने पेड़ से आम तोड़ने के लिए पत्थर फेंका और वह पत्थर सीधे गौतम बुद्ध के सिर पर लग गया। इस वजह से उनके सिर से खून बहने लगा। गौतम बुद्ध को चोटिल देखकर वहां मौजूद सभी बच्चे डर गए। उन्होंने सोचा कि अब गौतम बुद्ध उन्हें डांटेंगे। वे सभी बच्चे गौतम बुद्ध के चरणों में गिरकर माफी मांगने लगे। बच्चे गौतम बुद्ध से कहने लगे कि उनसे गलती हो गई। उन्होंने पत्थर आम की तरफ उछालते हुए देखा नहीं कि गौतम बुद्ध वहां बैठे हुए हैं। यह सुनकर गौतम बुद्ध बोले, 'बच्चों मेरे पत्थर लगा, इसका मुझे कोई दुख नहीं है। बल्कि मैं इस वजह से दुखी हूं कि जिस तरह पेड़ को पत्थर मारने पर वह फल देता है, ठीक उसी तरह जब यह पत्थर मुझे लगा तो मैं फल नहीं दे सका। ऐसे में जब तुम बच्चों को खुशियां नहीं दे सकता हूं तो भय दिखाकर दुखी क्यों करूं?' प्रस्तुति : निशा सहगल

40 साल पहले

दैनिक ट्रिब्यून

महंगाई और बढ़ने की चेतावनी

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (युन्यू)। राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान परिषद ने भविष्यवाणी की है कि आने वाले महीनों में बढ़ते मूल्यों की स्थिति और भी बिगड़ सकती है। इसके अनुसार दो वर्षों की मूल्य स्थिरता के बाद मुद्रास्फीति फिर बड़े स्तर पर शुरू हो गयी है। चालू वर्ष में संसद में बजट पेश होने के बाद से 8 सितंबर को समाप्त हफ्ते में थोक मूल्य सूचकांक 19 प्रतिशत बढ़ गया है जबकि वित्त मंत्रालय ने सारे वर्ष में सिर्फ एक प्रतिशत मूल्य वृद्धि होने का अनुमान लगाया था।

'कृत्रिम पत्तों' से पर्यावरण अनुकूल ईंधन

पेड़-पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण क्रिया से प्रेरित होकर वैज्ञानिक एक ऐसा 'कृत्रिम पत्ता' विकसित कर रहे हैं जो पेट्रोल के विकल्प के रूप में स्वच्छ तरल ईंधन उपलब्ध कराएगा। पर्यावरण अनुकूल तरीके से तैयार ईंधन से कार्बन का बोझ कम होगा।

वैज्ञानिक पेड़-पौधों से प्रेरणा लेकर वैकल्पिक ईंधन बनाने के तरीके खोज रहे हैं। पेड़-पौधों में होने वाली फोटोसिंथेसिस अथवा प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया को दोहराने के लिए वे 'कृत्रिम पत्ते' विकसित कर रहे हैं। खनिज तेलों से तैयार होने वाली एक महत्वपूर्ण गैस अब एक कृत्रिम पत्ते से तैयार की जा सकती है जो सिर्फ सूरज की रोशनी,कार्बन डाईऑक्साइड और पानी का इस्तेमाल करता है। इस कृत्रिम पत्ते से आगे चलकर पेट्रोल के विकल्प के रूप में स्वच्छ तरल ईंधन भी विकसित किया जा सकेगा।

कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह दिखला दिया है कि उनका डिवाइस बहुत ही सरल तरीके से इस गैस का उत्पादन कर सकता है। इस गैस को 'सिनगैस' भी कहा जाता है। कृत्रिम पत्ते को ऊर्जा सूरज की रोशनी से मिलती है, हालांकि यह बादलों वाले दिनों में भी उतनी ही कुशलता के साथ काम करता है। यह पत्ता सिनगैस के उत्पादन के लिए प्रयुक्त वर्तमान औद्योगिक प्रक्रियाओं से बेहतर है क्योंकि यह वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड नहीं छोड़ता। रिसर्चरों के नतीजे नेचर मटेरियल्स पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। सिनगैस इस समय हाइड्रोजन और कार्बन मोनोऑक्साइड के मिश्रण से तैयार की जाती है। इसका उपयोग कई तरह के उत्पाद बनाने के लिए किया जाता है। इन उत्पादों में ईंधन,दवाएं,प्लास्टिक और उर्वरक शामिल हैं।

कैंब्रिज में रसायन शास्त्र के प्रोफेसर इर्विन रेसनर ने कहा कि आपने कभी सिनगैस के बारे में नहीं सुना होगा लेकिन हर रोज आप ऐसे उत्पादों का उपभोग करते हैं जो इसके इस्तेमाल से निर्मित किए गए हैं। यदि हम इस गैस को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निर्मित करने में सफल हो जाते हैं तो दुनिया पर कार्बन का बोझ कम होगा और स्वच्छ रासायनिक तथा ईंधन उद्योग कायम करने में मदद मिलेगी। प्रो. रेसनर ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सात साल लगाए हैं।

रेसनर और उनके सहयोगियों को यह डिवाइस बनाने की प्रेरणा फोटोसिंथेसिस (प्रकाश-संश्लेषण) की प्रक्रिया से मिली है। पेड़-पौधे इस कुदरती प्रक्रिया के जरिए सूरज की रोशनी की ऊर्जा से कार्बन डाइऑक्साइड को खाद्य पदार्थ में बदलते हैं। कृत्रिम पत्ते में प्रकाश को सोखने वाले दो लाइट एब्जॉर्बर और कोबाल्ट से बने उत्प्रेरक का प्रयोग होता है। ये लाइट एब्जॉर्बर पौधों के उन्हीं मॉलिक्यूल्स की भांति होते हैं जो सूरज की रोशनी का प्रयोग करते हैं। इस डिवाइस को पानी में रखने पर एक लाइट एब्जॉर्बर उत्प्रेरक की मदद से ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। दूसरा एब्जॉर्बर रासायनिक क्रिया को अंजाम देता है जो कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोजन में बदल देती है। इससे सिनगैस बनती है।

रिसर्चरों ने पाया कि ये लाइट एब्जॉर्बर सूरज की कम रोशनी में या बारिश और बादल वाले दिनों में भी काम करते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि यह टेक्नोलॉजी सिर्फ गर्म देशों या गर्मी के महीनों तक ही सीमित नहीं है। इसका उपयोग दुनिया के किसी भी कोने में सुबह से लेकर शाम तक किया जा सकता है। इस कृत्रिम पत्ते की तरह कुछ और डिवाइस भी निर्मित किए गए हैं लेकिन इनसे सिर्फ हाइड्रोजन बनती है। कैंब्रिज के रिसर्चरों का कहना है कि उन्होंने अपने डिवाइस में विभिन्न पदार्थों और उत्प्रेरकों का उपयोग करके सिनगैस निर्मित करने में सफलता प्राप्त की। रिसर्चर अब इसी टेक्नोलॉजी से एथेनॉल जैसे स्वच्छ तरल ईंधन बनाने के तरीके खोज रहे हैं। ऐसे ईंधन पेट्रोल के विकल्प बन सकते हैं।

वैज्ञानिकों के एक दूसरे दल ने एक ऐसा कृत्रिम पत्ता विकसित किया है जो कार्बन डाइऑक्साइड को ईंधन में बदल सकता है। हम सभी जानते हैं कि पौधे फोटोसिंथेसिस की प्रक्रिया से कार्बन डाइऑक्साइड को ग्लूकोज में बदलते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित कृत्रिम पत्ता कुप्रस ऑक्साइड नामक एक सस्ते लाल पाउडर की मदद से फोटो सिंथेसिस की प्रक्रिया को दोहरा कर मिथेनॉल और ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। नेचर एनर्जी पत्रिका में प्रकाशित रिसर्च पेपर के अनुसार घोल को गर्म करने पर पानी वाष्पित हो जाता है और इस प्रक्रिया से प्राप्त मिथेनॉल को एकत्र करके उसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जा सकता है। केनेडा में वाटरलू यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग प्रोफेसर और इस अध्ययन के प्रमुख लेखक यिमिन वू ने बताया कि इस टेक्नोलॉजी ने सौर ऊर्जा को ईंधन में बदलने में दस प्रतिशत की कुशलता दिखाई है। यह दर कुदरती फोटोसिंथेसिस से ज्यादा है। कुदरती प्रक्रिया की कार्यकुशलता करीब एक प्रतिशत होती है।

वू ने कहा कि अब हम औद्योगिक पार्टनरों के साथ मिलकर तरल ईंधन का उत्पादन बढ़ाने के उपाय खोजेंगे। औद्योगिक पार्टनरों के साथ ज्यादा कारगर कृत्रिम पत्ते विकसित किए जा सकते हैं। वू ने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया के व्यावसायिक होने में कई वर्ष लगेंगे। वू के अनुसार इस टेक्नोलॉजी में जबरदस्त क्षमता है। जलवायु परिवर्तन आज एक बड़ी समस्या है। हम कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकते हैं और इस प्रक्रिया में वैकल्पिक ईंधन का भी उत्पादन कर सकते हैं।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पर्यावरण अर्थशास्त्र के प्रोफेसर कैमेरॉन हेपबर्न ने कहा कि कृत्रिम पत्ता वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को खींचने का एक दिलचस्प तरीका हो सकता है। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा नई टेक्नोलॉजी की लागत और सतत विकास के लक्ष्यों पर उसके प्रभावों का है। उन्होंने कहा कि यदि कार्बन डाइऑक्साइड से मूल्यवान उत्पाद बनाए जा सकते हैं तो इससे भविष्य में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को दूर करने की लागत को कम किया जा सकता है।

इस बीच, कुछ वैज्ञानिक सौर सेलों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए फूलों की तरफ देख रहे हैं। आपने देखा होगा कि सूरजमुखी जैसे कुछ फूल हमेशा अपना मुख सूरज की तरफ ही रखते हैं। भले ही आसमान में सूरज कहीं भी हो। फूलों के इस व्यवहार को 'फोटोट्रोपिज्म' कहा जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने इसी तरह की टेक्नोलॉजी विकसित की है। उन्होंने पोलिमर से एक ऐसा पदार्थ विकसित किया है जो हमेशा प्रकाश के स्रोत की तरफ रहता है। रिसर्चरों का कहना है कि उनके द्वारा विकसित उपकरण सौर सेलों को हमेशा सूरज की तरफ रखने के काम आएगा। इससे सौर सेलों की कार्यकुशलता बढ़ेगी।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

अंतर्मन

सार्थक संगति से ही सुख का उजियारा

योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

नि :संदेह हमें सतही चमक वाले पारस पत्थर की बजाय दीपक के गुणों का अंगीकार करना चाहिए। पारस से स्वर्ण बना लोहा दूसरे लोहे को सोना नहीं बना सकता जबकि दीपक से जला दीपक प्रकाश की श्रृंखला समाज को दे सकता है।

समाज में हम सभी मिलकर रहते हैं और हमारा प्रयास होता है कि हम जब भी किसी को साथ लें या उसके साथ चलें तो हमारी संगति को लोग सच्ची और अच्छी संगति कहें। साधारणतः कहा जाता है कि भले ही कोई शराब न पीता हो, लेकिन अगर उसके साथ शराब पीने वाला कोई आदमी रहता हो तो उसे देखने वाले तो उसे भी शराबी ही मानेंगे। अंग्रेज़ी में एक कहावत है—एक व्यक्ति उस संगति से ही पहचाना जाता है, जिसमें वह रहता है।

कबीरदास ने तो बहुत साफ शब्दों में कहा है :-

कबीरा संगत साधु की,हरै और कई व्याधि।
संगत बुरी असाधु की,आठों पहर उपाधि।

अर्थात सज्जन व्यक्ति की संगति बहुत अच्छी होती है, जो दूसरों के दुखों को भी हर लेती है, लेकिन दुर्जनों की संगति बहुत बुरी होती है क्योंकि उसमें तो आठों पहर उपाधि अर्थात दंगा ही दंगा होता रहता है। कुछ दिन पूर्व हिंदी के प्रख्यात लेखक ने मुझे एक बोधकथा भेजी। बोधकथा इस प्रकार है :-

लोहे को छूकर सुवर्ण बना देने वाला पारस और अंधकार से लड़ने वाला एक दीपक पास-पास थे। एक दिन पारस का अहंकार जाग उठा और उसने दीपक को हेय दृष्टि से देखा और कहा-जानते हो दीपक, मेरी महिमा? मेरे प्रभाव को तुम जानते हो कि नहीं? अरे, मैं जिस लोहे के टुकड़े को छूं दूं, वह सोना बन जाता है। अब बता, मेरे सामने तेरी क्या बिसात?

पारस की गर्वोक्ति सुनकर दीपक कुछ सहम-सा गया। फिर सहसा उसे एक युक्ति सूझी। उसने विनम्रता से शीश उठाकर कहा-हे श्रेष्ठ पारस! क्या तुम मेरी एक छोटी सी बात का उत्तर दोगे? अहंकार में डूबे पारस ने अपनी उसी हैकड़ी में

कहा-हां, हां, पूछ, क्या पूछना चाहता है। दीपक ने बहुत ही शांत भाव से पूछा-ठीक है, मुझे सिर्फ इतना बता दो कि जिस लोहे के टुकड़े को तुम छू दोगे, वह तो सोना बन जाएगा न?

पारस ने कहा-इसमें तो कोई शक ही नहीं है, पूरी दुनिया मेरी इस ताकत को जाने कब से जानती और मानती आई है! पारस की यह गर्वोक्ति सुनकर दीपक ने पूछा-मुझे सिर्फ यह बता दो कि क्या तुम्हारे स्पर्श से लोहे से सोना बना हुआ सोना अपने स्पर्श से किसी दूसरे लोहे को भी वैसा ही सोना बना सकता है? पारस ने कहा—नहीं, नहीं, लोहे से सोना बना हुआ फिर लोहे को छूकर सोना नहीं बना सकता, क्योंकि यह शक्ति तो सिर्फ मुझे ही मिली है लेकिन इससे क्या होता है? मेरे छूने से लोहा तो सोना बन जाता है न? अब दीपक ने अत्यंत सहज भाव से कहा—सुनो, पारस, मैं जिस दीपक को छू दूंगा, वह मेरी ही तरह जल कर प्रकाश बिखेरने लगेगा। और इससे भी आगे वह दीपक जो मेरे छूने से जलेगा, जिस भी किसी दूसरे दीपक को छू देगा, वह दूसरा दीपक भी हमारी ही तरह जलने लगेगा। क्या यह शक्ति है तुम्हारे पास? दीपक के इस सत्य को सुनकर पारस निरुत्तर हो गया और दीपक को प्रणाम करते हुए बोला-सच में आज मैंने जाना है कि लोहे को सुवर्ण बनाने वाला मैं पारस अधूरा हूं, क्योंकि मेरे छूने से सुवर्ण बना हुआ लोहा किसी और लोहे को सुवर्ण नहीं बना सकता, जबकि दीपक जिस दीपक को छूकर जला देता है, वह दूसरे अनेक दीयों को जला कर संसार को उजियारा देने की शक्ति रखता है। सच कहूं, दीपक, तुम महान हो। इस बोधकथा का संदेश यही तो है कि एक दीप से जले दूसरा दीप और ऐसे ही जलते जाते हैं अगिनित दीप। महत्वपूर्ण सत्य यह है हम अपने सुख का निरन्तर विस्तार करते चलें।

अब समझ सकते हैं हम कि सच्ची और सार्थक संगति ही संसार को सुख का उजियारा दे सकती है। पारस से सुवर्ण बना लोहा तो कीमती होकर किसी सेठ की तिजोरी में कैद हो जाता है, लेकिन एक बुझा हुआ दीप अगर कहीं से तेल और बाती पा जाए तो तुरंत उस जलते हुए दीपक के स्पर्श से जल उठता है और उसमें अंधियारे से लड़ने की ताकत भी आ जाती है।

महाकवि प्रसाद जी ने कहा है :-

औरों को हंसते देखो मनु,/ हंसो और सुख पाओ।
अपने सुख को विस्तृत करलो,/ सबको सुखी बनाओ।

हम भौतिकता की अंधी दौड़ में आत्मवत् सर्वभूतेषु का भारतीय उद्घोष भूल बैठे हैं और केवल स्वार्थों की सिद्धि में ही लगे हुए इस जीवन को सार्थक मान बैठे हैं। हम पारस बनकर शायद किसी बेकार पड़े लोहे को एक बार सुवर्ण बना देंगे, लेकिन वह तो किसी और को कभी भी सुवर्ण नहीं बना सकेगा। अपनी शक्तियों को दूसरों के हित में अधिक से अधिक लगा कर हम जहां संसार को सुखी बना सकेंगे वहीं अपने जीवन को भी सार्थक बनाने में सफल हो सकेंगे। आइए,आज संकल्प लें कि हम दीपक बनकर दूसरे बुझे दीपकों को जलाने का प्रयास करेंगे।

ब्लॉग चर्चा

आशावाद से उम्मीद

ज्ञानदत्त पांडेय

एक अस्पताल की बात है। खराब केस आ रहे हैं। सुविधाएं कम हैं, लेकिन हर कोई समर्पित है। डाक्टर साहब बताते हैं कि पास में कोई क्वैक (नीम हकीम) है जो प्रसव कराता (कराती) है। उसके दो-तीन खराब किए केस यहां अस्पताल में आए हैं। मेरे पिताजी के बगल वाले बिस्तर पर एमरजेंसी वार्ड में है वह महिला। पतली-दुबली, सांवली-शायद उसकी श्यामलता में तांबे का रंग मिला है। मैं अपनी पत्नी से कहता हूं कि उस महिला से पूछें कि कैसा केस है। महिला बताती है कि वह मरीज की मां है। मरीज की डिलीवरी के लिए ससुराल वाले 'बुआ के इनारा' पर एक डाक्टर के यहां ले गए थे। बच्चा तो हो गया पर दस मिनट में ही कोई नस दबने से उनकी बेटी दर्द से छटपटाने लगी। जब केस बिगड़ गया तो यहां लेकर आई है। लड़की के ससुराल वाले बहुत केयर नहीं कर रहे। खैर, कुछ कम सुविधाओं वाला ही सही, लोग अस्पताल आते हैं। पर फिलहाल तो इन सुविधाओं के भविष्य को लेकर चिंताएं हो सकती हैं।

मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर स्तर तो दिखाना ही होगा। चाहे अस्पताल का फ्रंट हो या तीसरे तल पर सीढ़ियां-कहीं कोई कूड़ा या पान का धब्बा नहीं दिखता। जैसे-जैसे अस्पताल पर अधिक मरीजों का दबाव बढ़ेगा, अस्पताल के कर्मियों पर सुविधाएं स्तरीय बनाए रखने का दबाव बढ़ता जाएगा। उनमें स्तरीय सुविधाएं बनाए रखने के लिए एक सेंस ऑफ प्राइड विकसित करना होगा जो उनकी सतत ट्रेनिंग से ही संभव है। मैं अस्पताल के प्रबंधक ऋतम बोस से बात करता हूं। वे एक समर्पित व्यक्ति हैं। वे भी कहीं न कहीं स्टाफ की उत्कृष्ट ट्रेनिंग या ट्रेंड स्टाफ को सेवा में लेने की सोचते हैं। लेकिन, फिलहाल तो मुझे लगता है कि नित्य की सुविधाओं का स्तर बनाये रखने के लिए फिरकी की तरह नाचते रहते हैं वे! हाउस कीपिंग सम्भालने वाला नौजवान है दुर्गेश मिश्र। उसने बताया कि सुबह-शाम कर्मचारियों के साथ वह बातचीत करता है। कचरे के संबंध में बताता है। कहां सूखा और कहां गीला पोछा लगाना है। कर्मचारियों के साथ डांट और पुचकार दोनों का इस्तेमाल करता है। वह एक प्रकार से ऑन जॉब ट्रेनिंग दे रहा है कर्मचारियों को। मेरे पिताजी लगता है अभी कुछ समय भर्ती रहेंगे इस अस्पताल में। जब तक यहां हूं और इस अस्पताल में चौबीसों घंटे रह रहा हूं तब तक इसी अस्पताल के बारे में ही विचार मन में आएंगे। वही मानसिक हलचल का दायरा है।

साभार : हलचल डॉट ब्लॉग

जन संसद

स्मॉग से निपटने के उपाय

जन संसद की राय है कि दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में स्मॉग नियंत्रण हेतु सरकारें गंभीर प्रयास करें, वहीं जनता से जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा है। पराली निस्तारण, वाहनों का धुआं, निर्माण कार्य, निजी वाहन व फैक्टरियों का धुआं नियंत्रित हों। वहीं सार्वजनिक वाहनों को बढ़ावा मिले।

जागरूकता अभियान चले

स्मॉग यानी धुंध व धुएं का मिश्रण सर्दी के दिनों में जनजीवन को ज्यादा प्रभावित करता है। कारखानों व वाहनों से निकलने वाला धुआं तथा फसल अवशेष जलाने से समस्या और गंभीर हो जाती है। इससे निपटने के लिए फसल अवशेष में आग लगाने पर प्रतिबंध तथा किसान को वैकल्पिक फसल के लिए प्रोत्साहित करना होगा। सर्दी के मौसम में कारखानों व निर्माण कार्यों में रोक होनी चाहिए। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाये। सीएनजी वाले वाहनों का प्रयोग हो। आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

सुचिता गौड़, बाहमनीवाला, कैथल

रास्ता तो है

देश में किसी भी समस्या का स्थाई समाधान करने में न जनता सहयोग करती है न ही राजनीतिज्ञ आगे आते हैं। पराली, कारों और कल-कारखानों से निकलने वाले भयंकर प्रदूषण से उत्पन्न स्मॉग का हल करना कोई कठिन काम नहीं है, बशर्ते उसे करने की दृढ़ इच्छाशक्ति रखें। कार की जगह सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करना होगा। कल-कारखानों से परिशोधित करके ही धुआं निकाला जाना चाहिए। पराली का सदुपयोग पशुओं के चारे, खाद, गत्ते या ईंधन के रूप में प्रयोग करना ही पड़ेगा। इन सावधानियों को ईमानदारी से बरतने पर प्रदूषण और स्मॉग की समस्या स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद, उ.प्र.

ठोस कदम उठाएं

दिल्ली और निकट के प्रदेशों में स्मॉग की समस्या एक गंभीर मसला है। वहां की आबादी को स्मॉग की मार पड़ रही है। सरकारें हैं कि उचित प्रबंध नहीं करती। इसके निपटान के लिए सड़कों पर वाहन कम करने होंगे। सम-विषम योजना को नियमित रूप से लागू करना चाहिए। दिवाली के दौरान आतिशबाजी पर नियंत्रण लगाना होगा। आसपास के राज्यों में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। दिल्ली और आसपास सटे क्षेत्रों के कारखानों से निकलने वाले धुएं को रोकना होगा। सरकार स्मॉग से निपटने के लिए ठोस कदम उठाये।

शिव रानी पुहाल, पानीपत

युद्धस्तर पर पौधरोपण

दिल्ली में स्मॉग नियंत्रण के लिए सरकार और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए सर्वप्रथम स्मॉग पर नियंत्रण के लिए 'सिटी ट्री' नाम के वृक्षों की दीवारें बनायी जायें। यह ऐसा वृक्ष है जो वायु शुद्धीकरण में अहम योगदान देता है। इसके अतिरिक्त एयर फिल्टर्स सार्वजनिक जगहों पर लगाये जायें। ऐसे ही फ़िल्टर चीन में भी लगाये गए हैं। आमजन सार्वजनिक परिवहन के साधनों का उपयोग करे, अधिक से अधिक पौधरोपण करे। कूड़ा-कचरा, पत्ते, टायर, जिनसे धुआं उत्पन्न होता हो, न जलायें। निर्माण कायों को फिलहाल टाल देना चाहिए।

अनिल गुप्ता , 'तरावड़ी', करनाल

सामूहिक जवाबदेही

सरकारों की आदत बन चुकी है, आग लगने पर कुआं खोदना। पराली को आग लगाना उचित नहीं है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस उपाय नहीं है। लोग अपनी गाड़ियों-वाहनों का प्रयोग कम करके वायु को प्रदूषित होने से रोकने में योगदान दे सकते हैं। ऑड-ईवन का फैसला सराहनीय है। आमजन अपनी जिम्मेदारी समझे। वायु प्रदूषण के लिए जो जिम्मेदार कारक हैं, उन्हें रोकने के उपाय करें। सर्दियों में सर्दी से बचने के लिए प्लास्टिक, टायर जलाने से उत्पन्न होने वाले जहरीले धुएं को रोकने की सख्त जरूरत है। निर्माण कार्यों पर नियंत्रण लगे ताकि धूल के कण वातावरण में न फैलें।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

कृत्रिम बारिश

स्मॉग के कहर को चक्रवात और बारिश काफी हद तक कम कर देती है किन्तु मौसम के ऊपर सब कुछ निर्भर होता है। ऐसे में कृत्रिम बारिश की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि धुंध में मिले जहरीले कण हवा में न तैरते हुए जमीन में मिश्रित हो सकें। स्मॉग उपजाने वाली इकाइयों पर रोक लगे। पराली जलाने, ठंड से बचाव हेतु टायर जलाकर तापने की प्रक्रिया पर भी अंकुश लगना चाहिए। वातावरण किसी भी प्रकार से उत्पन्न होने वाले धुएं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए। निर्माण कार्यों पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। इन रणनीतियों से ही स्मॉग के बढ़ते कहर पर अंकुश लगाया जा सकता है।

संजय वर्मा, मनावर, धार, म.प्र.

पुरस्कृत पत्र

समाधान संभव

भारत में स्मॉग से निपटने की रणनीति पर विचार करने की बजाय राजनीतिक दलों द्वारा रोटियां सेंकने व एक-दूसरे पर दोषारोपण का काम चल रहा है। चीन और ब्रिटेन से देश को स्मॉग के मामलों में रणनीतियां सीखने की आवश्यकता है। सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति से काम ले तो शहरी क्षेत्र के निवासियों और फैक्टरियों को आदेश दिया जाए कि वे धूम्ररहित ईंधनों का इस्तेमाल करें। धुएं फैलाने वाले किसी भी कारणों पर पूर्ण प्रतिबंध हो। निर्माण कार्य नियंत्रित हों। आमजन भी सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करे। इन उपायों से काफी हद तक स्मॉग से छुटकारा पा सकते हैं।

अमन सिंह, बरेली, उ.प्र.

epaper.dainiktribuneonline.com

अंतरिक्ष में आफत



खुले आसमान को निहारने पर दिन में हमें सूरज दिखता है, रात को चांद-सितारे। अगर कोई यह कहे कि हम तो अंतरिक्ष में ऐसा कचरा देख रहे हैं, जो हमारे लिए बेहद खतरनाक है, तो हम पर क्या गुजरेगी? लेकिन सच शायद यही है। अंतरिक्ष में सैटेलाइटों के कचरे के हजारों टुकड़े खतरनाक ढंग से हमारी ओर रुख किए हुए हैं। जरूरत है इस कचरे से निजात पाने के उपाय ढूंढ़ने की...

अभिषेक कुमार सिंह

उम्मीद है कि इस साल की शुरुआत में मिशन शक्ति के तहत भारत ने पृथ्वी की निचली कक्षा में अपने जिस जीवित उपग्रह को अंतरिक्ष में सामरिक क्षमता हासिल करने के लिए देश में बनी एंटी-सैटेलाइट मिसाइल से मार गिराया था, उस सैटेलाइट का कचरा पृथ्वी के वायुमंडल में आकर जल गया होगा। असल में, इस पर अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने कड़ी टिप्पणी की थी कि भारत की यह कार्रवाई अंतरिक्ष में कचरे की समस्या को और बढ़ाने वाली है, क्योंकि पुर्जा-पुर्जा हुए उपग्रह के 400 से अधिक टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में खतरनाक ढंग से चक्कर काट रहे हैं। नासा ने यह दावा भी किया कि इस मलबे से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) को भी खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि उपग्रह को नष्ट करने से पैदा हुए कचरे के 24 टुकड़े आईएसएस से ऊपर चले गए हैं। नासा ने साफ कहा कि भारत की यह कार्रवाई अस्वीकार्य है, क्योंकि भारतीय परीक्षण के कारण 10 दिन के अंदर आईएसएस पर खतरा 44 फीसदी बढ़ गया। हालांकि, भारत ने नासा की आपत्ति का यह कहकर विरोध किया कि ये टुकड़े अव्वल तो खतरनाक नहीं हैं और दूसरे एक महीने की अवधि में नीचे आकर पृथ्वी के वायुमंडल से घर्षण खाते हुए जलकर नष्ट हो जाएंगे। इसलिए अंतरिक्ष और आईएसएस से लेकर किसी अन्य उपग्रह के लिए खतरा नहीं बनेंगे। वैसे भी भारत ने काफी सोच-विचार कर पृथ्वी की निचली कक्षा में यह परीक्षण किया था, जिससे स्पेस जंक की गंभीर समस्या पैदा न हो। वैज्ञानिकों ने नासा के एतराज का यह कहकर भी विरोध किया कि उसकी आपत्ति नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली जैसी है, क्योंकि अमेरिका ने अब तक स्पेस में जो गतिविधियां की हैं, उनसे अंतरिक्षीय कबाड़ के 6 हजार टुकड़े वहां पैदा हुए हैं, जबकि भारतीय गतिविधियों से सिर्फ करीब 100 ऐसे टुकड़े बने। हालांकि, बाकी अन्य देशों को मिलाएं, तो कचरे के बड़े टुकड़ों की संख्या 6 हजार और 10 सेंटीमीटर से बड़े करीब 30 हजार और 10 सेंटीमीटर या इससे छोटे 6 लाख 70 हजार टुकड़े खतरनाक ढंग से वहां विचर रहे स्पेस स्टेशनों, उपग्रहों और स्पेस टेलीस्कोपों के लिए समस्या बने हुए हैं। दिक्कत सिर्फ स्पेस में मौजूद सैटेलाइटों के लिए नहीं है, बल्कि छोड़े जाने वाले नये उपग्रहों को भी इनसे समस्या हो सकती है। यह बात नोटिस की गई है कि भारत जब अपना कोई नया सैटेलाइट लॉन्च करता है, तो उसके प्रक्षेपण के वक्त को थोड़ा आगे-पीछे खिसकाया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि उसके स्पेस तक पहुंचने के रास्ते में कहीं कोई जंक तैरते हुए न आ जाएं। ध्यान रहे कि भारत अंतरिक्ष के मलबे को श्रीहरिकोटा में मौजूद मल्टी ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग राडार से ट्रैक करता है।

स्पेस में जंक कब तक टिकेगा

सवाल यह है कि आखिर कोई स्पेस जंक अंतरिक्ष में कब तक बना रह सकता है। इसका जवाब है कि अगर उसे वहां से वापस पृथ्वी पर न लाया जाए, तो शायद सदा के लिए। मसलन, मानव निर्मित सबसे पुराना कबाड़ अब भी अंतरिक्ष में है, यह अमेरिका का दूसरा उपग्रह वैनगार्ड-प्रथम है, जो 1958 में छोड़ा गया था। इसमें पिछले साल 7 फरवरी 2018 को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट फॉल्कन हैवी से स्पेस में भेजी गई लाल रंग की स्पोर्ट्स कार को भी सबसे नया कचरा माना जा सकता है। मुमकिन है कि बहुत से इस कार को कबाड़ मानने से इनकार कर दें, लेकिन कार चालक के रूप में एक बुत के साथ अंतरिक्ष में विचरती यह कार आखिर इसके सिवाय और क्या है। बेशक, यह विज्ञापनबाजी का नया नमूना है कि प्राइवेट स्पेस एजेंसी-स्पेसएक्स और टेस्ला कार कंपनी के मालिक एलन मस्क ने अपनी पुरानी इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार को पूरी दुनिया की निगाह में ला दिया, लेकिन जरा इसके साथ 2001 की कोलंबिया शटल त्रासदी के बारे में भी सोचिए। हो सकता है कि दुनिया इस त्रासदी का असल कारण शायद कभी न जान पाए, लेकिन कोलंबिया दुर्घटना के वक्त एक मुद्दा यह भी उठा था कि अंतरिक्ष में फैला कचरा ही शटल दुर्घटना का कारण था, जिसमें कल्पना चावला समेत 7 प्रतिभाशाली विज्ञानियों की जान चली गई थी। कुछ रिपोर्टों में यह आशंका दावे के साथ जताई गई थी कि अंतरिक्षीय कबाड़ की चपेट में आकर ही यह दुर्घटना हुई थी।

इसी तरह पिछले साल यानी मार्च 2018 में जब चीनी स्पेस स्टेशन थियांगोंग-1 के गिरने की सूचना आई, तो उस वक्त भी अंतरिक्षीय कबाड़ की चर्चा दुनिया में हुई। दरअसल, अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में घूम रही छोटी चीजें न तो नीचे आती हैं और न ऊपर जाती हैं। ये चीजें त्रिशंकु की तरह वहीं घूमती रहती हैं और अंतरिक्षयानों, उपग्रहों, स्पेस स्टेशनों के लिए खतरे का सबब बनी रहती हैं।

पिछले 60 वर्षों में जैसे-जैसे विभिन्न देशों की अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां धरती से पहुंचने वाला कचरा बढ़ता ही गया है। जुलाई 2016 में अमेरिकी स्ट्रैटिजिक कमान ने निकट अंतरिक्ष में 17,852 कृत्रिम वस्तुएं दर्ज की थीं, जिनमें 1419 कृत्रिम उपग्रह शामिल थे। मगर यह तो सिर्फ बड़े पिंडों की बात थी। इससे पहले, 2013 की एक स्टडी में एक सेंटीमीटर से कम 17 करोड़ कचरे पाए गए थे और एक से 10 सेंटीमीटर के बीच आकार वाले कचरों की संख्या 6 लाख 70 हजार पाई गयी थी। इससे बड़े आकार वाले कचरों की अनुमानित संख्या 29 हजार बताई गयी थी। अंतरिक्ष में आवारा घूमती ये चीजें किसी भी अंतरिक्ष अभियान का काल बन सकती हैं। इस मुश्किल को बेकाबू होने से रोकने का एक ही तरीका है कि हमारे द्वारा वहां भेजी गई किसी भी चीज का कोई हिस्सा अलग होकर अंतरिक्ष में न छूटे।

4 साल पहले यानी वर्ष 2015 की बात है। एक मानवरहित रूसी स्पेसक्राफ्ट प्रोगेस एम-27 एम पर वैज्ञानिकों ने पूरी तरह नियंत्रण खो दिया और यह खतरनाक ढंग से धरती की ओर बढ़ने लगा। रूसी स्पेस एजेंसी के अधिकारी ने अप्रैल, 2015 माह के अंत में यह जानकारी दी थी कि इस स्पेसक्राफ्ट ने छोड़ने के कुछ समय बाद धरती की ओर गिरना शुरू कर दिया। हालांकि, वैज्ञानिकों ने बाद में यह भी बताया कि पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने पर घर्षण होने से इसका ज्यादातर हिस्सा जलकर नष्ट हो गया, फिर भी इसके कुछ टुकड़ों के बच जाने और समुद्र में उनके गिरने की आशंका से इनकार नहीं किया गया था। असल में, यह यान एक तरह से अंतरिक्षीय कचरे में तब्दील हो गया था, जिसकी समस्या से हमारी आधुनिक सभ्यता बुरी तरह त्रस्त है।

कुछ समय पहले ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन के शोधकर्ताओं ने गूगल और स्पेस एक्स जैसी निजी कंपनियों के भावी स्पेस कार्यक्रमों पर नजर डालते हुए अंतरिक्ष में कबाड़ पैदा होने की नयी आशंकाओं का आकलन किया था। इन शोधकर्ताओं के मुताबिक एक तरफ गूगल दुनिया में वायरलेस इंटरनेट का तेज विस्तार करने के लिए सैकड़ों उपग्रह अगले कुछ साल में अंतरिक्ष में भेजने में लगी है, तो दूसरी तरफ पर्यटकों को स्पेस की सैर कराने की योजना को मूर्त रूप देने में तल्लीन निजी कंपनी स्पेस एक्स भी दर्जनों रॉकेट और सैटेलाइट भेजने वाली है। इन योजनाओं के आधार पर आकलन है कि अगले कुछ वर्षों में इन सैटेलाइटों के अंतरिक्ष में पहुंचने से इनके बीच होने वाली टक्करों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। फिलहाल उपग्रहों और उनके टुकड़ों के बीच छोटी-मोटी टकराहट की हर साल करीब 250 घटनाएं होती हैं, जो अनुमानतः 375 से 400 तक हो सकती हैं। यह खतरा वास्तविक है, क्योंकि वर्ष 2009 में ही पृथ्वी की कक्षा में मौजूद इरीडियम टेलीकॉम सैटेलाइट और रूसी कॉसमॉस 2251 सैन्य सैटेलाइट के बीच ऐसी ही एक टक्कर हो चुकी है। इसके अलावा, वर्ष 2007 में चीन ने मिसाइल दागकर स्पेस में मौजूद अपने सैटेलाइट फेंग्यून को नष्ट किया था, जिससे कचरा पैदा हुआ था। अभी पृथ्वी की कक्षा में 1300 सक्रिय उपग्रह मौजूद हैं, इसके अलावा नष्ट हो चुके उपग्रहों का विशाल कचरा वहां पहले से उपस्थित है।

खतरे का रिंगरोड आसान नहीं साफ करना

वर्ष 1999 के अनुसार मनुष्य ने पृथ्वी से बाहर जो कचरा फेंका है, वह लगभग 10.82 लाख किलोग्राम है। इसमें धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों के जरिए फैले कचरे को और जोड़ा जाए तो हमें पृथ्वी के चारों ओर एक भीड़-भरे खतरनाक 'रिंग रोड' के दर्शन होंगे। यह अंतरिक्ष में भ्रमण करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हैं। दिसंबर, 2001 में साबित हो चुका है कि विभीषिका का यह अकेला चेहरा नहीं है, क्योंकि तब स्पेस शटल- एनडेवर की सहायता से 17 मंजिले इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को खींचकर उच्च कक्षा में ले जाना पड़ा था, जिससे परिक्रमा पथ में आए 6 मीटर लंबे सोवियत रॉकेट बूस्टर से उसे बचाया जा सके। कबाड़ में 1965 में जेमनी-4 मिशन के एक अंतरिक्षयात्री एडवर्ड व्हाइट का दस्ताना भी शामिल था, जो स्पेस-वाक के दौरान उनके हाथ से निकल गया था। वायुमंडल में रगड़ खाकर जल जाने से यह दस्ताना पहले चार महीने तक 28 हजार किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कक्षा में चक्कर काटता रहा। अनुमान है कि पृथ्वी से 1200 मील की ऊंचाई पर अंतरिक्ष में मानव के हाथ से निर्मित और उससे वहां छूटी हुई एक लाख 10 हजार चीजें हैं, जो आकार में एक सेंटीमीटर या उससे भी बड़ी हैं। इस कबाड़ की गति ही इसे किसी भीषण हथियार में बदल देती है। आकलन के अनुसार, यह कचरा करीब 600 मील की ऊंचाई पर 18 हजार मील प्रति घंटा या इससे अधिक गति से चक्कर काट सकता है। खतरा यह है कि कोई नन्ही सी वस्तु भी उपग्रहों की सुरक्षा परत को ध्वस्त कर सकती है या स्पेस-वाक कर रहे अंतरिक्ष यात्री की पोशाक को काट सकती है, जिससे उसका जीवन खतरे में पड़ सकता है। खगोल वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अब जिस तरह उपग्रह छोड़ने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है, उससे स्पेस-जंक भी बढ़ता ही जाएगा।

इसकी सफाई जरूरी : इस समस्या का हल क्या है? इसके जवाब में लियो और जॉनसन का कहना है कि अंतरिक्ष से यह कबाड़ बटोरकर वापस पृथ्वी पर लाना ही इसका समाधान है। वैज्ञानिकों ने यह भी उम्मीद जताई है कि भविष्य प्रक्षेपित होने वाले उपग्रहों और बूस्टर रॉकेटों के इंजनों में ऐसी तकनीक कायम की जा सकती है कि इस्तेमाल के बाद वे अंतरिक्ष में न ठहरें, बल्कि वापस पृथ्वी पर आ गिरें। अंतरिक्ष से कचरा वापस लाना सस्ता काम नहीं है। कुछ वर्ष पहले अमेरिकी रॉकेट कंपनी ऑरबिटल डेवलपमेंट ने प्रस्ताव रखा था कि यदि उसे चांद को बुहारने का काम दिया जाता है तो वह इसे लगभग 60 लाख डॉलर में करने को तैयार है। लेकिन जहां तक पृथ्वी की कक्षा में मौजूद कबाड़ को साफ करने की बात है तो यह मुश्किल काम है। बाह्य अंतरिक्ष मामलों (आउटर स्पेस अफेयर्स) के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के प्रो. हैंस हाउबोल्ड के मतानुसार, एक अंतरिक्षयान भेजकर ऐसा कुछ कचरा एकत्र कर पृथ्वी पर वापस लाया जा सकता है, लेकिन यह काम इतना खर्चीला है कि इस बारे में सोचना फिजूल है। सस्ता विकल्प यह हो सकता है कि अपना मिशन पूर्ण कर लौट रहा कोई शटल थोड़ा-बहुत कचरा भी बटोर कर अपने साथ लेता आए। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस बारे में एक रूपरेखा तैयार की है। इसके मुताबिक एक ऐसा उपग्रह बनाया जाए, जो ऐसे कबाड़ को अंतरिक्ष में एक स्थान पर जमा करके उसे पृथ्वी की ओर धकेल दे। यह कबाड़ या तो वायुमंडल में प्रवेश करते समय जलकर खाक हो जाए या फिर इसे ऐसी दिशा दी जाए कि वह बिना कोई नुकसान पहुंचाए समुद्र में समा जाए। बेशक, इसमें भी खासा खर्च है। नासा ने अंतरिक्ष में मौजूद मानव निर्मित कबाड़ से जूझने से जो योजना बनाई है, उसमें पृथ्वी से लेजर किरणें भेजकर अंतरिक्षीय कचरे को या तो बाहरी कक्षाओं की ओर धकेल दिया जाएगा या फिर नष्ट कर दिया जाएगा।

हसरतों के रास्ते में बाधा

एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी के खगोल वैज्ञानिक अमोस स्ट्रोकी ने एक बार कहा था कि सितारों से भरे जिस आकाश की ओर हम रात को हसरत से ताकते हैं,, वहां कबाड़ के हजारों टुकड़े और एस्टेरॉयड (खगोलिय पिंड) खतरनाक ढंग से हमारी ओर रुख किए हुए हैं। इस चिंता के बारे में विज्ञान जर्नल- साइंस में नासा के विज्ञानियों जेसी लियो और एनएल जॉनसन ने लिखा है कि अंतरिक्ष में 9 हजार से ज्यादा ऐसे टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में तैर रहे हैं, जो आने वाले वक्त में भयावह दृश्य उपस्थित कर सकते हैं। उनका आकलन है कि इनमें 4 इंच और इससे ज्यादा आकार के टुकड़ों का कुल वजन साढ़े पांच हजार टन हो सकता है। इन वैज्ञानिकों ने रिपोर्ट में यह भी साफ लिखा है कि अगर जारी अंतरिक्ष अभियानों को बिल्कुल रोक दिया जाता है (जोकि असंभव है) तो भी अंतरिक्ष में इतने उपग्रह मौजूद हैं कि उनसे वहां कबाड़ की मात्रा में इजाफा होता ही रहेगा। इस रिपोर्ट से पहले नासा ने उन देशों की एक सूची तैयार की थी, जो अंतरिक्ष में इस कबाड़ के लिए जिम्मेदार है। इनमें पहला नाम रूस का है। इसके बाद अमेरिका, फ्रांस, चीन, भारत, जापान और यूरोपीय स्पेस एजेंसियों का नंबर आता है। सबसे ज्यादा कबाड़ पृथ्वी से ऊपर 550 मील से 625 मील के बीच में पसरा हुआ है। हालांकि, यह स्पेस जंक धरती पर उड़ने वाले यात्री विमानों और 250 मील की ऊंचाई पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं पैदा करता, लेकिन अंतरिक्ष में ऊपर तक पहुंचने वाले व्यावसायिक व शोधपरक उपग्रहों और अन्य प्रकार की अंतरिक्षीय गतिविधियों को संकट में डाल सकता है। यह वास्तव में एक भयावह विचार है कि पृथ्वी की कक्षा के ठीक बाहर के अंतरिक्ष में अलग-अलग आकृतियों और आकार का प्राकृतिक तथा मानव-निर्मित कचरा चक्कर काट रहा है। अंतरिक्ष में पहली बार स्पुतनिक-1 उपग्रह भेजे जाने के बाद से मनुष्य हजारों टन हाइटेक कचरा पृथ्वी से बाहर अपने करीबी अंतरिक्ष में फेंक चुका है। पिछले करीब 60 वर्षों के दौरान अंतरिक्ष में भेजे गए संचार उपग्रहों, अंतरिक्षीय प्रयोगशालाओं, मानवरहित कैप्सूलों, कार्गो यानों और मानव-मिशनों की बदौलत पृथ्वी से बाहर एक विशाल जंकयार्ड बन गया है। इसके अलावा प्रकृति ने भी अंतरिक्ष में हमारी पृथ्वी के नजदीक ही ऐसे हजारों छोटे-बड़े पिंड तैनात कर रखे हैं, जो किसी भी वक्त पृथ्वी के वायुमंडल में घुसकर मानव सभ्यता के संपूर्ण विनाश का खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। अमेरिका द्वारा चलाए जा रहे 'नियर अर्थ ऑब्जेक्ट ऑब्जरवेशन प्रोग्राम' के विशेषज्ञों ने बताया है कि 1998 में आधिकारिक रूप से इन पिंडों की मौजूदगी के संबंध में सर्वेक्षण शुरू किए जाने के बाद से अनुमानित 1100 बड़े पिंडों में 700 का पता लगाया जा चुका है।

दलित की मौत के बाद अड़े परिजन

नौकरी, 50 लाख मुआवजे के बाद ही पोस्टमार्टम

संगरूर में विभिन्न संगठनों का प्रदर्शन, परिवार को न्याय की मांग

संगरूर, 17 नवंबर (एजेंसी)

निर्ममतापूर्वक पिटाई और मूत्र पीने के लिए विवश किए गए 37 वर्षीय दलित की मौत के बाद पंजाब के संगरूर जिले में कुछ दलित संगठनों, सामाजिक संगठनों और बसपा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने लैहरा-सुनाम रोड को जाम करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और उनके परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस अपराध के गुनहगारों को फांसी देनी चाहिए। पंजाब सरकार को पीड़ित की पत्नी को नौकरी और परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा देना चाहिए।'

परिवार ने पीड़ित पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने तक पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। दलित व्यक्ति के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियों सहित तीन बच्चे हैं। मृतक की पत्नी ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार की तरफ से अभी तक संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारी मांग है कि आरोपियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो दूसरों के लिए उदाहरण हो। सरकार हमें लिखित में आश्वासन दे कि वे मुझे नौकरी और परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा देंगे।'

आरोपियों को मिले कड़ी सजा

मौत पर शोक प्रकट करते हुए पंजाब के मंत्री और संगरूर के विधायक विजय इंद्र सिंगला ने कहा, 'जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। हम परिवार के साथ खड़े हैं। आरोपियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो दूसरों के लिए उदाहरण बने।' पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और आप विधायक हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि परिवार को समुचित मुआवजा मिलना चाहिए और उन्हें पुलिस सुरक्षा देनी चाहिए। आप के संगरूर के सांसद भगवंत मान ने कहा कि सभ्य समाज में ऐसी घटनाएं शर्मनाक हैं। उन्होंने आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे आम आदमी पार्टी के सुनाम के विधायक अमन अरोड़ा ने कहा कि परिवार को न्याय मिलना चाहिए और सरकार को उनकी मांगें पूरी करनी चाहिए। अपराध के मामले में चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

युवक कांग्रेस ने शिमला में किया प्रदर्शन

राफेल मामले पर जेपीसी से क्यों डर रही मोदी सरकार

शिमला, 17 नवंबर (निस)

गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाने, राफेल मामले में संयुक्त संसदीय समिति का गठन न करने और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ युवक कांग्रेस ने आज शिमला में जिलाधीश कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच उस समय झड़प हो गई जब पुलिस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला छीनने का प्रयास किया। इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा बनाकर पुतले को घेर लिया और पुलिसकर्मियों की कम संख्या का फायदा उठाते हुए इसमें आग लगा दी। धरने-प्रर्दशन का आयोजन युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मुनीष ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में मनीष ठाकुर ने पूछा के मोदी सरकार राफेल मामले पर संयुक्त संसदीय समिति का गठन करने से क्यों डर रही है। उन्होंने कहा कि राफेल मामले में देश के सामने पूरी सच्चाई आने चाहिए। मनीष ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वेष की भावना से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा तुंरत बहाल की जाए।

ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी...

लुधियाना में रविवार को अमृतसर-गोरखपुर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में मची आपाधापी। -अश्विनी धीमान

कार पलटने से चालक की मौत

बठिंडा, 17 नवंबर (निस) : कार पलटने से कार चालक विश्वजीत सिंह (30) निवासी छत्तीसगढ़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती रात यहां से लगभग 40 किलोमीटर दूर बरनाला-बठिंडा रोड पर गांव जेठूका के पास बठिंडा की तरफ आ रही कार अचानक पलट गई। इससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी थाना सदर रामपुरा एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि विश्वजीत सिंह के परिजनों का छत्तीसगढ़ में ट्रांसपोर्ट का काम है। वह बरनाला में रहता था। पुलिस को आज सुबह उक्त दुर्घटना की सूचना जेठूका गांव के पूर्व सरपंच ने दी। शव को सिविल अस्पताल रामपुरा में रखा गया है।

बस की चपेट में आने से 2 की मौत

होशियारपुर, 17 नवंबर (निस)

होशियारपुर-टांडा मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। थाना मॉडल टॉउन पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सुदेश कुमार, निवासी चड़ियाल अपने एक साथी के साथ स्कूटर पर जा रहा था। जब वे टांडा रोड बाईपास पर एक मैरिज पैलेस के निकट पवुहंचे तो वहां से गुजर रही एक बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। सुदेश के शव को पोस्टमार्टम के बाद वारिसों के हवाले कर दिया गया है।

नगर परिषद उपचुनाव में स्वाति विजयी

सोलन, 17 नवंबर (निस)

नगर परिषद सोलन के वार्ड-4 (चम्बाघाट सलोगड़ा) के आज हुए उपचुनाव में स्वाति को विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी सोलन रोहित राठौर ने बताया कि स्वाति ने किरण को 217 मतों से पराजित किया। उन्होंने कहा कि स्वाति को डाले गए कुल 1014 मतों में से 611 तथा किरण को 394 मत प्राप्त हुए।

खबर है...

चंडीगढ़ में रविवार को सेक्टर-25 गवर्नमेंट स्कूल में आयोजित एनडीए की लिखित परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। -प्रदीप तिवारी

हेरोइन के साथ एक काबू

लुधियाना (निस) : नशीले पदार्थों की तस्करी और तस्करों से निपटने के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स की लुधियाना इकाई के एक विशेष दस्ते ने आज यहां लुधियाना-चंडीगढ़ राजमार्ग पर स्थित मुंडिया कलां गांव के निकट एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को 185 ग्राम हेरोइन के साथ काबू करने का दावा किया है। एसटीएफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर हरबंस सिंह ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली थी कि अंग्रेज सिंह नाम का व्यक्ति मुंडिया कलां से लुधियाना की तरफ मोटरसाइकिल पर नशे की सप्लाई देने के लिए आ रहा है। एसटीएफ टीम ने मुंडिया कलां के पास नाकाबंदी कर आरोपी युवक को 185 ग्राम हेरोइन समेत दबोच लिया। हरबंस सिंह ने कहा कि आरोपी के खिलाफ थाना मोहाली में मामला दर्ज कर लिया गया है। बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 85 लाख रुपए के करीब आंकी जा रही है।

मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं : मुख्यमंत्री

शिमला (निस) : स्वतंत्र प्रेस जीवंत और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है। प्रेस की स्वतंत्रता को किसी भी कीमत पर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। यह बात मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने गत देर सायं शिमला में राज्यस्तरीय राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे पत्रकारिता हो या कोई अन्य प्रोफेशन, परिश्रम और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए अपने प्रोफेशन में सफलता प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया कर्मियों को हमेशा पत्रकारिता के उच्च स्तर को बनाए रखना चाहिए और दूसरों के लिए उदाहरण स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया को आलोचना करनी चाहिए, लेकिन फेक न्यूज को रोकना चाहिए तथा गलत जानकारी देने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर प्रोफेशन की एक नैतिकता होती है और इसे कायम रखा जाना चाहिए।

हिंदी विभाग में भाषा शिक्षकों के लिए रिफ्रेशर कोर्स

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : हिंदी विभाग में भाषाओं के अध्यापकों के लिए यूजीसी के पंजाब विश्वविद्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) की ओर से 19 नवंबर से 2 दिसंबर तक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स) का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि दो सप्ताह तक चलने वाला यह पाठ्यक्रम कॉलेज और विश्वविद्यालय के अध्यापकों के लिए अपने ज्ञान और शिक्षण कौशल को बढ़ाने में सहायक होगा। इस कोर्स के दौरान दिल्ली, मेरठ और हिसार के भाषा विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। कोर्स का केंद्रीय विषय 'साहित्य में लोक की पुनर्स्थापना की चुनौती' रखा गया है।

अमृतसर में रविवार को आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबट गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सवर पर स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंचे। बाद में उन्होंने संगत के साथ बैठकर लंगर भी ग्रहण किया। -विशाल कुमार

पुलिस ने दबोचे 3 तस्कर लाखों की अफीम बरामद

होशियारपुर, 17 नवंबर (निस)

सीआईए स्टाफ पुलिस ने इलाके में विभिन्न स्थानों पर की नाकाबंदी के दौरान तीन तस्करों को काबू कर उनसे साढ़े तीन किलो अफीम बरामद की है। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जाती है। आज यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डीएसपी जगदीश राज व सीआईए स्टाफ के प्रभारी गोबिंदर कुमार ने बताया कि एक गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने इलाके में विशेष नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान एक कार नंबर पीबी 07 यू 3993 को रोक कर जांच की तो उससे तीन किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी तस्कर संजीव कुमार उर्फ बिल्ला निवासी करतारनगर को काबू कर लिया। पुलिस ने एक अन्य स्थान पर नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो युवकों से आधा किलो अफीम बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रजित शर्मा, निवासी पुरहीरां व हरजीत सिंह उर्फ हैप्पी, निवासी बंसीनगर होशियारपुर के तौर पर हुई है।

हवाई फायरिंग, पिटाई के 2 आरोपी गिरफ्तार

बठिंडा, 17 नवंबर (निस)

थाना कैनाल पुलिस ने बलकार सिंह व उसके साथी को पीटने व हवाई फायर करने के आरोप में मामन सिंह, उसके भाई बलजिन्द्र सिंह निवासी ऊधम सिंह नगर, बठिंडा व सोनू नामक युवक पर मामला दर्ज कर दो आरोपियों बलजिन्द्र सिंह व सोनू को आज गिरफ्तार कर लिया। एएसआई भूपिन्द्र सिंह के अनुसार बलकार सिंह ने अपने बयान में बताया कि वह तथा हरमीत सिंह नई सोच क्लब के सदस्य हैं। गत दिनों उक्त आरोपी हरमीत सिंह से बहस कर रहे थे तो उसने उन्हें समझाने का प्रयास किया।

पुण्यतिथि पर लाला लाजपत राय को किया याद

शिमला, 17 नवंबर (निस)

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर शिमला के स्कैंडल प्वाइंट पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाला लाजपत राय भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के महान मार्गदर्शक थे, जिन्होंने उस समय के युवाओं को प्रेरित किया और अपनी लेखनी से उनके दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत की। शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज, विधायक सुरेंद्र शौरी, नगर निगम शिमला की महापौर कुसुम सदरेट, उप-महापौर राकेश शर्मा, उपायुक्त अमित कश्यप व आयुक्त शिमला नगर निगम ने भी महान स्वतंत्रता सेनानी को पुष्पांजलि अर्पित की। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने इस अवसर पर 'भजन' का आयोजन किया।

पंडोह के निकट कार दुर्घटना में 3 की मौत, 3 घायल

शिमला, 17 नवंबर (निस)

मंडी जिले के पंडोह के पास आज एक कार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटनाग्रस्त कार चंबा से कुल्लू जा रही थी। तीनों मृतकों की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा बीती रात लगभग सवा 12 बजे पंडोह डैम से कुछ दूर आगे कैंची मोड़ पर हुआ। मृतकों की पहचान रोहित कुमार निवासी लाहड़ा, अजय कुमार निवासी भागरा और सोनीपाल निवासी लाहड़ा के रूप में हुई है। घायलों में बैंसला गांव निवासी रोहित, मन्नू कुमार गांव लाहड़ा और संजय कुमार गांव लाहड़ा शामिल हैं। ये सभी चंबा जिला के रहने वाले थे। मंडी के पुलिस अधीक्षक गुरदेव सिंह ने बताया कि मृतकों और घायलों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के बाद मंडी क्षेत्रीय अस्पताल में रखा गया है।

कनाडा भेजने के नाम पर ठगे 13 लाख

होशियारपुर, 17 नवंबर (निस)

तीन लोगों को कनाडा भेजने के नाम पर 13 लाख 28 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में थाना मॉडल टॉउन की पुलिस ने एक को नामजद कर मामला दर्ज कर लिया है। जालंधर के गांव पदी के जगीर सिंह, कपूरथला के गांव संगतपुर की सोनिया वालिया व सुखविंदर सिंह ने जिला पुलिस प्रमुख के पास लिखित शिकायत में बताया था कि राम शरणम एनक्लेव निवासी ट्रैवल एजेंट सिकंदर सिंह कटोच ने उन्हें कनाडा भेजने की बात कर उनसे 13 लाख 28 हजार रुपये ले लिए लेकिन आरोपी ने न तो उन्हें कनाडा भेजा और न ही रुपये वापस किए। जांच रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

राज्य की 3 वन रेंज में बेकार पड़ी लकड़ी का होगा दोहन

वनों से भरेगा हिमाचल का खजाना

कमेटी की देख-रेख में निकाली जा रही गिरे पेड़ों की लकड़ी

ज्ञान ठाकुर/निस
शिमला, 17 नवंबर

हिमाचल प्रदेश की तीन वन रेंज में चल रहे वनों के रिजुविनेशन के कार्य में यदि सब कुछ ठीक रहा और सुप्रीम कोर्ट इस कार्य से संतुष्ट हुआ तो जल्दी ही राज्य के जंगलों में बेकार पड़ी अरबों रुपए की लकड़ी प्रदेश सरकार का खजाना भरेगी। प्रदेश की इन वन रेंज में वनों के रिजुविनेशन का काम चल रहा है। इनमें सिरमौर की पांवटा वन रेंज, बिलासपुर की श्रीनयना देवी वन रेंज और कांगड़ा की नूरपुर वन रेंज शामिल हैं। इन वन रेंजों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी की देख-रेख में रिजुविनेशन का काम हो रहा है। इसके तहत इन वन रेंज में विभिन्न कारणों से गिरे पेड़ों की लकड़ी को निकाला जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक वन विभाग ने इस कार्य के लिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इन अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार वनों का रिजुविनेशन करने को कहा गया है ताकि प्रदेश सरकार के रोजकोष में पैसा भी आए और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन भी हो सके। इन वन रेंज में सालों से पेड़ गली सड़ी हालत में पड़े हैं लेकिन इनके दोहन की अनुमति न होने के कारण इस लकड़ी का सरकार को कोई फायदा नहीं हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश में हरे पेड़ों के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध के कारण राज्य के जंगलों में अपनी आयु पूरी कर चुके पेड़ों को काटने की मनाही है। ऐसे में ये पेड़ अपने आप ही गिरकर गल-सड़ रहे हैं। इसे देखते हुए ही सुप्रीम कोर्ट ने इस लकड़ी का वैज्ञानिक तरीके से दोहन करने और इस स्थान पर नए पेड़ लगाने को कहा है। यह काम एक कमेटी की देख-रेख में हो रहा है। यह कमेटी नए लगाए गए पौधों के जीवित रहने की दर पर भी नजर बनाए हुए है। यही कमेटी सुप्रीम कोर्ट को रिजुविनेशन को लेकर रिपोर्ट सौंपेगी और यदि वन विभाग द्वारा लकड़ी के दोहन तथा इसके स्थान पर नए पौधे लगाने तथा इनके जीवित रहने के मामले में सब कुछ सही पाया जाता है तो राज्य के सभी जंगलों के रिजुविनेशन की इजाजत मिल सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर इस काम की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

धर्मशाला में किया पुलिस मीट का शुभारंभ

समाज को नशामुक्त बनाने के लिए कार्य करे पुलिस : राज्यपाल

धर्मशाला, 17 नवंबर (निस)

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को धर्मशाला के पुलिस मैदान में 51वें हिमाचल प्रदेश पुलिस खेल और कर्तव्य मीट का शुभारंभ करते हुए पुलिस कर्मियों से समाज को नशे से मुक्त कराने के लिए कार्य करने पर बल दिया ताकि युवा पीढ़ी के भविष्य को बचाया जा सके। नशे के कारण न केवल व्यक्तिगत जीवन नष्ट होता है बल्कि पूरा परिवार बिखर जाता है। उन्होंने इस दिशा में पुलिस विभाग द्वारा किए जा प्रयासों की सराहना की और कहा कि नशा माफिया के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि नशा माफिया तक एक कड़ा संदेश पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल उन्हें मनोरंजन का अवसर प्राप्त होता है बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है, जिससे उनमें अनुशासन और सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना भी जागरूक होती है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल मनुष्य को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि उनमें प्रतियोगिता, अभ्यास, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना भी जगाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रतिदिन के मानसिक तनाव और शारीरिक दबाव से दूर रखने में सहायक सिद्ध होते है। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में तीन ज़ोन जिनमें उत्तरी, मध्य और दक्षिण के अतिरिक्त एक केन्द्रीय इकाई के 500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में पहली बार महिला पुलिस भी भाग ले रही है।

इससे पूर्व, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्याम भगत नेगी ने प्रतियोगिता में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग कार्यक्रम एवं पुलिस कर्मियों द्वारा नशे पर एक स्किट भी प्रस्तुत की गई।

धर्मशाला में रविवार को पुलिस मीट के उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधिकारी राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत करते हुए। -निस

प्रेस एकादश ने मुख्यमंत्री एकादश को हराकर जीती प्रतियोगिता

शिमला, 17 नवंबर (निस)

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज शिमला के बीसीएस मैदान में हिमाचल प्रदेश खेल एवं नशा निवारण एसोसिएशन द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि खेल लोगों को न केवल स्वस्थ रहने में सहायता करते है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक रखते हैं तथा निराशा को दूर कर उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशा-निवारण की शपथ भी दिलाई।

इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का अंतिम मैच मुख्यमंत्री एकादश और प्रेस एकादश के मध्य खेला गया। मुख्यमंत्री की पत्नी डॉ. साधना ठाकुर ने टॉस किया। मुख्यमंत्री एकादश के कप्तान जयराम ठाकुर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 94 रन बनाए। इस लक्ष्य को प्रेस एकादश ने 11वें ओवर में 6 विकेट रहते प्राप्त कर लिया। मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। प्रेस एकादश के सोम दत्त को मैन ऑफ द मैच चुना गया। हंसराज को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

अनुराग ठाकुर का छात्रों से आह्वान

जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर बढ़ें आगे

सोलन में रविवार को हिमगिरि कल्याण आश्रम में जनजातीय गौरव एवं वार्षिक उत्सव में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर कार्यक्रम पेश करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। -निस

सोलन, 17 नवंबर (निस)

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमगिरी कल्याण आश्रम जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्रों के ज़रूरतमन्द छात्रों को शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। वह आज सोलन के शिल्ली स्थित हिमगिरि कल्याण आश्रम में आयोजित जनजातीय गौरव एवं वार्षिक उत्सव को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की। उन्होंने आश्रम के 5 छात्रों का आश्रम के नियमों के अनुरूप धर्मपालक बनने की घोषणा की। धर्मपालक के रूप में वह प्रति बच्चा प्रति वर्ष 11,000 रूपए की दर से खर्च वहन करेंगे। उन्होंने सोलन में आश्रम के भवन निर्माण के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि वह प्रतिवर्ष आश्रम में अपनी और से कुछ पुस्तकें भी भेंट करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमगिरी कल्याण आश्रम सोलन को प्रतिवर्ष खेल किटें, कपड़े इत्यादि भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें और इसके लिए पूर्ण मनोयोग के साथ कार्यरत रहें। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए सदैव संघर्ष करना पड़ता है तथा सतत प्रयत्नशील रहने पर ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि किसी न किसी रूप में समाज के वंचित वर्गों की सहायता का संकल्प लें और सामर्थ्य अनुरूप अंशदान करें।

epaper.dainiktribuneonline.com

सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी

पृथ्वी शॉ ने पचासे के साथ मनाया वापसी का जश्न

मुंबई में रविवार को मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में असम के विरुद्ध शॉट जमाते मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ। शॉ ने 8 माह के निलंबन के बाद क्रिकेट में वापसी की। -प्रेट्र

मुंबई, 17 नवंबर (भाषा)

युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अर्धशतकीय पारी से साथ वापसी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में रविवार को यहां मुंबई को असम के खिलाफ 83 रन की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभायी। बीसीसीआई ने जुलाई में शॉ पर 8 महीने का प्रतिबंध लगाया था जो 16 मार्च, 2019 से 15 नवंबर, 2019 तक प्रभावी रहा। वह मार्च में खेली गयी मुश्ताक अली ट्राफी के दौरान ही डोपिंग परीक्षण में नाकाम रहे थे। रविवार को शॉ ने 39 गेंद में 63 रन बनाने के साथ आदित्य तारे (48 गेंद में 82 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 13.4 ओवर में 138 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। शॉ ने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के लगाये जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज तारे ने 12 चौके और एक छक्का लगाया। सिद्धेश लाड ने आखिरी ओवरों में 14 गेंद में 3 छक्कों की मदद से नाबाद 32 रन बनाये जिससे मुंबई ने 5 विकेट पर 206 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। असम के लेग स्पिनर रियान पराग ने 14वें ओवर तारे और कप्तान सूर्यकुमार यादव को लगातार 2 गेंदों पर चलता किया। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी असम को खराब शुरूआत मिली और टीम कभी भी जीत दर्ज करने की ऐसी स्थिति में नहीं आ पायी। धवल कुलकर्णी (28 रन पर 2 विकेट), शिवम दुबे (3 रन पर 2 विकेट), शम्स मुलानी (15 रन पर 2 विकेट) ने असम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

मेरा ध्यान सिर्फ रन बनाने पर : शॉ

निलंबन की सजा पूरी कर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में शानदार पारी के साथ वापसी करने वाले मुंबई के युवा खिलाड़ी पृथ्वी शॉ ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर है जिससे कि वह भारतीय टीम में वापसी कर सके। भारतीय टीम में वापसी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान सिर्फ रन बनाने पर रहेगा। इस बारे में सोचना चयनकर्ताओं का काम है। मेरा काम रन बनाना और टीम को जीत दिलाना है।' निलंबन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। जाहिर है मैं निराश था। बैन के पहले 20-25 दिन मैं काफी परेशान था, मैं यह नहीं समझ पा रहा था कि ये कैसे हुआ। मेरे अभ्यास करने पर 15 सितंबर तक रोक थी इसलिए मैं लंदन गया और खुद को मानसिक तौर पर मजबूत करने के लिए काम शुरू किया।

टीम दूधिया रोशनी को तैयार, मैच के शुभंकर 'पिंकू-टिंकू' का अनावरण

इंदौर/कोलकाता, 17 नवंबर (भाषा)

कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा और उमेश यादव की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने रविवार को यहां ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लिया जबकि टीम के अन्य सदस्यों ने होलकर स्टेडियम में दूधिया रोशनी में अभ्यास किया। कोलकाता में पहले दिन-रात्रि टेस्ट की तैयारियों के लिए भारतीय टीम दूधिया रोशनी में ट्रेनिंग कर रही है। तेज गेंदबाजों ने बांग्लादेश के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में 14 विकेट चटकाए थे जिसके बाद उन्हें ब्रेक दिया गया। चेतेश्वर पुजारा, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्रन जडेजा ने अभ्यास किया जबकि ऋषभ पंत, हनुमा विहारी, शुभमन गिल और कुलदीप यादव ने भी पसीना बहाया। वहीं रविवार को यहां बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस मैच के आधिकारिक शुभंकर 'पिंकू-टिंकू' को अनावरण किया। गांगुली ने ईडन गार्डन्स पर मैच की टिकट और शुभंकर के साथ तसवीरें खिंचवाईं। ईडन गार्डन्स पर इस मौके पर एक विशाल गुलाबी गुब्बारा भी उड़ाया गया जो भारत और बांग्लादेश के बीच एतिहासिक टेस्ट के अंत तक आसमान में लहराता दिखेता। शहर के महत्वपूर्ण स्थलों शाहिद मीनार, सबसे ऊंची इमारत '42' और कुछ पार्क भी गुलाबी लाइटों से जगमगाएंगे। हुगली नदी में जगमगाती गुलाबी गेंद वाली नाव 22 नवंबर तक प्रत्येक शाम हावड़ा ब्रिज और विद्यासागर सेतु के बीच चलेगी।

आईसीसी ने जारी की नवीनतम सूची

मोहम्मद शमी, मयंक अग्रवाल टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

दुबई, 17 नवंबर (भाषा)

बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर में खेले गये पहले टेस्ट मैच में भारत की पारी और 130 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। पहली पारी में 27 रन देकर तीन और दूसरी पारी में 31 रन देकर 4 विकेट लेने वाले शमी 8 स्थान की सुधार करते हुए 7वें पायदान पर पहुंच गये। उनके नाम 790 रेटिंग अंक है जो किसी भारतीय तेज गेंदबाज के लिए टेस्ट में तीसरा सर्वश्रेष्ठ है। इस मामले में कपिल देव (877 अंक) और जसप्रीत बुमराह (832 अंक) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 243 रन की पारी खेल मैन आफ द मैच रहे 28 साल के मयंक बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर है। करियर के शुरूआती 8 टेस्ट में 858 रन बनाने वाले इस बल्लेबाज के नाम 691 रेटिंग अंक है। शुरूआती 8 टेस्ट में सिर्फ 7 बल्लेबाजों ने मयंक से ज्यादा रन बनाये है जिसमें डॉन ब्रैडमैन (1210), एवर्टन वीक्स (968), गावस्कर (938), मार्क टेलर (906), जॉर्ज हेडली (904), फ्रैंक वारेल (890) और हर्बर्ट सटक्लिफ (872) शामिल हैं। तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (20वां) और उमेश यादव (22वां) ने रैंकिंग में एक-एक स्थान का सुधार किया है। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी शीर्ष 10 में शामिल हैं जबकि वह हरफनमौल खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं। बांग्लादेश की ओर से 43 और 64 रन की पारी खेलने वाले मुशफिकुर रहीम 5 स्थानों की सुधार के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गये। लिटन दास 92वें से 86वें पायदान पर पहुंच गये। गेंदबाजों में 4 विकेट लेने वाले अबु जायेद 18 स्थानों की सुधार के साथ 62वें पायदान पर है।

भारत के 4 बल्लेबाज शीर्ष 10 में

भारत के 4 बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल है जिनमें कप्तान विराट कोहली दूसरे, चेतेश्वर पुजारा चौथे, अजिक्य रहाणे 5वें और रोहित शर्मा 10वें नंबर पर शामिल है। हरफनमौला रविन्द्र जडेजा ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 4 स्थान की सुधार के साथ संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर पहुंच गये।

आक्रामक बल्लेबाजी से वनडे के लिये भी दावा पेश किया मयंक ने

नयी दिल्ली (भाषा) :मयंक अग्रवाल की टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी से उनके लिये सीमित ओवरों की टीम में चयन के दरवाजे खुल सकते हैं और यह सलामी बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली सीरीज के लिये टीम में जगह बना सकता है। क्रिकेट पंडितों का मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में अगर उप कप्तान रोहित शर्मा को अगले साल के शुरू में होने वाले न्यूजीलैंड दौरे से पहले विश्राम दिया जाता है तो फिर अग्रवाल अच्छे विकल्प हो सकते हैं। रोहित पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे हैं और उन्हें वेस्टइंडीज में खेले गये 2 टेस्ट मैचों में मौका नहीं मिला था लेकिन वह टीम में शामिल थे। भारतीय उप कप्तान न्यूजीलैंड दौरे के लिये तीनों प्रारूपों में टीम का अहम हिस्सा होगा। इस दौरे में भारत को 5 टी20 अंतर्राष्ट्रीय, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलने हैं। शिखर धवन की लंबे समय से चली आ रही खराब फार्म तथा केएल राहुल के अलावा एक अन्य विकल्प तैयार रखने की जरूरत से भी अग्रवाल के पक्ष में मामला बन सकता है।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

	5						4	
4				8	7			
	2	7						3
					3			6
		2	4		5	9		
9			1					
8						1	9	
			7	2				4
	9						3	

पिछले कल का उत्तर

2	8	4	6	3	7	5	1	9
6	9	1	2	5	8	3	4	7
5	3	7	4	1	9	6	8	2
4	2	8	1	7	5	9	6	3
3	6	9	8	2	4	7	5	1
7	1	5	9	6	3	8	2	4
9	4	3	5	8	2	1	7	6
1	5	2	7	9	6	4	3	8
8	7	6	3	4	1	2	9	5

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

सोमवार, 18 नवंबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 6 तिथि (सायं 5.10 तक), पुष्य नक्षत्र (रात 10.21 तक), शुक्ल योग (रात 12.39 तक), मार्गशीर्ष 3 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : भद्रा (सायं 5.10 से रात 4.23 तक), गंडमूल (रात 10.21 बाद)

दिशाशूल : पूर्व दिशा की यात्रा पर दर्पण देखकर या दूध पीकर जाएं।

राहुकाल : प्रातः 7.30 से 9.00 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	7.07	6.50	6.55
सूर्यास्त	5.24	5.23	5.19

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 18 नवंबर को जन्मदिन तो कैसा रहेगा साल

आज जिनका जन्मदिन है वे साहसी और ऊर्जावान होते हैं। सेहत की जहां तक बात है तो कुछ परेशानी का सामना इस वर्ष करना पड़ सकता है। आपके प्रयासों से आपके साथी को सफलता प्राप्त होगी, जिस कारण आप पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2020 सितंबर के बाद आपके संबंधों मे दरार की आशंका है, इसलिए सावधानी बरतें। सुनिश्चित करें कि कोई गलतफहमी न हो। वित्तीय धोखाधड़ी या झूठी दोस्ती से बचने का प्रयास करें, मुश्किलें आ सकती हैं। सोशल इवेंट में जाने से जनसंपर्क बढ़ेगा।

शुभ रंग : लाल, गहरा भूरा

शुभ दिन : मंगलवार, शुक्रवार

शुभ अंक : 3, 6, 9, **शुभ रत्न** : लाल मूंगा, पीला नीलम, जन्मदिन पर दूध या दुग्ध उत्पाद दान करें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
कार्यक्षेत्र में आलोचना हो सकती है। धन मिलने में बाधा है। पदोन्नति में अभी देरी है।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
उच्च-शिक्षा में प्रगति संभव है। प्रतिष्ठा-आय में वृद्धि हो सकती है। लोन मिल सकता है।

मिथुन 22 मई से 21 जून
व्यापार में कम लाभ से तनाव हो सकता है। धन-लोन मिलने में देरी है।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
आय में वृद्धि हो सकती है। निवेश कर सकते हैं। योग में रुचि संभव है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
धन मिलने में बाधा है। कानूनी विवाद सुलझ मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
पदोन्नति की संभावना है। आय-प्रतिष्ठा में वृद्धि संभव है। साझेदारों का सम्मान करें।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
कानूनी विवाद सुलझ सकता है। कार्यक्षेत्र में सराहना हो सकती है।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
धन मिलने में बाधा है। पदोन्नति में अभी देर है। यात्रा में सेहत पर ध्यान दें।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
अनुबंध मिलने में बाधा है। सामाजिक समारोह में विवाद हो सकता है।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
धन मिल सकता है। प्रेम संबंध मधुर हो सकते हैं। कृषि-व्यापार में लाभ हो सकता है।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
पदोन्नति की संभावना है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी कर सकते हैं।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
व्यापार में सहयोगियों पर ध्यान दें। पदोन्नति में अभी देर है। सेहत पर ध्यान दें।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

एशियाई युवा मुक्केबाजी

भारतीय महिलाओं ने जीते 5 स्वर्ण पदक, पुरुषों को मिले 2 रजत

उलानबटोर (मंगोलिया), 17 नवंबर (भाषा)

फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की पांचों महिला मुक्केबाजों ने रविवार को यहां एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता जबकि पुरुषों ने 2 रजत पदक हासिल किए।

नाओरेम चानू (51 किग्रा), विंका (64 किग्रा), सनामाचा चानू (75 किग्रा), पूनम (54 किग्रा) और सुषमा (81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष वर्ग में सेलाय साय (49 किग्रा) और अंकित नरवाल (60 किग्रा) को फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने प्रतियोगिता में कुल 12 पदक जीते। अरुणधति चौधरी (69 किग्रा), कोमलप्रीत कौर (81 किग्रा से अधिक), जास्मिन (57 किग्रा), सतेंदर सिंह (91 किग्रा) और अमन (91 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीते। भारत के लिए दिन की शुरुआत सेलाय ने की जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के बाजरबे उलु मुखामेदसेफी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। नरवाल भी इसके बाद जापान के रेइतो सुतसुमे से हार गए। पूनम ने चीन की वेइकी काइ को हराकर भारत के स्वर्ण पदकों का खाता खोला जबकि सुषमा ने कजाखस्तान की बाकितझानकिजी को हराकर सोने का तमगा अपने नाम किया। नाओरेम चानू ने फाइनल में कजाखस्तान की अनेल बर्किया को हराया। विंका ने चीन की हेनी नुआताइली को हराकर चौथा स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाला जबकि सनामाचा चानू ने उज्बेकिस्तान की नवबखोर खामिदोवा को हराकर देश के लिए पांचवां स्वर्ण पदक जीता।

कबड्डी में हिमाचल सचिवालय ने गोवा को हराया

शिमला, 17 नवंबर (निस)

राजकीय महाविद्यालय, चौड़ा मैदान शिमला में आयोजित की जा रही 43वीं अखिल भारतीय सिविल सेवाएं कबड्डी प्रतियोगिता में आज पुरुष वर्ग में हिमाचल सचिवालय की टीम ने गोवा को पराजित किया। इसके अलावा हरियाणा और महाराष्ट्र ने अपने दोनों मैच जीते। छत्तीसगढ़ ने पुडुचेरी से मैच जीता मगर केन्द्रीय सिविल सचिवालय से छत्तीसगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त केरल, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आरएसबी मुम्बई, आरएसबी बेंगलुरू, आरएसबी चेन्नई तथा आरएसबी अहमदाबाद की टीमें भी विजयी रहीं। सोमवार को महिला वर्ग कबड्डी होगी।

मदवि, रोहतक को हराकर हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी बनी कबड्डी चैंपियन

गोहाना, 17 नवंबर (निस)

गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में 14 नवंबर से चल रही नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला ने जीत ली। फाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला की टीम ने रोहतक की महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) की टीम को 2 अंक से पराजित करके ट्राफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता के समापन पर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि पहुंचे जिन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का हौसला बढ़ाया। महिला विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. सुमन दलाल ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश दिल्ली व हरियाणा से 30 टीमों ने भाग लिया। विजेता एवं उप विजेता टीमों को महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर संयोजक डॉ. योगेश ठाकुर, कुलसचिव डॉ. किरण कम्बोज, खेल प्रभारी डॉ. संजीत मलिक, सह निदेशक डॉ. हिमांशु परमार, डॉ. मुकेश, संजय राठी और मनोज मलिक भी मौजूद थे।

33वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता आज से

कुरुक्षेत्र, 17 नवंबर (हप्र)

33वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता न्यू जिम्नेजियम हाल, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 18 से 22 नवम्बर तक हरियाणा डाक परिमण्डल के तत्वावधान में होगी। प्रतियोगिता में पंजाब, गुजरात, उड़ीसा, राजस्थान, दिल्ली, उतर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं मेजबान हरियाणा के डाक परिमंडलों की टीमें शामिल होंगीं। इनमें कर्मपाल (हरियाणा), अशोक कुमार (राजस्थान) तथा अमलेश सिंह यादव (उतर प्रदेश) जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी होंगे। प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन व फ्री स्टाइल के 10 विभिन्न वजन श्रेणी के मुकाबले होंगे। गत् वर्ष ग्रीको रोमन व फ्री स्टाइल वर्ग में हरियाणा डाक परिमण्डल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस वर्ष हरियाणा की टीम में जगदीश, संदीप, कुलदीप, कर्मपाल, मंजीत, जितेन्द्र अंतिल, कालूदास, प्रतीक, सुनील, प्रदीप, श्रवण, संदीप एवं कृष्ण शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन 18 नवंबर को मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार, हरियाणा उमा शंकर पांडे करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 22 नवंबर को होगा। थानेसर के विधायक सुभाष सुधा विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

हरमीत ने जीता इंडोनेशिया ओपन टेबल टेनिस

मुंबई, 17 नवंबर (भाषा)

भारत के हरमीत देसाई ने रविवार को इंडोनेशिया के बेटेम में हमवतन एंथोनी अमलराज को हराकर आईटीटीएफ चैलेंजर इंडोनेशिया ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। ऑल इंडियन फाइनल में दुनिया के 104वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने कड़े फाइनल मुकाबले में अमलराज को 11-9, 9-11, 11-9, 11-9, 10-12, 11-9 से हराकर खिताब जीता। हरमीत का 2019 में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब है। हरमीत और अमलराज ने इससे पहले पुरुष युगल के भी सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती

61 किलोग्राम वर्ग में सीडीएलयू, सिरसा के अनिल ने जीता गोल्ड

हिसार, 17 नवंबर (निस)

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय कुश्ती फ्री स्टाइल एंड ग्रीको रोमन पुरुष चैम्पियनशिप के तीसरे दिन फ्री स्टाइल कुश्ती में 61 किलोग्राम भारवर्ग में सीडीएलयू, सिरसा के अनिल कुमार ने गोल्ड, जबकि पीएएच विश्वविद्यालय, शोलापुर के अटकले बजरंग ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खेल निदेशक डॉ. एसबी लुथरा व प्रभारी जगबीर बूरा ने बताया कि फ्री स्टाइल एंड ग्रीको रोमन पुरुष चैम्पियनशिप में 61 किलोग्राम भारवर्ग में डॉ. बीएसएएम विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के कोकटे सूरज तथा सीआरएसयू, जींद के अंकित सिहाग ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

फ्री स्टाइल के 70 किलोग्राम भारवर्ग में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के विकास ने स्वर्ण पदक तथा महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के विशाल ने रजत पदक हासिल किया। ओपीजेएस, चुरू के सिकन्द्र बूरा तथा डॉ. बीएसएएम विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के शुबम थोरट ने कांस्य पदक हासिल किया।

फ्री स्टाइल कुश्ती में 74 किलोग्राम भारवर्ग में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रवीण ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वीबीएसपी जोनपुर के मुकुल मिश्रा ने रजत तथा पीएएचएस विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के किशोर सपनिल व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रतीक ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

विश्वकप निशानेबाज़ी फाइनल्स कल से

अपनी सबसे बड़ी टीम के साथ उतरेगा भारत

पुतियान (चीन), 17 नवंबर (भाषा)

अब तक की अपनी सबसे बड़ी टीम के साथ पहुंचा भारत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ के सत्रांत विश्व कप फाइनल्स में प्रत्येक 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में निशानेबाज उतारेगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से विभिन्न वर्गों में सत्र के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज का फैसला होगा। भारत ने 19 स्पर्धाओं के लिए 14 सदस्यीय टीम उतारी है। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों की इस वार्षिक शीर्ष प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाजों को अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है। इस टूर्नामेंट में प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष रैंकिंग वाले निशानेबाजों को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। मंगलवार को 10 स्पर्धाओं के फाइनल होंगे।

टूर्नामेंट से पहले भारत के राष्ट्रीय कोच जसपाल राणा ने कहा, 'टीम के सभी सदस्य फिट और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।' मंगलवार को सबसे पहले पदक के लिए दावेदारी पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में संजीव राजपूत और अखिल श्योराण पेश करेंगे जबकि इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में अंजुम मोदगिल चुनौती देंगी। महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत की 4 निशानेबाज रेंज पर उतरेंगी। भारत ने अपने 10 ओलंपिक कोटा में से पहले दो इसी स्पर्धा में पिछले साल दक्षिण कोरिया के चांगवोन में विश्व चैंपियनशिप के दौरान हासिल किए। विश्वकप फाइनल्स में पदार्पण कर रहीं मेहुल घोष भी इस टूर्नामेंट को लेकर रोमांचित हैं। वह महिला 10 मीटर एयर राइफल में चुनौती पेश करेंगी जिसमें इलावेनिल वलारिवान भी उतरेंगी। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में क्वालीफाई करने वाले निशानेबाजों को मिश्रित टीम एयर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में भी हिस्सा लेने की स्वीकृति होगी जबकि प्रेजिडेंट्स ट्राफी के लिए चुनौती पेश करने का मौका भी मिलेगा।

रोहतक ने जींद को हराकर जीता सीनियर हॉकी खिताब

भिवानी, 17 नवंबर (हप्र)

भीम स्टेडियम में 36वीं हरियाणा राज्य सीनियर हॉकी प्रतियोगिता में रोहतक ने जींद को कड़े मुकाबले में 2-1 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। रोहतक की ओर से ओलंपियन प्रदीप मोर का खेल सराहनीय रहा। 58वें मिनट में जींद ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में रोहतक की टीम को पेनल्टी कार्नर मिला जिसको अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रभजोत ने गोल पोस्ट में डालकर जीत पक्की की। सोनीपत की टीम तीसरे स्थान पर रही और दादरी की टीम चौथे स्थान पर रही।

राष्ट्रीय शाटगन निशानेबाजी

महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले दिन शगुन शीर्ष पर

जूनियर महिला ट्रैप में हरियाणा की शूटर दूसरे स्थान पर पहुंची

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (भाषा)

शगुन चौधरी ने रविवार को 63वीं राष्ट्रीय शाटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिला ट्रैप स्पर्धा के क्वालीफायर के पहले तीन दौर के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

ओएनजीसी की अनुभवी शूटर शगुन ने पंजाब की शूटर राजेश्वरी कुमारी के समान 71 अंक जुटाए लेकिन दो दौर में परफेक्ट 25 अंक के साथ वह डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शीर्ष पर चल रही हैं। सोमवार को बाकी बचे दो क्वालीफाइंग राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है। बिहार की श्रेयसी सिंह 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं। भारत की विश्व कप पद विजेता सीमा तोमर 67 अंक के साथ शीर्ष छह में शामिल हो चुकी हैं। गत् चैंपियन वर्षा वर्मन 52 निशानेबाजों के बीच 57 अंक जुटाकर काफी पीछे हैं। जूनियर महिला ट्रैप में मध्यप्रदेश की शेफाली रजक 65 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। हरियाणा की सुहन्या सिंह 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कल सीनियर और जूनियर महिला ट्रैप फाइनल होंगे।

epaper.dainiktribuneonline.com

शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच खोले मंदिर के कपाट

सबरीमाला मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

सबरीमाला में रविवार को मलयाली महीने के पहले दिन अयप्पा मंदिर में माथा टेकने के लिए लगी भक्तों की भीड़। -पेट्र

सबरीमाला (केरल), 17 नवंबर (एजेंसी)

केरल में सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा के मंदिर में दर्शन के लिए रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दो महीने तक चलने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा 'मंडल-मकरविलक्कू' का आज दूसरा दिन है। पुजारी द्वारा पूजा किए जाने के बाद हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर के कपाट खोल दिए गए और पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

वहीं, पहले ही दिन पुलिस ने प्रतिबंधित आयु वर्ग की 10 महिलाओं को रास्ते से ही वापस भेज दिया। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को प्रवेश और अन्य धर्म से जुड़े मामलों को वृहद पीठ को भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि सबरीमाला मंदिर पेरियार बाघ संरक्षण क्षेत्र में है और इसके कपाट श्रद्धालुओं के लिए केवल मंडलपूजा, मकरविलक्कू और विशू उत्सव के लिए खोले जाते हैं।

सुप्रीमकोर्ट के फैसले पर लगी है रोक : केरल के विधि मंत्री

तिरूवनंतपुरम (एजेंसी) : केरल के विधि मंत्री एके बालन ने रविवार को कहा कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर सुप्रीमकोर्ट के 28 सितंबर के आदेश पर दरअसल रोक लगी हुई है और राज्य सरकार केवल अदालत के निर्णय के आधार पर ही कदम उठा सकती है। बालन ने संवाददाताओं से कहा कि इस मामले में संवैधानिक सरकार अदालत के आदेश के मुताबिक ही काम कर सकती है। सवाल है कि 14 नवंबर के फैसले में पूर्व के आदेश पर रोक लगायी गयी या नहीं। विधिसम्मत दावे के मुताबिक रोक नहीं है लेकिन वास्तव में वहां रोक लगी है।

बदरीनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

देहरादून (एजेंसी) : उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को शीतकाल के लिये श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु बंद कर दिये गये। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट शाम पांच बजकर तेरह मिनट पर बंद कर दिये गये। उल्लेखनीय है कि शीतकाल में बर्फबारी और भीषण ठंड के कारण बदरीनाथ सहित सभी चारों धामों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये बंद कर दिये जाते हैं तो अगले साल अप्रैल मई में दोबारा खोल दिये जाते हैं। अन्य तीनों धामों, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट पहले ही शीतकाल के लिए बंद किए जा चुके हैं।

तिरुपति में रविवार को वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्नी रुपांजलि के साथ बाहर आते पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई। -पेट्र

सीजेआई रंजन गोगोई सेवानिवृत्त

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

पूर्वोत्तर से सर्वोच्च न्यायिक पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें दशकों से चले आ रहे राजनीतिक और धार्मिक रूप से संवेदनशील अयोध्या भूमि विवाद के पटाक्षेप का श्रेय जाता है। जस्टिस गोगोई का कार्यकाल कुछ विवादों और व्यक्तिगत आरोपों से अछूता नहीं रहा लेकिन यह कभी भी उनके न्यायिक कार्य में आड़े नहीं आया। उनकी अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय पीठ ने 9 नवंबर को अयोध्या भूमि विवाद में फैसला सुनाकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। शीर्ष अदालत में उनके कार्यकाल को हालांकि इसलिये भी याद रखा जाएगा कि वह न्यायालय के उन 4 सबसे वरिष्ठ जजों में शामिल थे जिन्होंने पिछले साल जनवरी में तत्कालीन चीफ जस्टिस के काम करने के तरीकों पर सवाल उठाए थे। जस्टिस गोगोई ने बाद में एक कार्यक्रम में टिप्पणी की थी कि 'स्वतंत्र न्यायाधीश और आवाज उठाने वाले पत्रकार लोकतंत्र की सुरक्षा की पहली पंक्ति हैं।'

वेंकटेश्वर मंदिर में टेका माथा

तिरुपति (आंध्रप्रदेश) (एजेंसी) : चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने रविवार को यहां तिरुमाला के पास भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के एक अधिकारी ने बताया कि गोगोई और उनकी पत्नी रूपांजलि गोगोई ने यहां अल सुबह मशहूर पर्वतीय मंदिर में पूजा की। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की देखरेख वाले मंदिर में पूजा करने के बाद वह दिल्ली के लिये रवाना हो गये। उन्होंने शनिवार को यहां तिरुचनूर के पास स्थित देवी श्री पद्मावती के मंदिर में भी दर्शन किये।

नये सीजेआई आज लेंगे शपथ

अयोध्या, निजता के अधिकार सहित अहम फैसलों में शामिल रहे जस्टिस बोबडे

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

जस्टिस शरद अरविंद बोबडे सोमवार को देश के 47वें चीफ जस्टिस (सीजेआई) पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसलों में अहम भूमिका निभाई और हाल ही में अयोध्या के विवादित स्थल पर राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ करने के फैसले में भी वह शामिल रहे हैं। 63 वर्षीय जस्टिस बोबडे मौजूदा चीफ जस्टिस रंजन गोगोई का स्थान लेंगे। माना जा रहा है कि हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति या उनके नाम को खारिज करने संबंधी कोलेजियम के फैसलों का खुलासा करने के मामले में वह पारंपरिक दृष्टिकोण अपनाएंगे।

नामित चीफ जस्टिस बोबडे ने कहा कि लोगों की प्रतिष्ठा को केवल नागरिकों की जानने की इच्छा पूरी करने के लिए बलिदान नहीं किया जा सकता। देश की अदालतों में जजों के खाली पड़े पदों और न्यायिक आधारभूत संरचना की कमी के सवाल पर जस्टिस बोबडे ने अपने पूर्ववर्ती सीजेआई गोगोई की ओर से शुरू किए गए कार्यों को तार्किक मुकाम पर पहुंचाने की इच्छा जताई। जस्टिस गोगोई ने अदालतों में भर्तियों और आधारभूत संरचनाओं की कमी पर संज्ञान लिया और सभी राज्यों तथा संबंधित हाईकोर्ट को जरूरी कदम उठाने के निर्देश देने के साथ खुद निगरानी भी की थी।

अयोध्या राम जन्मभूमि विवाद पर फैसला देकर 1950 से चल रहे विवाद का पटाक्षेप करने वाली 5 जजों की पीठ में जस्टिस बोबडे भी थे। अगस्त 2017 में तत्कालीन सीजेआई जेएस खेहर की अध्यक्षता में 9 जजों की पीठ ने एकमत से, निजता के अधिकार को भारत में संवैधानिक रूप से संरक्षित मूल अधिकार होने का फैसला दिया था। इस पीठ में भी जस्टिस बोबडे शामिल थे।

जस्टिस बोबडे 17 महीने तक सुप्रीमकोर्ट के चीफ जस्टिस पद पर रहेंगे और 23 अप्रैल 2021 को सेवानिवृत्त होंगे। उनका जन्म 24 अप्रैल, 1956 में महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ। उन्होंने नागपुर विवि से कला एवं कानून में स्नातक की उपाधि हासिल की। बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ में 21 साल तक अपनी सेवाएं देने वाले जस्टिस बोबडे 1998 में वरिष्ठ अधिवक्ता बने। उन्होंने 29 मार्च 2000 में बंबई हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के रूप में शपथ ली।

झड़प में अधिकारी को लगा तीर

हांगकांग प्रदर्शनकारियों ने लिया 'अर्थव्यवस्था खराब' करने का संकल्प

हांगकांग, 17 नवंबर (एजेंसी)

हांगकांग के एक प्रदर्शनकारी ने रविवार को एक पुलिस अधिकारी के पैर में तीर मार दिया। शहर पुलिस ने बताया कि लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों का केंद्र एक विश्वविद्यालय है जहां सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई। एक बयान के अनुसार तस्वीरों में दिखा कि तीर पुलिस अधिकारी के पैर में लगा जो बल की मीडिया टीम के साथ हांगकांग पॉलीटेक्निक यूनिवर्सिटी में काम कर रहे थे। इसी विश्वविद्यालय में जोरदार प्रदर्शन जारी है। बयान में कहा गया है कि अधिकारी को अस्पताल ले जाया गया।

कोवलून के हंग होम इलाके में परिसर में जमे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ने पानी की बौछारें और आंसू गैस के गोले छोड़ने वाली मशीनें तैनात कर रखी हैं। पास की क्रॉस हार्बर सुरंग पर कब्जा बनाए रखने के लिए प्रदर्शनकारी लड़ाई लड़ रहे हैं। यह सुरंग मंगलवार से ही जाम है। प्रदर्शनकारियों ने संकल्प लिया कि वे 'अर्थव्यवस्था को खराब' करेंगे क्योंकि महानगर महीनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शन का सामना कर रहा है।

वैश्विक आर्थिक केंद्र में जून महीने से ही प्रदर्शन जारी है जहां 75 लाख लोग चीनी शासन के अंदर खत्म हो रही स्वतंत्रता के खिलाफ गुस्से का इजहार कर रहे हैं।

प्रदूषण केंद्र ने हरियाणा-पंजाब समेत 4 राज्यों के बुलाये मुख्य सचिव

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय दिल्ली और आसपास के इलाके में प्रदूषण के उच्च स्तर पर चर्चा करने के लिए उत्तरी राज्यों के शीर्ष अधिकारियों के साथ सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक करेगा। पर्यावरण सचिव सीके मिश्रा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और इसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शामिल होंगे। आधिकारिक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, ऊर्जा और कृषि मंत्रालय के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के एजेंडे में वायु प्रदूषण कम करने के तरीकों के अलावा निगरानी के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। उन उपायों पर भी विचार होगा जो फिलहाल किए जा रहे हैं। सर्दियों में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए इन महीनों में प्रदूषण को कम करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं इस पर भी चर्चा होगी।

नयी दिल्ली में रविवार को प्रदूषण एवं ऑड-ईवन के विरोध में आप सरकार के खिलाफ जंतर मंतर पर कार्यकर्ताओं के साथ धरना देते भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल। -ट्रिब्यून फोटो

वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में

दिल्ली के लोगों को रविवार को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली और वायु गुणवत्ता सुधार के साथ 'गंभीर' श्रेणी से 'खराब' श्रेणी में पहुंच गयी। सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 254 दर्ज किया गया जबकि इसी समय शनिवार को यह 412 था।

जनसंख्या नियंत्रण कानून आते ही ले लूंगा संन्यास : गिरिराज

कटिहार (बिहार), 17 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह का कहना है कि जिस दिन देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो गया, वह उसी दिन संन्यास ले लेंगे। गिरिराज ने कहा कि हमें कोई मुख्यमंत्री नहीं बनना है। मेरे जैसा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद के काबिल भी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही बिहार में चेहरा होंगे। गिरिराज ने कहा कि हम तो अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 खत्म करने को लेकर राजनीति में आये थे। यह इच्छा भी पूरी हो गई है। जनसंख्या नियंत्रण कानून की इच्छा पूरी होने के बाद राजनीति में रहने से क्या फायदा।

विशिष्ट विंटर ग्रेड डीजल की शुरुआत

अनुच्छेद 370 खत्म करना लद्दाख के लिए सही कदम : शाह

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार नवगठित केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है और अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करना इस दिशा में सही कदम है।

गृह मंत्री ने कहा कि लद्दाख के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाने वाली नई जल विद्युत और सौर ऊर्जा परियोजना से 7500 मेगावाट बिजली पैदा होगी और यह अगले 4 वर्षों में पूरा होगा।

शाह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए विशिष्ट विंटर ग्रेड डीजल की शुरुआत की जहां ठंड के मौसम में तापमान शून्य से नीचे चला जाता है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजग सरकार लेह-लद्दाख क्षेत्र को देश के अन्य हिस्से के बराबर लाने के लिए प्रतिबद्ध है जो पिछले 70 वर्षों से उपेक्षित है।' गृह मंत्री ने कहा कि जब अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की गई तो प्रधानमंत्री ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का तेजी से विकास करने के लिए यह सही कदम है।

विस्थापितों के साथ घाटी के पंडितों को भी दाखिले में छूट

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए कश्मीरी विस्थापितों के बच्चों को जो छूट दी जाती है, वह रियायत घाटी में रह रहे कश्मीरी पंडितों को मौजूदा आरक्षण के भीतर ही दी जाएगी। मंत्रालय ने पिछले महीने निर्णय किया था कि कश्मीरी विस्थापितों को जो छूट उपलब्ध है, उसे घाटी में रह रहे कश्मीरी पंडित परिवारों को भी दिया जाएगा। यह छूट देश के अन्य हिस्सों में उच्च शिक्षण संस्थानों में 2020-21 के शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाले दाखिलों में लागू होगी।

अधिसूचना जारी होने के बाद मंत्रालय से शिक्षण संस्थानों पूछा था कि क्या यह 5 फीसदी आरक्षण मौजूदा आरक्षण में से ही है या उससे अलग है।

सर्दी के चलते होटल से 34 राजनीतिक बंदियों को विधायक आवास भेजा

श्रीनगर, 17 नवंबर (एजेंसी)

श्रीनगर में सर्दियां बढ़ने के बीच जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पांच अगस्त से सेंटूर होटल में बंद 34 राजनीतिक बंदियों को रविवार को विधायक अतिथिगृह भेजने का फैसला किया है क्योंकि होटल में पर्याप्त बंदोबस्त नहीं हैं।

अधिकारियों ने कहा कि सर्दी की वजह से नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी और पीपुल्स कान्फ्रेंस नेताओं और जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा उनकी सुरक्षा में लगे जवानों की सेहत पर असर पड़ रहा है। डल झील के किनारे स्थित होटल में पांच अगस्त को इन नेताओं को रखा गया था। श्रीनगर समेत कश्मीर घाटी में सर्द हवाएं चल रही हैं। इस महीने की शुरूआत में मौसम की पहली बर्फबारी हुई। नवनिर्मित केंद्रशासित प्रदेश का प्रशासन शीतकाल के लिए श्रीनगर से जम्मू स्थानांतरित हो गया है।

इन राजनीतिक बंदियों में पीपुल्स कान्फ्रेंस के सज्जाद लोन, नेशनल कान्फ्रेंस के अली मोहम्मद सागर, पीडीपी के नईम अख्तर और पूर्व आईएएस अधिकारी शाह फैसल शामिल हैं।

केटी पेरी, लिपा का शानदार प्रदर्शन

नवी मुंबई, 17 नवंबर (एजेंसी)

अंतरराष्ट्रीय पॉप सेंसेशन केटी पेरी और दुआ लिपा ने वन प्लस संगीत समारोह में धमाकेदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया।

पेरी ने 'वन दैट गॉट अवे', 'रोर', 'कैलिफोर्निया गर्ल्स', 'फायरवर्क', 'सुपरनैचुरल', 'आई किस्ड अ गर्ल' और 'लास्ट फ्राइडे नाइट' जैसे अपने मशहूर गानों पर प्रस्तुति दी। समारोह शनिवार शाम को डीवाई पाटिल स्टेडियम में हुआ। पेरी ने हाल ही में रिलीज हुए अपने गाने 'हालेंज इन हवाई' गाने पर प्रस्तुति दी।

निर्भया मामला दूसरे जज को भेजने की मांग स्वीकार

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

दिल्ली की अदालत ने गैंगरेप की शिकार निर्भया का केस अन्य जज को ट्रांसफर करने की मांग स्वीकार कर ली है। निर्भया के माता-पिता ने यह मांग करते हुए कहा था कि सुनवाई कर रहे 2 जजों के स्थानांतरण के कारण मामला लगातार स्थगित हो रहा है। उन्होंने अदालत से यह भी मांग की है कि वह तिहाड़ जेल प्रशासन को दोषियों की फांसी की सजा पर अमल का निर्देश दे।

गरीबी दूर होगी, सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करने में होगी सक्षम

भारत तेजी से कर सकता है 'आर्थिक वृद्धि' हासिल : बिल गेट्स

नयी दिल्ली, 17 नवंबर (एजेंसी)

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कहा है कि भारत में अगले दशक में 'काफी तेज गति' से 'आर्थिक वृद्धि' हासिल करने की क्षमता है। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति गेट्स ने देश की 'आधार' से पहचान सुनिश्चित करने की प्रणाली की तारीफ की। साथ ही उन्होंने वित्तीय सेवा क्षेत्र और दवा क्षेत्र में देश के प्रदर्शन की सराहना की। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत के बारे में गेट्स ने इस तरह की बातें ऐसे समय की हैं जब देश भारी आर्थिक नरमी के दौर से गुजर रहा है। कुछ विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि इस स्थिति के लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। गेट्स ने कहा, 'निकट भविष्य के बारे में तो मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि अगले एक दशक में काफी तेज वृद्धि की संभावनायें हैं। इससे काफी लोग गरीबी से बाहर निकलेंगे और सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर निवेश करने में सक्षम होगी।' बिल गेट्स (64) शुक्रवार को एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उनकी कुल नेटवर्थ पूंजी 110 अरब डॉलर हो गई।

पटना में रविवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार और माइक्रोसॉफ्ट के सहसंस्थापक बिल गेट्स। -पेट्र

नीतीश से की मुलाकात

पटना : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह अध्यक्ष और ट्रस्टी बिल गेट्स ने रविवार को मुलाकात की और कहा कि बिहार के मुकाबले बहुत ही कम जगहें ऐसी हैं जिन्होंने गरीबी और बीमारी के खिलाफ अधिक प्रगति की है। उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे की मौजूदगी में बिल गेट्स से मुलाकात के दौरान नीतीश ने कहा, 'हम, लोक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, सामुदायिक स्तर पर जन-व्यवहार परिवर्तन, स्वास्थ्य, पोषण एवं कृषि जैसे क्षेत्रों में अभिनव प्रयास को बढ़ाने में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सहभागिता से बहुत खुश हैं।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।
epaper.dainiktribuneonline.com